VPL
वर्ष 11 अंक 49
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शुक्रवार
28 नवंबर 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर
nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in



DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ने सशस्त्र बल को भविष्योन्मुखी.. | 06 चिट्ठी आई है !- ऋषभदेव शर्मा | 11 दीप्ति तीन करोड़ 20 लाख रूपये में यूपी वारियर्स में लौटी, एमेलिया...









SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121

## मोदी ने स्काईरूट के रॉकेट का अनावरण किया, नयी प्रौद्योगिकी तैयार करने के लिए 'जेन जेड' की सराहना की

हैदराबाद, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष स्टार्टअप 'स्काईरूट' के पहले 'ऑर्बिटल रॉकेट' का अनावरण किया और नयी प्रौद्योगिकियां तैयार करने के लिए 'जेन जेड' पेशेवरों की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हैदराबाद में 'स्काईरूट इन्फिनिटी कैंपस' का उद्घाटन किया। कंपनी का 'आर्बिटल रॉकेट विक्रम-1' उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर सकेगा।उन्होंने कहा कि 'जेन जेड' इंजीनियर, डिजाइनर, कोडर और वैज्ञानिक नयी प्रौद्योगिकियां तैयार कर रहे हैं।

'जेन जेड' पीढ़ी का तात्पर्य उन लोगों से है जिनका जन्म 1997 और 2012 के बीच हुआ। अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने सरकार के 'ऐतिहासिक' अंतरिक्ष सुधारों को रेखांकित किया और कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के परिणामस्वरूप स्काईरूट और अन्य इकाइयां इस तरह के नवाचारों के साथ सामने आई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र तेज़ी से उभर रहा है। उन्होंने कहा कि 300 से ज़्यादा अंतरिक्ष स्टार्टअप इस क्षेत्र को नयी उम्मीदें दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इन्फिनिटी कैंपस भारत की नयी सोच, नवाचार और विशाल युवा शक्ति का प्रतिबिंब है। युवाओं का नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता और उद्यमिता नयी ऊंचाइयों को छू रही है।''



मोदी ने कहा, ''भारत की निजी अंतरिक्ष प्रतिभा दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रही है। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन रहा है। दुनिया में छोटे उपग्रहों की मांग तेज़ी से बढ़ रही है।'' उन्होंने कहा कि साइकिल पर रॉकेट के पुर्जे ढोने से लेकर दुनिया के सबसे विश्वसनीय प्रक्षेपण यान विकसित करने तक, भारत ने साबित कर दिया है कि सपनों की ऊंचाई संसाधनों से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प से तय होती है। उन्होंने बदलते समय के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र का विस्तार स्पष्ट है, क्योंकि यह संचार, कृषि, समुद्री निगरानी, शहरी योजना, मौसम पूर्वानुमान और राष्ट्रीय सुरक्षा का आधार बन गया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किये गए, सरकार ने इसे निजी नवाचार के लिए खोल दिया और एक नयी अंतरिक्ष नीति तैयार की तथा स्टार्टअप उद्यमों और उद्योगों को नवाचार से जोड़ने के प्रयास किये गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने की भी योजनाएं हैं। स्काईरूट इन्फिनिटी कैम्पस एक अत्याधुनिक केंद्र है, जिसमें लगभग 2,00,000 वर्ग फुट का कार्यक्षेत्र है और बहु-प्रक्षेपण यान के डिजाइन, विकास, एकीकरण और परीक्षण के लिए हर महीने एक आर्बिटल रॉकेट बनाने में सक्षम है। स्काईरूट भारत की अग्रणी निजी अंतरिक्ष कंपनी है, जिसकी स्थापना पवन चंदना और भरत ढाका ने की है, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के पूर्व-छात्र, इसरो के पूर्व वैज्ञानिक और अब उद्यमी हैं।

नवंबर 2022 में, स्काईरूट ने अपना सब-ऑर्बिटल रॉकेट, विक्रम-एस का प्रक्षेपण किया, जिससे वह अंतरिक्ष में रॉकेट लॉन्च करने वाली पहली भारतीय निजी कंपनी बन गई।

अपने संबोधन में, मोदी ने इस बात का जिक्र किया कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा सीमित संसाधनों के साथ शुरू हुई थी, लेकिन देश की महत्वाकांक्षाएं कभी सीमित नहीं रहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''इसरो ने दशकों से भारत की अंतरिक्ष यात्रा को नये पंख दिए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्वसनीयता, क्षमता और मूल्य (वैल्यू) ने इस क्षेत्र में भारत की विशिष्ट पहचान स्थापित की है।'' उन्होंने कहा कि केवल पिछले छह से सात वर्षों में, भारत ने अपने अंतरिक्ष क्षेत्र को एक खुले, सहकारी और नवाचार-संचालित 'इको-सिस्टम' में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हैं और हर अवसर का सर्वोत्तम इस्तेमाल करते हैं।

मोदी ने कहा कि जब सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को खोला, तो देश के युवा, विशेषकर 'जेन-जेड' पीढ़ी, इसका पूरा लाभ उठाने के लिए आगे आए। उन्होंने कहा, ''आज 300 से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप भारत के अंतरिक्ष भविष्य को नयी उम्मीदें दे रहे हैं। इनमें से अधिकतर स्टार्टअप छोटी-छोटी टीम, कभी दो लोग, कभी पांच लोग, कभी किराये के एक छोटे से कमरे में सीमित संसाधनों के साथ, लेकिन नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के दृढ़ संकल्प के साथ शुरू हुए थे।'' उन्होंने कहा कि इसी भावना ने भारत में निजी अंतरिक्ष क्रांति को जन्म दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास अंतरिक्ष क्षेत्र की ऐसी क्षमताएं हैं जो दुनिया में कुछ ही देशों के पास हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसकी अंतरिक्ष क्षमता किफायती और विश्वसनीय, दोनों है और यही वजह है कि दुनिया को देश (भारत) से काफी उम्मीदें हैं।

## अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास घात लगाकर किए गए हमले में नेशनल गार्ड के दो सैनिकों को गोली मारी गयी



**वाशिंगटन**, (एपी) अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में तैनात वेस्ट वर्जीनिया नेशनल गार्ड के दो सदस्यों को बुधवार को राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस से महज कुछ दूरी पर गोली मार दी गयी।

वाशिंगटन की मेयर मयूरियल बाउजर ने इसे एक सुनियोजित हमला बताया है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल और बाउजर ने कहा कि नेशनल गार्ड के दोनों सदस्यों की हालत गंभीर है, उनका उपचार किया जा रहा है।

'थैंक्सगिविंग' से पहले नेशनल गार्ड के सैनिकों पर गोलीबारी की यह असाधारण घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका की राजधानी और अन्य शहरों में उसकी मौजूदगी महीनों से विवाद का मुद्दा बनी हुई है, जिससे अदालत में कानूनी लड़ाई और सार्वजनिक नीति पर व्यापक बहस छिड़ गई है। यह विवाद बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा सेना का इस्तेमाल किए जाने से जुड़ा है।

एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि पुलिस हिरासत में लिए गए एक संदिग्ध को भी गोली लगी है लेकिन ऐसा बताया गया है कि उसकी चोट जानलेवा नहीं हैं। अधिकारियों ने बताया कि 29 वर्षीय संदिग्ध अफगान नागरिक है जो 2021 में 'ऑपरेशन अलाइज वेलकम' के तहत अमेरिका पहुंचा था।

## बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल की सजा

**ढाका**, (भाषा) बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को एक सरकारी आवास परियोजना के लिए भूमि आवंटन में अनियमितताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में बृहस्पतिवार को 21 साल की जेल की सजा सुनाई।

ढाका विशेष न्यायाधीश न्यायालय-5 के न्यायाधीश मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने हसीना (78) को पूर्वाचल स्थित राजुक न्यू टाउन परियोजना में भ्रष्टाचार के तीन मामलों में सात-सात साल की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने कहा कि हसीना को ये सजाएं एक के बाद एक काटनी होंगी और कुल सजा 21 साल की होगी। न्यायाधीश ने हसीना पर प्रत्येक मामले में एक लाख टका का जुर्माना भी लगाया और राशि जमा न करने पर 18 महीने अतिरिक्त जेल में रहने की सजा सुनाई।



न्यायाधीश मामून ने हसीना के बेटे साजिब वाजेद जॉय और बेटी साइमा वाजेद पुतुल को भी राजधानी के पास स्थित आवासीय परियोजना में उनके खिलाफ दर्ज मामलों में पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई। जॉय और पुतुल पर एक-एक लाख टका का जुर्माना लगाया गया और इसका भुगतान न करने पर एक महीने अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई गई।

न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा, '' भूखंड शेख हसीना को बिना किसी आवेदन के और गैरकानूनी तरीके से आवंटित किया गया था।''

दस दिन पहले एक विशेष न्यायाधिकरण ने पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर हसीना सरकार की क्रूर कार्रवाई को लेकर 'मानवता के विरुद्ध अपराध' के लिए पूर्व प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी।

हसीना ने आरोपों को पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित बताया था। हसीना पिछले साल हुए विरोध प्रदर्शनों के चलते अपनी पार्टी की सरकार गिरने के बाद अगस्त में भारत चली गई थीं। इससे पहले एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया था। बृहस्पतिवार के आदेश से पहले अधिकारियों ने पुराने ढाका में स्थित अदालत परिसर में और उसके आसपास कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए थे।

हसीना परिवार के अलावा, पूर्व आवास राज्य मंत्री शरीफ अहमद तथा आवास मंत्रालय और राजधानी उन्नयन कर्त्रीपक्का के अधिकारियों सहित कुल 20 अन्य लोगों के खिलाफ भी मुकदमा चलाया गया। इनमें से एक को छोड़कर सभी को विभिन्न अवधि के कारावास की सजा सुनाई गई। इस मामले में मंत्रालय के एक कनिष्ठ अधिकारी को बरी किया गया। केवल एक आरोपी ने अदालत में व्यक्तिगत रूप से मुकदमे का सामना किया और उसे तीन वर्ष की सजा सुनाई गई।

### न्यूज ब्रीफ

## बिहार में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए मजबूती से काम करेगी राजग सरकार: शाह

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में नवगठित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राज्य में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए और अधिक मजबूती से काम करेगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में राजग सरकार के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में शाह से मुलाकात की, जिसके बाद शाह ने यह टिप्पणी की। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, ''बिहार की जनता ने राजग को भारी बहुमत दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में, सरकार सुशासन सुनिश्चित करने और विकसित बिहार के 'विजन' को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक मजबूती से काम करेगी।'' पिछली कैबिनेट में उपमुख्यमंत्री रहे चौधरी को इस बार भी उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।

## वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद मुख्यमंत्री बदलने का मुद्दा सुलझा लेंगे, भ्रम खत्म कर देंगे : खरगे

**बेंगलुरु**, (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कर्नाटक में चल रहे नेतृत्व के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली में राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार समेत वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक बुलाएंगे।



खरगे ने बताया कि इस बैठक में नेता इस मुद्दे को सुलझाएंगे और आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे जिससे कर्नाटक में नेतृत्व के मुद्दे से जुड़ा जो भी ''भ्रम'' है, वह खत्म हो जाएगा।


कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के 20 नवंबर को ढाई साल पूरे होते ही मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच पार्टी में सत्ता संघर्ष तेज हो गया है। यह विवाद सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच 2023 में हुए कथित ''सत्ता-साझेदारी'' समझौते के कारण उठा है। खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'दिल्ली जाने के बाद, मैं तीन-चार महत्वपूर्ण नेताओं को बुलाऊंगा। चर्चा के बाद हम तय करेंगे कि आगे कैसे बढ़ना है, इस तरह भ्रम को खत्म करेंगे।'

जब उनसे पूछा गया कि क्या मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री को दिल्ली बुलाया जाएगा तो उन्होंने कहा, ''हमें निश्चित रूप से उन्हें बुला कर चर्चा करनी चाहिए। हम उन्हें बुलाएंगे, उनसे बात करेंगे और मद्दे का समाधान करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''मैं सभी को बुलाऊंगा और चर्चा करूंगा। इसमें राहुल गांधी के भी शामिल होने के साथ मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री समेत अन्य सदस्य भी रहेंगे। सभी से बात करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।'' अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रमुख ने कहा कि हाई कमान का मतलब एक टीम है, न कि कोई एक व्यक्ति। उन्होंने कहा, ''हमारी हाई कमान टीम इस मामले पर चर्चा करेगी और फैसला लेगी।'' खरगे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि अगर उन्हें बुलाया जाएगा तो वह दिल्ली जाएंगे। शिवकुमार ने भी कहा, ''मैं और मुख्यमंत्री, हम दोनों आपस में चर्चा करेंगे और हम (दिल्ली) जाएंगे। अगर वे (हाई कमान) बुलाएंगे, तो हम जाएंगे।' इस बीच, आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सिद्धरमैया ने अपने आवास पर वरिष्ठ मंत्रियों और करीबी माने जाने वाले नेताओं के साथ एक बैठक की।

## अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता सेंगोट्टैयन अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके में शामिल हुए

चेन्नई, (भाषा) अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता के. ए. सेंगोट्टैयन और उनके समर्थक बृहस्पतिवार को यहां अभिनय से राजनीति में आये विजय के नेतृत्व वाली टीवीके में शामिल हो गए।

सेंगोट्टैयन को एमजीआर का करीबी माना जाता था। वह पनैयूर स्थित टीवीके मुख्यालय पहुंचे और अन्नाद्रमुक की पूर्व सांसद वी. सत्यभामा सहित कई समर्थकों के साथ विजय की उपस्थिति में उनकी पार्टी में शामिल हो गए। हालांकि, अन्नाद्रमुक के महासचिव के. पलानीस्वामी ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि सेंगोट्टैयन अन्नाद्रमुक के साथ नहीं थे। सेंगोट्टैयन (77) को विजय ने टीवीके का पीले-लाल रंग का शॉल भेंट किया। टीवीके के सूत्रों का मानना है कि उनके पार्टी में शामिल होने से कोंगु क्षेत्र में टीवीके को मजबूती मिलेगी, खासकर उनके गृह जिला एरोड के आठ विधानसभा क्षेत्रों में।



SMC Global Securities Ltd | CIN : L74899DL1994PLC063609 | Registered Office: 11/6B, Shanti Chamber, Pusa Road, Delhi-110005. | Tel +91-11-30111000 | Compliance Officer: Mr. Vikas Sethi | Tel +91-11-30111000 Extn. 340 | Email:-vikassethi@smcindiaonline.com | Customer Care Email –smc.care@smcindia-online.com | Complaint Email –igc@smcindiaonline.com | website: www.smctradeonline.com

SEBI Reg. No. INZ000199438, Member: NSE (07714), BSE (470), MSEI (1002), MCX (8200) & NCDEX (00021). DP SEBI Regn. No. CDSL/NS-DL-IN-DP-130-2015, SMC Research Analyst Registration- INH100001849, Mutual Funds Distributor ARN No. 29345. • Insurance services are offered through SMC Insurance Brokers Pvt. Ltd. IRDAI Regn. No: DB 272/04 License No. 289 Valid upto 27/01/2026. • Real Estate Advisory services are offered through SMC Real Estate Advisors Pvt. Ltd.

Disclaimer: Investment in securities market are subject to market risks. Read all the related documents carefully before investing. Mutual Fund investments are subject to market risks. Read all scheme related documents carefully. PMS is not offered in commodity derivative segment. Insurance is the subject matter of solicitation. Registration granted by SEBI and certification from NISM in no way guarantee performance of the intermediary or provide any assurance of returns to investors. Past performance should not be taken as an indication or guarantee of future performance, and no representation or warranty, express or implied, is made regarding future performance. The price, value of and income from any of the securities or financial instruments mentioned in this report can fall as well as rise.

# सरकार कृषि उपकरणों को बढ़ावा देगी, छोटे किसानों तक पहुंच बढ़ाएगी: कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार 2047 तक वैश्विक खाद्यान्न भंडार केंद्र बनने के भारत के दृष्टिकोण के तहत हरित ईंधन आधारित कृषि मशीनरी को प्राथमिकता देगी और छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए मशीनीकरण तक पहुंच बढ़ाएगी।



उद्योग मंडल फिक्की द्वारा कृषि पर आयोजित कार्यक्रम में चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के चार प्रमुख उद्देश्यों कृषि लागत में कमी, उत्पादकता में वृद्धि, मूल्य संवर्धन के माध्यम से मूल्य प्राप्ति में सुधार और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए मशीनीकरण महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''अगले पांच से 10 वर्ष में हमें अपनी प्रौद्योगिकियों को हरित ईंधन की ओर स्थानांतरित करना चाहिए। चाहे वह विद्युत चालित ट्रैक्टर हों या ग्रामीण सीबीजी संयंत्रों से उपलब्ध सीबीजी (कॉम्प्रेस्ड बायोगैस) पर चलने वाली मशीनें हों।''

कृषि सचिव ने कहा कि इस बदलाव से किसानों के लिए रखरखाव और परिचालन लागत दोनों में कमी आएगी तथा सरकारी योजनाओं में हरित ईंधन आधारित प्रौद्योगिकियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित इतालवी उद्योग से इस क्षेत्र में सहयोग करने का आह्वान किया और कहा कि यह समय की मांग है।

इसी कार्यक्रम में इटली के राजदूत एंतोनियो बार्तोली ने कहा कि कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखला में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 16 प्रतिशत और इटली के सकल घरेलू उत्पाद में 15 प्रतिशत है। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में इस क्षेत्र की भूमिका पर भी जोर दिया।

बार्तोली ने कहा, ''भारत का मशीनरी बाजार 2032 तक दोगुना होकर करीब 20 अरब अमेरिकी डॉलर का हो जाने की उम्मीद है। इटली के पास कृषि 4.0 के लिए प्रौद्योगिकियां हैं और भारत के पास बाजार है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब यूरो तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने हाल ही में रोम में जी-20 के दौरान मुलाकात की थी। राजदूत ने बताया कि भारत ने पिछले साल इटली से करीब तीन करोड़ यूरो मूल्य की कृषि-मशीनरी का आयात किया और लगभग 20 इतालवी कंपनियों की भारत में उत्पादन सुविधाएं हैं। बार्तोली के अनुसार, इटली ने सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई तरीके बनाए हैं जिनमें 'एसआईएमईएसटी' भी शामिल है। इसने निर्यात, व्यवहार्यता अध्ययन और संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए 50 करोड़ यूरो की वित्तपोषण सुविधा स्थापित की है जिसमें 49 प्रतिशत तक की इक्विटी शामिल है।

एसआईएमईएसटी, इटली की एक सरकारी वित्तीय संस्था है जो इटली की कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विदेशी निवेश में सहायता करती है।

उन्होंने कहा, ''हमें न केवल इटली की मशीनरी का अधिक निर्यात देखने की उम्मीद है, बल्कि भारतीय कंपनियों के साथ और अधिक संयुक्त उद्यम भी स्थापित होने की उम्मीद है ताकि यहां उत्पादन किया जा सके और इस प्रत्यक्ष बाजार के साथ-साथ दक्षिण एशिया के बाजार को भी संतुष्ट किया जा सके।'' बार्तोली ने कहा कि तीसरा व्यापार मंच 10-11 दिसंबर को दिल्ली और मुंबई में आयोजित किया जाएगा। साथ ही इतालवी उप-प्रधानमंत्री भी भारत की यात्रा करेंगे जिसमें कृषि-खाद्य उद्योग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इतालवी व्यापार एजेंसी (आईसीई) की उप व्यापार आयुक्त सबरीना मंगियालावोरी ने कहा कि इटली का कृषि मशीनरी उद्योग गुणवत्ता और प्रौद्योगिकी नवाचार वैश्विक स्तर पर अग्रणियों में से एक है जिसका उत्पादन मूल्य 16 अरब यूरो से अधिक है।

उन्होंने कहा कि इटली-भारतीय सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इटली से भारत को निर्यात वर्तमान 2.64 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2028 तक 3.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाने की उम्मीद है।

कृषि सचिव चतुर्वेदी ने साथ ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2026 को 'अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष' घोषित किए जाने का उल्लेख करते हुए महिलाओं व पुरुष दोनों के इस्तेमाल के लिए सहज उपकरणों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# निवेशक सुरक्षा को मजबूत करना नियामक की प्रमुख प्राथमिकता: तुहिन कांत पांडेय

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत बतायी। उन्होंने आगाह किया कि गैर-पंजीकृत सलाहकार समूह, लोगों को असुरक्षित कारोबारी माध्यमों की ओर आकर्षित कर रहे हैं और इसलिए अवैध कारोबार के मामले नए डिजिटल प्रारूपों में फिर से सामने आ रहे हैं। कोयंबटूर में बीएसई द्वारा आयोजित एक क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता संगोष्ठी में पांडेय ने कहा कि इस दौर में जहां गलत सूचनाएं तथ्यों से अधिक तेजी से प्रसारित होती हैं। यह चुनौती और भी बढ़ गई है। कारोबार संबंधी धोखाधड़ी वाले ऐप विश्वसनीय लगते हैं, डिजिटल खाते वैधता का दिखावा करते हैं और पक्के रिटर्न का वादा करने वाली ऐसा योजनाएं पेश करते हैं जो कोई भी विनियमित बाजार नहीं दे सकता।




बाजार नियामक के प्रमुख ने खतरे की गंभीरता को दोहराते हुए कहा कि ऐसे ''गैर-पंजीकृत सलाहकार समूह, लोगों को असुरक्षित व्यापारिक मंचों की ओर आकर्षित करते हैं और इसलिए अवैध कारोबार के मामले नए डिजिटल प्रारूपों में फिर से सामने आ रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार के मामले कोई छिटपुट घटनाएं नहीं हैं बल्कि निवेशकों के विश्वास, जिज्ञासा और आकांक्षाओं का फायदा उठाने के समन्वित प्रयास हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि लोग 'अवसर की आड़ में धोखे' का शिकार न हों। पांडेय ने कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए जागरूकता को डिजिटल मंचों पर सावधानी, जानकारी के साथ संदेह से देखना और कोई भी वित्तीय कदम उठाने से पहले जांच-परख की आदत में बदलना होगा।

उन्होंने कहा कि इसलिए, निवेशक सुरक्षा को मजबूत करना नियामक की प्रमुख प्राथमिकता बन गया है। सेबी ने इन प्रयासों के तहत यूपीआई से जुड़ा एक मान्य ढांचा पेश किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भुगतान केवल सेबी-पंजीकृत मध्यस्थों की प्रामाणिक यूपीआई आईडी पर ही किए जाएं। बाजार नियामक ने जांच सुविधा का भी विस्तार किया है जिससे निवेशक 'सेबी इन्वेस्टर' वेबसाइट और सारथी मोबाइल ऐप पर बैंक खातों की वास्तविकता की तुरंत पुष्टि कर सकते हैं।

यह समझते हुए कि धोखाधड़ी की गतिविधि बिना किसी चेतावनी के हो सकती है निवेशक अब स्वेच्छा से अपने लेनेदने के खातों को 'फ्रीज' या 'ब्लॉक' कर सकते हैं। यह ठीक वैसे ही है जैसे 'हैक' किए गए डेबिट कार्ड को 'ब्लॉक' किया जाता है। यह विकल्प तत्काल सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

# विदेशी संपत्तियों का खुलासा नहीं करने वाले लोगों को आयकर विभाग भेजेगा संदेश

**नयी दिल्ली, (भाषा)** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लगभग 25,000 करदाताओं के अधिक-जोखिम वाले मामलों को चिन्हित किया गया है जिनमें उन्होंने अपने आयकर रिटर्न में विदेशी परिसंपत्तियों का विवरण नहीं दिया है। विभाग ने कहा कि इन चिह्नित लोगों को 28 नवंबर से एसएमएस एवं ईमेल भेजना शुरू किया जाएगा और उन्हें दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक संशोधित आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की सलाह दी जाएगी।




दिसंबर मध्य से शुरू होने वाले अभियान के दूसरे चरण में दूसरे मामलों को भी शामिल करने के लिए इसका दायरा बढ़ाया जाएगा। पिछले साल भी आयकर विभाग ने स्वचालित सूचना आदान-प्रदान (एईओआई) व्यवस्था के तहत विदेशी क्षेत्राधिकारों द्वारा सूचित ऐसे करदाताओं को संदेश भेजे थे, जिन्होंने अपने विदेशी निवेश और खातों का विवरण आईटीआर में नहीं दिया था। इस पहल का परिणाम यह हुआ था कि कुल 24,678 करदाताओं ने अपने रिटर्न में संशोधन किया और 29,208 करोड़ की विदेशी परिसंपत्तियों एवं 1,089.88 करोड़ रुपये की विदेशी आय की जानकारी भी दी।सूत्रों ने कहा कि बड़ी कंपनियों, जिनके कर्मचारियों के पास विदेशी संपत्ति है और उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया है, को भी इस पहल का हिस्सा बनाया गया है। साथ ही, उद्योग संगठनों, आईसीएआई और विभिन्न संघों से भी इस बारे में जागरूकता फैलाने का अनुरोध किया गया है।

विभाग ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एईओआई सूचना के विश्लेषण से ऐसे कई मामलों का पता चला है जिनमें विदेशी संपत्तियां होने की संभावना है लेकिन आकलन वर्ष 2025-26 में दाखिल आईटीआर में उनका ब्योरा नहीं दिया गया है।

# राजकीय विश्वविद्यालय शैक्षिक रैंकिंग में सुधार के लिए कार्य करे: राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अधिकाधिक जोर दिए जाने की आवश्यकता जताई

रामस्वरूप रावतसरे, नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राज्य के वित्त पोषित राजकीय विश्वविद्यालय अपनी शैक्षिक रैंकिंग में सुधार के लिए गंम्भीर होकर कार्य करे। उन्होंने इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अधिकाधिक जोर दिए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कुलगुरु चयन में यह विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि वे राज्य को उच्च शिक्षा में देश और विश्व में अग्रणी बनाए। राज्यपाल बागडे गुरुवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के वाणिज्य महाविद्यालय में नव निर्मित भवन ''ब्लॉक बी'' के लोकार्पण पश्चात आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने वाणिज्य विषय के अंतर्गत होने वाले कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि जो वाणिज्य का अध्ययन करता है, वह नौकरी के लिए रुचि नहीं रखेगा। वह व्यवसाय करने में रुचि लेगा। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों का नेक ग्रेड होना जरूरी है। विश्वविद्यालय में भवन और दूसरी सुविधाएं होना ठीक है, पर सबसे अधिक जरूरी है वहां शैक्षणिक गुणवत्ता। उन्होंने नैक ग्रेड लिए सभी विश्वविद्यालयों को प्रयास किए जाने का आह्वान किया।



राज्यपाल ने कहा कि पहले जो शिक्षा नीतियां थी, वे अंग्रेजों द्वारा स्थापित, उनकी सोच से जुड़ी हुई ही थी। नई शिक्षा नीति पूरी तरह से भारतीय है। उन्होंने विनोबा भावे को स्मरण किया और कहा कि उनका यह मानना था कि जिस दिन देश आजाद हुआ, राष्ट्र का झंडा बदला गया, उसी समय शिक्षा की पद्धति भी बदलनी चाहिए थी। श्री बागडे ने कहा कि लार्ड मैकाले चाहता था भारत सदा मानसिक रूप से गुलाम बना रहे। इसलिए ऐसी शिक्षा नीति बनाई जो देश के नैतिक बल को कमजोर करे। उन्होंने कहा कि यूरोप में पहली यूनिवर्सिटी 1088 में बोलगना यूनिवर्सिटी बनी। उससे पांच सौ साल पहले हमारे यहां नालंदा और तक्षशिला यूनिवर्सिटी थी। दूर दूर से वहां विद्यार्थी पढ़ने आते थे। वहां के दुर्लभ ज्ञान को नष्ट करने लिए बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को जला दिया। राज्यपाल ने कहा कि भारत ही वह राष्ट्र रहा है, जिसने शून्य का ज्ञान विश्व को दिया। इसी से विश्व को गणना करने की दृष्टि मिली।

समारोह में मालवीय नगर के विधायक कालीचरण सराफ ने विश्वविद्यालय से अपने जुड़ाव की चर्चा करते हुए कहा कि यहीं से छात्र राजनीति में पहले महासचिव और बाद में विश्वविद्यालय अध्यक्ष बनने का अवसर मिला। इसलिए विश्वविद्यालय के विकास के प्रति वह दायित्व रखते हैं। उन्होंने कॉमर्स कॉलेज को दस लाख रुपए के आर्थिक सहयोग की घोषणा की। विधायक गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।


# रिकॉर्ड ऊंचाई पर जाने के बाद सेंसेक्स, निफ्टी हल्की बढ़त के साथ बंद

## निफ्टी का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 अंक रहा था

**मुंबई, (भाषा)** सकारात्मक वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक बृहस्पतिवार को अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 111 अंक और निफ्टी में 10 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 110.87 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 85,720.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 446.35 अंक उछलकर 86,055.86 के अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

सेंसेक्स का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितंबर, 2024 को 85,978.25 अंक रहा था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी कारोबार के अंत में 10.25 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 26,215.55 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 105.15 अंक उछलकर 26,310.45 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 अंक रहा था।



यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। बुधवार को सेंसेक्स में 1,022.50 अंक और निफ्टी में 320.50 अंक की बड़ी तेजी देखी गई थी। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआईI बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक और एचडीएफसी बैंक सबसे अधिक फायदे में रहे। हालांकि, मारुति, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ₹उतार-चढ़ाव वाले सत्र में निफ्टी और सेंसेक्स दोनों ने कुछ समय के लिए रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ। लेकिन सत्र के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली हावी होने से ये दोनों सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए।

छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.38 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही। ट्रेडिंग और संपत्ति-प्रौद्योगिकी फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, ₹भारतीय बाजार कारोबार के दौरान रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच वैश्विक जोखिम लेने की क्षमता में तेज सुधार से घरेलू बाजार में तेजी आई।₹

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,778.03 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,247.93 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। इस कैलेंडर वर्ष में अब तक सेंसेक्स ने कुल 7,581.37 अंक यानी 9.70 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है जबकि निफ्टी में कुल 2,570.75 अंक यानी 10.87 प्रतिशत की तेजी रही है।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप में शेयर बाजार दोपहर कारोबार में हल्की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

# बीज संधि में प्रस्तावित बदलावों का विरोध करें वैश्विक दक्षिण के देश: अलायंस

**नयी दिल्ली, (भाषा)** 'इंडिया सीड सॉवरेन्टी अलायंस' ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अंतरराष्ट्रीय बीज संधि 'आईटीपीजीआरएफए' में प्रस्तावित बदलावों को खारिज करने की अपील करते हुए कहा है कि इससे देश के बीज अधिकारों को नुकसान होगा।



अलायंस की मुख्य चिंता 'आईटीपीजीआरएफए' में बदलावों को लेकर है जो 64 फसलों से आगे बढ़कर सभी पौधों के जेनेटिक संसाधन और उनकी 'डिजिटल सीक्वेंस इन्फॉर्मेशन' (डीएसआई) को शामिल करने के लिए मुक्त वैश्विक पहुंच के बहु-स्तरीय प्रणाली का विस्तार करेगा।

भारत वर्ष 2002 से 'खाद्य एवं कृषि के लिए पौध जीन संसाधन अंतरराष्ट्रीय संधि' (आईटीपीजीआरएफए) का एक पक्ष रहा है। इन बदलावों पर अभी पेरू की राजधानी लीमा में बातचीत चल रही है। अलायंस ने अपने खुले पत्र में कहा, ''वैश्विक दक्षिण के देशों को हमारे समृद्ध जेनेटिक खजाने और जीनोमिक जानकारी अपने बौद्धिक संपदा अधिकार का दावा करने और अधिक मुनाफा कमाने को प्राथमिकता देने वाली 'वैश्विक उत्तर' की बीज कंपनियों को क्यों सौंपी जानी चाहिए।''



# दूरसंचार विभाग ने साइबर सुरक्षा नियमों पर दोबारा प्रकाशित अधिसूचना वापस ली

**नयी दिल्ली, (भाषा)** दूरसंचार विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि दूरसंचार साइबर सुरक्षा के बारे में गलती से दोबारा प्रकाशित हो गई अधिसूचना को वापस ले लिया गया है। इसके साथ ही विभाग ने स्पष्ट किया कि 22 अक्टूबर को जारी मूल संशोधन नियम पहले की तरह प्रभाव में बने रहेंगे। विभाग ने दूरसंचार साइबर सुरक्षा (टीसीएस) संशोधन नियम, 2025 जारी किया था।

दूरसंचार विभाग ने कहा कि टीसीएस नियमों का उद्देश्य मोबाइल नंबर, उपकरण और अन्य दूरसंचार संसाधनों से जुड़े साइबर खतरों को रोकना और डिजिटल सेवाओं में धोखाधड़ी की घटनाओं को नियंत्रित करना है। विभाग ने एक बयान में कहा कि अनजाने में हुई गलती से उसी अधिसूचना को 29 अक्टूबर को दोबारा प्रकाशित कर दिया गया था। लेकिन उसे 25 नवंबर को रद्द कर दिया गया। संशोधित मूल नियमों में मोबाइल नंबर सत्यापन (एमएनवी) मंच के गठन का प्रावधान है, जिससे फर्जी खाते और पहचान से जुड़े धोखाधड़ी मामलों पर नियंत्रण रखा जा सके। इसके अलावा, पुराने फोन या मरम्मत के बाद इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की बिक्री में प्रतिबंधित आईएमईआई नंबर की जांच अनिवार्य कर दी गई है। इससे फोन उपभोक्ताओं की सुरक्षा और चोरी हुए उपकरणों का पता लगाना आसान होगा। नियम यह भी सुनिश्चित करता है कि बैंक, ई-कॉमर्स और अन्य डिजिटल सेवा प्रदाता संबंधित डेटा सरकार के साथ साझा करें, ताकि दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े साइबर अपराधों का पता लगाया जा सके। विभाग ने कहा कि ये संशोधन भारत के डिजिटल परिवेश की सुरक्षा, उपकरणों की भौगोलिक मौजूदगी का पता लगाने की क्षमता और जिम्मेदार उपयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# भव्य राममंदिर पर प्रतिष्ठित धर्मध्वज ने रचा नया इतिहास

डॉ दिलीप अग्निहोत्री

आधुनिक अयोध्या का एक नया अध्याय कायम हुआ। भव्य श्री राम मंदिर पर सनातन संस्कृति का प्रतीक ध्वज प्रतिष्ठित हुआ। रामो विग्रहवान धर्मः श्रीराम धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष के माध्यम हैं। श्रीराम नाम सकारात्मकता व ऊर्जा से भरपूर है। 'रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे, रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः।' भारत में श्रीराम के बिना कोई कार्य नहीं होता। हमारी दिनचर्या में श्रीराम समाए हैं। समाज में विभिन्न शुभ एवं मांगलिक कार्यक्रमों में रामनाम पाठ, संकीर्तन आदि सम्पन्न होते हैं।अयोध्या भव्य रूप में प्रतिष्ठित हो रही है। पांच सौ वर्षों की प्रतिक्षा के बाद भव्य श्री राममंदिर का निर्माण हुआ। इसके पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के समग्र विकास का क्रियान्वयन शुरु कर दिया था। इसी क्रम में श्री राममंदिर पर पताका की स्थापना का भी संकल्प साकार हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सरसंघ चालक मोहन भगवत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्य सम्पन्न हुआ। अयोध्या में अब आधुनिकता, वैज्ञानिकता और आध्यात्मिकता तीनों का समन्वय दिखाई दे रहा है। अयोध्या विश्व स्तर की नगरी बन रही है। सौ से ज्यादा देशों में प्रभु राम को अपना वंशज मानने वाला समुदाय है। इन सभी की शैली व परम्परा के यहां दर्शन हो रहे है। इन सभी दृष्टियों से भव्य राम मंदिर, इक्ष्वाकुपुर, कुंभ नगरी का सपना साकार होगा। शास्त्रों में वर्णित दंडकारण्य, विंध्यारण्य, धर्मारण्य, वेदारण्य व गुरुकल, जलाशय, सरोवर, उपवन भी होगा।



हजारों करोड़ रुपए की कार्ययोजना के क्रियान्वयन के बाद अयोध्या विश्व स्तरीय तीर्थाटन केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित होगी।

ध्वज में कोविदार वृक्ष की छवि के साथ 'ओम' अंकितराम मंदिर के शिखर पर फहराया गया ध्वज दस फुट ऊंचा और बीस फुट लंबा, समकोण त्रिभुजाकार है। ध्वज पर एक उज्ज्वल सूर्य की छवि है, जो भगवान राम की प्रतिभा और वीरता का प्रतीक है, साथ ही कोविदार वृक्ष की छवि के साथ ध्वज पर 'ओम' अंकित है। इस ध्वज पर कोविदार वृक्ष का चिह्न अंकित है। इसके साथ सूर्य और ऊं के चिह्न को भी ध्वज में स्थान मिला है।

कोविदार वृक्ष अयोध्या के रघुकुल वंश का प्रतीक चिह्न है।ध्वज में सूर्य के चिह्न है। कोविदार वृक्ष श्रीराम के रघुवंश का प्रतीक चिह्न है। इसे उनके वंश के तप और त्याग के प्रतीक के रूप में राम मंदिर के शिखर पर स्थान दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश को आगे बढ़ना है तो अपनी विरासत पर गर्व करना होगा। अपने अंदर राम की प्राण-प्रतिष्ठा करनी होगी। अयोध्या नगरी सांस्कृतिक चेतना की साक्षी बन रही है। मंदिर पर ध्वज स्थापित होने के साथ आज सम्पूर्ण विश्व राममय है।

सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों की संकल्पना आज सिद्धि को पूर्ण हो रही है। पांच सौ वर्ष से अग्नि प्रज्ज्वलित रही। यह केवल ध्वजा नहीं है बल्कि यह धार्मिक जागरण का ध्वज है। ध्वज पर अंकित वृक्ष राम राज्य का प्रतीक है। यह ध्वज आह्वान करेगा कि सत्यमेव जयते। यानी जीत धर्म की ही होती है, असत्य की नहीं। सत्य में ही धर्म स्थापित है। यह धर्म ध्वज स्थापित करेगा, प्राण जाय पर वचन न जाई, समाज में शांति एवं सुख को स्थापित करेगा। याद दिलाएगा, समाज में कोई दुखी और दरिद्र न हो। जो लोग मंदिर नहीं आ पाते, दूर से ही मंदिर ध्वज को प्रणाम कर लेते हैं, उन्हें भी वह पुण्य मिल जाता है। यह ध्वज राम मंदिर का दर्शन कराएगा। युगों-युगों तक राम राज्य को मानव मात्र तक पहुंचाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंदिर पर ध्वजारोहण एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि ये ये केसरिया ध्वज धर्म मर्यादा, सत्य, न्याय और राष्ट्र धर्म का प्रतीक है। विवाह पंचमी का ये दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है. ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और राम राज्य के मूल्य कालजयी हैं।केसरिया ध्वज धर्म का प्रतीक है, मर्यादा, सत्य न्याय और राष्ट्र धर्म का प्रतीक है. विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक भी है।

अयोध्या उत्सवों की वैश्विक राजधानी बन रही है. यहां हर दिशा में राम राज की स्थापना की दिव्य अनुभूति हो रही है. आज राम नगरी आस्था व आधुनिकता के नए युग में प्रवेश कर चुकी है. आज हर प्रकार की सुविधा अयोध्या धाम में है. नई अयोध्या का दर्शन हम सबको देखने को मिल रहा है. आज का दिन हम सबके लिए आत्म गौरव और राष्ट्र गौरव का दिन है।

स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि यह उसी रामराज्य का ध्वज है जो कभी अयोध्या में और पूरे विश्व में फहराता था, आज मंदिर पर फहराया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वही वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, लेकिन स्वंय धूप में खड़े रहते हैं। फल भी दूसरों के लिए देते हैं। रामराज्य का ध्वज यही संदेश देता है कि स्थितियां कितनी भी प्रतिकूल हों लेकिन उसे अपने धैर्य के साथ अनुकूलता में बदलना है और आज हिंदू समाज ने राम मंदिर के लिए पांच सौ साल तक संघर्ष हुआ। अयोध्या पूरी दुनिया का सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बन रही है और पूरी दुनिया राममय है। यह धर्मध्वज ही नहीं अपितु भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक भी है और इसका भगवा रंग सदियों के संकल्प का प्रतीक है।

# सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ने सशस्त्र बल को भविष्योन्मुखी बनाने की रूपरेखा पेश की

नयी दिल्ली, (भाषा) सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया शीत युद्ध की द्विध्रुवीय परिवेश से निकल कर कुछ समय के लिए एकध्रुवीय व्यवस्था में रही और अब यह एक ''अनिश्चित और खंडित व्यवस्था'' में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने रेखांकित किया कि लंबे समय से कायम शांति घट रही है और व्यापक संघर्ष बढ़ रहे हैं।

यहां सेना द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण सम्मेलन 'चाणक्य रक्षा संवाद' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने सेना को मजबूत बनाने के उपायों का उल्लेख किया, जो आने वाले वर्षों में बल के बदलावों को आगे बढ़ाएंगे, ताकि तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में सेना निर्णायक और भविष्य-सक्षम बनी रह सके।

जनरल द्विवेदी ने कहा, ''हम एक तेजी से बहुध्रुवीय होती दुनिया में रह रहे हैं, जहां प्रमुख शक्तियां निरंतर टकरा रही हैं और प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। दुनिया शीत युद्ध की द्विध्रुवीयता से आगे बढ़कर एक संक्षिप्त एकध्रुवीय दौर के बाद अब एक अनिश्चित और खंडित व्यवस्था में पहुंच गई है। लंबे समय से कायम शांति घट रही है और व्यापक संघर्ष बढ़ रहे हैं।'' उन्होंने रेखांकित किया कि



दुनिया भर में 50 से अधिक संघर्ष जारी होने के बीच यह कहना कि ''हम अशांत समय में रह रहे हैं'', वास्तव में हालात को कम करके आंकना होगा।

सेना प्रमुख ने कहा, इसलिए, यदि दुनिया का रुख राष्ट्रीय सुरक्षा, प्रतिरोधक क्षमता और युद्ध-कौशल की ओर मुड़ रहा है, तो अनिवार्य रूप से यह ''हमारे सामने एक बुनियादी प्रश्न खड़ा करता है—भारतीय सैन्य बल को इस तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में निर्णायक और तैयार बने रहने के लिए किस प्रकार रूपांतरित होना चाहिए?'' उन्होंने कहा कि इस प्रश्न का प्रारंभिक बिंदु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के '5एस' - सम्मान, संवाद, सहयोग, समृद्धि और सुरक्षा-दृष्टिकोण में निहित है। उन्होंने कहा कि यह मार्गदर्शन करता है कि कैसे पूरे देश के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित भारत की दिशा में 'अमृत काल' के माध्यम से विचार-विमर्श, समन्वय और कार्य करना चाहिए।

चाणक्य रक्षा संवाद 2025 का विषय ''सुधार से बदलावः सशक्त और सुरक्षित भारत'' है।

दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी तथा भारत और विदेश से रक्षा एवं सामरिक मामलों के विशेषज्ञ दिल्ली में एकत्रित हुए हैं।

उन्होंने कुछ ऐसे उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत की जो आने वाले वर्षों में परिवर्तन की दिशा तय करेंगे।

पहला है 'आत्मनिर्भरता', यानी स्वदेशीकरण के माध्यम से आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण।

उन्होंने कहा कि दूसरा है त्वरित नवाचार, ''हमें अब एआई, साइबर, क्वांटम, स्वायत्त प्रणालियों, अंतरिक्ष और उन्नत सामग्रियों में बहुत तेज गति से प्रयोग से आगे बढ़कर उद्यम-स्तरीय प्रभाव की ओर बढ़ना होगा।'' अन्य दो उपाय अनुकूलन और सैन्य-नागरिक समेकन है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि थीं। राष्ट्रपति भारत की तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं।

## 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' जैसे नारों से भाजपा को दिक्कत क्यों: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने राज्यसभा के एक बुलेटिन का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि आखिर सत्तारूढ़ दल को 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' जैसे नारों से दिक्कत क्यों है। बीते 24 नवंबर को राज्यसभा सचिवालय ने सदस्यों को मर्यादा बबनाए रखने के लिए सदन के अंदर या बाहर 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' जैसे नारों का इस्तेमाल नहीं करने के बारे में स्मरण कराया था। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया ने सुप्रिया श्रीनेत ने एक वीडियो जारी कर कहा, ''खबरों के मुताबिक, राज्यसभा की बुलेटिन में कहा गया है कि सदन में ''जय हिन्द'' और ''वंदे मातरम्'' का प्रयोग नहीं होना चाहिए। मैं हैरान हूं कि आखिर इन नारों पर कैसी आपत्ति है? इनसे तो अंग्रेजों को दिक्कत थी, अब भाजपा को भी दिक्कत है।'' उन्होंने सवाल किया, ''आखिर किस मिट्टी के बने हैं वे लोग जिनको आजादी के दो सबसे प्रसिद्ध नारों को सदन में बोलना अखरता है?''

# काहनी 'ऑनर किलिंग' मामले में दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की

नयी दिल्ली, (भाषा) हरियाणा के रोहतक जिले के काहनी गांव में झूठी शान के नाम पर युवती की हत्या तथा उसके देवर को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में जनवादी महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को पीड़ित परिवार से बातचीत की और सरकार से उन्हें समुचित सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की।

जनवादी महिला समिति ने आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में इस मामले में दोषियों की कड़ी सजा सुनिश्चित किए जाने की मांग की।

विज्ञप्ति के अनुसार जनवादी महिला समिति का प्रतिनिधिमंडल आज युवती के घायल देवर साहिल व उसके परिवार से मिलने पीजीआईएमएस (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान विज्ञान संस्थान) रोहतक पहुंचा था। हालांकि कल साहिल को पीजीआईएमएस से छुट्टी मिलने की वजह से परिवार से



मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद उन्होंने फोन पर बातचीत की।

विज्ञप्ति के अनुसार, रोहतक जिले के काहनी गांव के रहने वाले सूरज व सपना ने तीन साल पहले अपनी पसंद से शादी की थी और वे गांव छोड़कर रोहतक में रहने लगे थे। परंतु दो साल पहले बेटा होने के बाद दोनों गांव आ गए।

इसमें बताया गया है कि पिछले सप्ताह सपना के भाई संजू ने अपने साथियों के साथ मिलकर कथित रूप से सपना की गोली मारकर हत्या कर दी और बीच-बचाव करने आए देवर साहिल को भी गोली मारकर घायल कर दिया।

परिजन से बात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता, कोषाध्यक्ष अमिता, जिला अध्यक्ष अंजू और सह सचिव मुनमुन हजारिका शामिल रहीं।

जनवादी महिला समिति की नेताओं ने दावा किया कि राज्य में झूठी शान के नाम पर अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं।

संगठन लंबे समय से झूठी शान के नाम पर हत्या को लेकर सख्त कानून बनाने, दोषियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करने, 'कपल प्रोटैक्शन होम्स' की बदतर हालत में सुधार व बजट मुहैया कराने की मांग कर रहा है।

विज्ञप्ति में संगठन ने सरकार से सपना के पति सूरज, देवर साहिल, दो साल के बेटे व सास निर्मला की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

# खनिज रॉयल्टी मामले में राज्यों की याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह खनिज अधिकारों पर कर लगाने से संबंधित याचिकाओं को पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर निर्णय लेगा।



पिछले साल 25 जुलाई को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से यह निर्णय दिया कि खनिज अधिकारों पर कर लगाने की विधायी शक्ति राज्यों के पास है और खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी कर नहीं है।

खनिज संपन्न राज्यों को राजस्व में भारी वृद्धि देने वाले इस फैसले में यह भी कहा गया कि संसद के पास संविधान की सूची-1 की प्रविष्टि 54 के तहत खनिज अधिकारों पर कर लगाने का विधायी अधिकार नहीं है, जो केंद्र द्वारा खदानों और खनिज विकास के नियमन से संबंधित है।

बृहस्पतिवार को, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को एक वकील ने बताया कि नौ न्यायाधीशों की पीठ के उस फैसले के बाद, विभिन्न राज्यों की कई याचिकाओं को अब भी निर्णय के लिए पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना बाकी है।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस दलील का विरोध करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 25 जुलाई, 2024 के फैसले के खिलाफ एक उपचारात्मक याचिका दायर की है।

शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि राज्यों की इन याचिकाओं को केंद्र की उपचारात्मक याचिका पर निर्णय के बाद ही सूचीबद्ध किया जा सकता है।

मेहता ने कहा, ''हम जीतें या हारें... सब कुछ उपचारात्मक याचिका के परिणाम पर निर्भर करेगा।''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''मुझे रिकॉर्ड देखने दीजिए। मैं फैसला लूंगा।''

इससे पहले 23 सितंबर को, केंद्र ने शीर्ष अदालत को सूचित किया था कि नौ न्यायाधीशों की पीठ के 8:1 के बहुमत के फैसले के बाद उसने एक उपचारात्मक याचिका दायर की है।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल अपने 25 जुलाई, 2024 के फैसले पर पुनर्विचार के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

# अदालत ने अजय देवगन के व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए कई वेबसाइट और ऑनलाइन मंचों को उनकी सहमति के बिना उनके नाम या छवियों का अवैध रूप से व्यावसायिक लाभ के लिए उपयोग करने से रोक दिया।

उच्च न्यायालय ने कई प्रतिवादियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और 'डीपफेक' तकनीक के माध्यम से अजय उर्फ विशाल वीरू देवगन के व्यक्तित्व के लक्षणों का उपयोग करने से भी रोक दिया, और इंटरनेट पर अपलोड की गई कुछ अश्लील सामग्री को हटाने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने कहा कि वह इस मामले में विस्तृत अंतरिम आदेश पारित करेंगी।

अभिनेता का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता प्रवीण आनंद ने कहा कि प्रतिवादी व्यावसायिक सामान के उत्पादन में संलिप्त थे, जिनमें टोपियां, स्टिकर और पोस्टर शामिल थे, वह देवगन की नकल कर रहे थे और उनकी अन्य मशहूर हस्तियों के साथ अप्रिय



दिखने वाली तस्वीरें बना रहे थे।

सुनवाई के दौरान, अदालत ने वादी के वकील से पूछा कि क्या उन्होंने यूट्यूब पर अभिनेता के खिलाफ अप्रिय सामग्री के संबंध में प्रतिवादी यूट्यूब और गूगल के समक्ष विरोध दर्ज कराया है?

वकील द्वारा नहीं में जवाब दिये जाने पर न्यायाधीश ने कहा कि वह आदेश में यह टिप्पणी करेंगी कि अब से सभी वादी अदालत का दरवाजा खटखटाने से पहले सोशल मीडिया मध्यस्थों के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

अदालत ने यह भी कहा कि वह अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री को हटाने का आदेश देगी, लेकिन जो चित्र केवल प्रतिकृतियां हैं, उन्हें संबंधित पक्षों को सुने बिना इस स्तर पर हटाने का आदेश नहीं दिया जा सकता।

अदालत ने इस मुकदमे में कई प्रतिवादियों को समन भी जारी किया।

अदालत अभिनेता देवगन द्वारा दायर उस अर्जी पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा और ऑनलाइन मंचों को उनके नाम, तस्वीरों और एआई-जनित अनुचित तथा स्पष्ट यौन सामग्री के अवैध उपयोग से रोकने की मांग की है।

हाल ही में, बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, उनके पति अभिषेक बच्चन, उनकी मां जया बच्चन, ऋतिक रोशन, फिल्म निर्माता करण जौहर, गायक कुमार शानू, तेलुगु अभिनेता अक्किनेनी नागार्जुन, 'आर्ट ऑफ लिविंग' के संस्थापक रविशंकर, पत्रकार सुधीर चौधरी और पॉडकास्टर राज शमनी ने भी अपने व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों की सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की।

# इंडिया गेट पर प्रदर्शन: अदालत ने चार प्रदर्शनकारियों को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने प्रदूषण के मुद्दे को लेकर इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकार के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किये गए चार छात्रों को बृहस्पतिवार को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिल मोंगा ने विरोध प्रदर्शन से संबंधित एक मामले में 13 अन्य लोगों को भी एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट मोंगा, संसद मार्ग पुलिस थाने में 11 महिलाओं सहित 17 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत विभिन्न अपराधों को लेकर दर्ज मामले की सुनवाई कर रहे थे।

इनमें लोक सेवक के विधिवत आदेश की अवज्ञा, उन्हें रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल प्रयोग, उनके कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालना, सरकार के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने और गलत तरीके से




रोकने के आरोप शामिल हैं। इससे पहले, सभी 17 छात्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

दिल्ली पुलिस ने मामले की आगे की जांच के लिए 17 प्रदर्शनकारियों में से पांच की सात दिन की हिरासत का अनुरोध किया था, जबकि शेष 12 प्रदर्शनकारियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया गया था।

कर्तव्य पथ और संसद मार्ग पुलिस थानों में दो प्राथमिकी दर्ज होने के बाद रविवार को कुल 23 छात्रों को गिरफ्तार किया गया। इन छात्रों को 24 नवंबर को पटियाला हाउस अदालत में दो न्यायिक मजिस्ट्रेटों के समक्ष पेश किया गया था।

# दिल्ली में प्रदूषण के सभी स्रोतों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है सरकार: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को आश्वासन दिया कि शहर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए टीम जमीनी स्तर पर अथक प्रयास कर रही हैं और धूल नियंत्रण, स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रदूषण के सभी स्रोतों के खिलाफ ''हर स्तर पर'' कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री और विधायक व्यक्तिगत रूप से सफाई कार्यों की समीक्षा करने और जहां भी आवश्यक हो, तत्काल निर्देश जारी करने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं।

गुप्ता ने लिखा, ''प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली का यह अभियान पूरी दृढ़ता के साथ जारी है।''

दिल्लीवासी जहरीली हवा से जूझ रहे हैं, अधिकांश निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 'गंभीर' श्रेणी




में दर्ज किया जा रहा है।

शहर में बृहस्पतिवार शाम चार बजे एक्यूआई 377 दर्ज किया गया जबकि बुधवार को यह 327 था। एक्यूआई पिछले 14 दिन से अधिक समय से 'बेहद खराब' श्रेणी में बना हुआ है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 0 से 50 के बीच एक्यूआई ''अच्छा'', 51 से 100 ''संतोषजनक'', 10 से 200 ''मध्यम'', 201 से 300 ''खराब'', 301 से 400 ''बहुत खराब'' और 401 से 500 ''गंभीर'' माना जाता है।

# मेडिकल कॉलेजों से जुड़े रिश्वतखोरी मामले में ईडी ने 10 राज्यों में छापे मारे

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को देश के कुछ मेडिकल कॉलेजों से जुड़े कथित रिश्वतखोरी और नियामक ढांचे में हेरफेर के मामले में धनशोधन जांच के तहत दस राज्यों में एक साथ छापेमारी की।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कम से कम 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इन स्थानों में मेडिकल कॉलेजों के सात परिसर और कुछ निजी व्यक्तियों के ठिकाने शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। धन शोधन का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की 30 जून को दर्ज प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से संबंधित गोपनीय जानकारी मेडिकल कॉलेजों से संबंधित प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों



और बिचौलियों को देने के बदले में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अधिकारियों सहित सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी।

ईडी अधिकारियों के अनुसार, इससे कथित तौर पर उन्हें मापदंडों में हेरफेर करने और मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक पाठ्यक्रम चलाने के लिए अनुमोदन प्राप्त करने में मदद मिली।

सीबीआई ने दावा किया था कि उसने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और एनएमसी के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो कथित तौर पर भ्रष्टाचार और प्रक्रियाओं में हेराफेरी सहित ''गंभीर'' कृत्यों में शामिल थे।

प्राथमिकी में 34 लोगों के नाम शामिल थे, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अधिकारी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के निरीक्षण दल के पांच डॉक्टर शामिल थे। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एनएमसी टीम के तीन डॉक्टर भी शामिल हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ स्थित एक मेडिकल कॉलेज को अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए कथित तौर पर 55 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि इस सिंडिकेट की जड़ें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में हैं, जहां आठ आरोपी अधिकारियों ने एक परिष्कृत योजना चलाई, जिसके तहत बिचौलियों के नेटवर्क के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों को अत्यंत गोपनीय फाइलों और संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच उपलब्ध कराई गई और इसके एवज में भारी रिश्वत ली गई।


# दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण; 68 प्रतिशत लोगों ने मांगी चिकित्सा सहायता : सर्वेक्षण

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली-एनसीआर में 80 प्रतिशत से अधिक निवासियों ने प्रदूषित हवा के कारण लगातार स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने की बात कही है, जिनमें पुरानी खांसी, थकान महसूस होना और श्वसन संबंधी समस्या शामिल हैं।

एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी है। स्माइटेन पल्सएआई सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ कि 68.3 प्रतिशत लोगों ने पिछले वर्ष विशेष रूप से प्रदूषण से संबंधित रोगों के लिए चिकित्सा सहायता मांगी।

सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि सर्वेक्षण में शामिल किये गए 76.4 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे घर से बाहर बहुत कम देर के लिए निकल रहे हैं, जिससे घर असल में जेल जैसे हो गए हैं क्योंकि परिवार जहरीली धुंध से बचने के लिए बाहर कम निकलते हैं।

उपभोक्ता अनुसंधान फर्म स्मिटेन पल्सएआई ने कहा कि दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद के 4,000 निवासियों पर



किये गए व्यापक अध्ययन से एक ऐसे शहर की विनाशकारी तस्वीर उभर कर सामने आती है, जो बाहरी ताकतों से नहीं बल्कि उस हवा से जूझ रहा है जिसमें यहां के लोग सांस लेते हैं।


सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि 79.8 प्रतिशत लोग या तो किसी और शहर में जाने का विचार कर रहे हैं या पहले ही स्थान छोड़ चुके हैं, 33.6 प्रतिशत लोग यहां से जाने की योजना बना रहे हैं, 31 प्रतिशत सक्रिय रूप से इस पर विचार कर रहे हैं, और 15.2 प्रतिशत लोग पहले ही दूसरी जगह जा चुके हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 37 प्रतिशत लोगों ने पहले ही ठोस कदम उठा लिए हैं -- दूसरे शहरों में मकान ढूंढने के लिए जाना, स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए जानकारी जुटाना, या जाने के बारे में परिवार के साथ निर्णय लेना। सर्वेक्षण में कहा गया है कि प्रदूषण से जूझ रहे लोग पहाड़ी इलाके, कम कारखानों वाले छोटे शहर, दिल्ली-एनसीआर के बाहर कहीं भी, ऐसी जगह जहां सांस लेने के लिए किसी ऐप की निगरानी की ज़रूरत न हो, जाना चाहते हैं। स्मिटेन पल्सएआई के सह-संस्थापक, स्वागत सारंगी ने कहा, ''अध्ययन से पता चलता है कि लंबे समय तक खराब वायु गुणवत्ता रोज़मर्रा की ज़िंदगी -- स्वास्थ्य व्यवहार, खर्च करने के तरीके और जीवन से जुड़े फैसलों को प्रभावित कर रही है।''

# ऑटिस्टिक बेटी से मिले अनुभवों ने एक मां को किताबों के प्रकाशन को प्रेरित किया

नयी दिल्ली, (भाषा) जब नीति शुक्ला को पता चला कि उनकी छोटी बेटी ऑटिज़्म से प्रभावित है, तो उन्होंने उसे एक विशेष बच्चे के तौर पर पालने के लिए मदद मांगी, लेकिन उन्हें पता चला कि देश में विशेष ज़रूरतों वाले बच्चों के लिए शायद ही कोई खास सामग्री या किताबें उपलब्ध हैं।

नीति शुक्ला ने खुद ही यह ज़िम्मेदारी ली और 'ब्रेनलैंड बुक्स' नाम की एक प्रकाशन इकाई शुरू की, जिसका मकसद बच्चों को व्यस्त और उन्हें स्क्रीन से दूर रखने के लिए कई तरह की गतिविधियों और दिमाग को तेज़ करने वाली किताबें प्रकाशित करना था। उन्होंने पीटीआई. भाषा को बताया कि उनकी बेटी, अविका, बुलाने पर जवाब नहीं देती थी, खाली नज़रों से देखती रहती थी, चिड़चिड़ी रहती थी और आँख मिलाने से बचती थी। अपने दूसरे जन्मदिन से ठीक दो महीने पहले, अविका को ऑटिज़्म का पता चला, जो शुक्ला की ज़िंदगी में भी एक अहम मोड़ था।

जैसे-जैसे डॉक्टरों से बातचीत आगे बढ़ी, उन्हें समझ आया कि अगर किसी बच्चे में ऑटिस्टिक लक्षण मौजूद हैं, तो स्क्रीन पर ज़्यादा समय बिताना ऑटिज़्म के लक्षणों में मुख्य वजहों में से एक है। इसके अलावा, शुक्ला को यह भी पता चला कि ज़्यादा स्क्रीन टाइम सामान्य बच्चों में वर्चुअल ऑटिज़्म का कारण बन सकता है, जिसमें वे समूह में संवाद कम करते हैं।




इस सोच के साथ दो साल पहले ब्रेनलैंड बुक्स शुरू किया गया ताकि बच्चों को व्यस्त रखने और उन्हें स्क्रीन से दूर रखने के लिए कई तरह की गतिविधियां और दिमाग को सक्रिय करने वाली किताबें प्रकाशित की जा सकें। उन्होंने कहा, ''डॉक्टरों और थेरेपी की मदद से, हम समझ गए कि ऐसे बच्चों से कैसे बात करनी है। हालांकि इसके लिए सहायक सामग्री अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध थी लेकिन भारत में ऐसी कोई किताब नहीं थी।'' अपनी बेटी को पढ़ाते समय मिली सीख और अनुभव के आधार पर, नीति शुक्ला ने ऐसी किताबें तैयार करना शुरू किया जिनका मकसद विशेष बच्चों की भी मदद करना था।

ब्रेनलैंड बुक्स ने अब तक 50 से ज़्यादा किताबें प्रकाशित की हैं। विशेष बच्चों के लिए इसकी पहली किताब, 'पिक्चर बुक टू लर्न डेली रूटीन' है, जो विशेष जरूरतों वाले बच्चों को तस्वीरों के ज़रिए दिनचर्या सिखाती है। नीति शुक्ला का कहना था, ''ऐसे बच्चे अपनी भावनाएं नहीं बता सकते। न ही वे हमारे निर्देशों को समझते हैं। इसलिए, किताब में दिखाई गई तस्वीरों के ज़रिए उन्हें बताया जाता है कि बिस्तर से उठना है, बाथरूम जाना है, दांत ब्रश करने हैं और नहाना है।'' नोएडा स्थित यह प्रकाशन दिसंबर के आखिर तक ऑटिज़्म वाले बच्चों के लिए चार और किताबें जारी करेगा। आने वाली किताबें रोज़ाना के कामों के अलावा अक्षर ज्ञान, अंक ज्ञान, पेंसिल पकड़ना, बिंदुओं को मिलाकर चित्र बनाना, रंग और शुरूआती गणित सिखाने पर केंद्रित होंगी।

शुक्ला ने कहा, ''ये किताबें बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता के लिए भी खास तौर पर फायदेमंद हैं, जो उनसे बातचीत करना सीखते हैं। क्योंकि ऐसे बच्चे बोले गए शब्दों से जुड़ नहीं पाते, इसलिए तस्वीरें उन्हें अपने रोज़ाना के कामों के बारे में जानने और उनकी ज़िंदगी आसान बनाने में मदद कर सकती हैं।'' उनकी प्रकाशन इकाई अब बुज़ुर्ग लोगों के लिए दिमागी कसरत, पहेलियां और लॉजिकल रीजनिंग पर भी किताबें ला रही है जो पार्किन्सन, अल्ज़ाइमर और डिमेंशिया जैसे मरीजों के लिए लाभदायक हो सकती हैं।

## कर्ज न चुकाने पर दोस्त पर चलवाई गोली आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने 4.5 लाख के कर्ज को नहीं चुकाने को लेकर अपने दोस्त पर कथित तौर पर गोली चलवाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी सिद्धार्थ भारद्वाज को 23 नवंबर की दरम्यानी रात कई जगह की गई छापेमारी के बाद पीतमपुरा से गिरफ्तार किया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, '' बीच में स्कूली पढ़ाई छोड़ चुके भारद्वाज के खिलाफ लूट, झपटमारी और चोरी के आठ मामले दर्ज हैं। घटना पांच नवंबर को हुई जब पीड़ित राहुल सिंह (26) अपनी रकम वापस मांगने के लिए सराय रोहिल्ला स्थित सिद्धार्थ के किराए के फ्लैट पर गया था। राहुल ने पहले सिद्धार्थ को 4.5 लाख रुपये उधार दिए थे, जिन्हें उसने (सिद्धार्थ ने) अपने सहयोगी रोहित को दे दिया था।''



# 407 नवविवाहित जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

## जिलाधिकारी बोले:सामूहिक विवाह योजना द्वारा सर्वधर्म समाज का हित होता है और सामाजिक संस्कृति को बल मिलता है

**दुष्येंद्र कुमार / नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली/समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जनपद बरेली में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बरेली कॉलेज के मैदान में किया गया, जिसमें नगर निगम बरेली, विकासखण्ड भुता, फरीदपुर, भदपुरा, नवाबगंज, भोजीपुरा, बिथरी चैनपुर, क्यारा, शेरगढ़ एवं नगर पालिका परिषद फरीदपुर, नवाबगंज, नगर पंचायत सेंथल, धौराटांडा, रिठौरा, ठिरिया निजावत खाँ के 407 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। दाम्पत्य सूत्र में बंधे नवविवाहित जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थाम कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ0 अरूण कुमार, सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ0 उमेश गौतम, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह, हरि सिंह ठिल्लो, विधायक नवाबगंज डॉ0 एमपी आर्य, जिलाध्यक्ष भाजपा बरेली सोमपाल शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अधिकारियों में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

शासन की अति महत्वांकाक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत बरेली कॉलेज मैदान में 407 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें 326 हिंदू जोड़ों का विवाह तथा 81 मुस्लिम जोड़ों का निकाह सम्पन्न हुआ। मा0 जनप्रतिनिधियां एवं अधिकारियों ने सामूहिक विवाह की पावन बेला पर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया व नव युगल को पवित्र गठबंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय संबंधों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वहन हेतु जीवन की नई पारी पर वर वधू को आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दी।

इस अवसर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शुभ विवाह/पाणिग्रहण संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है, जिसमें पति पत्नी एक दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि सभी जोड़े अपना वैवाहिक जीवन अच्छे से यापन करेंगे। सामूहिक विवाह के आयोजन में वर-वधु सामाजिक रीति रिवाजों, परंपराओं से दाम्पत्य सूत्र में बंधते हैं इससे सर्वधर्म समाज और सामाजिक संस्कृति को बल मिलता है। उन्होंने सात फेरों के सात वचनों पर बल देते हुए पति पत्नी को सामंजस्यपूर्ण जीवन जीते हुए प्रगति पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासन द्वारा एक जोड़े की शादी पर एक लाख रुपए व्यय करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रू0 60,000/- कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। विवाह के समय साड़ी, पायल, बिछिया, प्रेशर कुकर, डिनर सेट, वैनिटी किट, दीवर घड़ी, ट्राली बैग, प्रेस, गद्दे, ताकिया, डबल बेडशीट, फेंटा/बड़ा गमछा, वर के लिये कपड़े, आदि सहित कुल 24 सामान प्रत्येक जोड़ों को दिया गया है तथा वर-वधु सहित उनके परिजनों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सामूहिक विवाह के प्रति जोड़े को एक लाख रुपए दिए जाने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें से 60000 रुपए लड़की के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी, 25000 रुपए का सामान दिया जा रहा है तथा 15000 रुपए खाने-पीने व अन्य व्यवस्था में व्यय किए गए हैं। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु व सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का शुभारम्भ समस्त वर्गों की निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु किया गया है। सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता के माहौल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार की आर्थिक तंगी की वजह से बेटी की इच्छाएं अधूरी ना रह जाएं इसलिए पूरे विधि विधान से विवाह सम्पन्न कराया जा रहा है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं गणमान्य लोग व समारोह से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आठ मुकदमों का वांछित शातिर अपराधी ऑपरेशन लंगड़ा के तहत धर दबोचा



**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगने के बाद उसे मौके पर ही काबू कर लिया गया। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी इज्जतनगर निवासी पारस है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में आठ से अधिक आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। सीओ सोनाली मिश्रा ने बताया कि बुधवार रात सुभाषनगर थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ आजाद पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान करगैना रोड की ओर से एक युवक बिना नंबर प्लेट की बाइक पर तेज रफ्तार से आता दिखा। पुलिस को देखते ही वह कच्चे रास्ते की तरफ भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर पीछा किया। इसी दौरान बाइक गड्ढे में फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देख बदमाश पारस ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लगी और उसे धर दबोचा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा, दो जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है। उसके खिलाफ अब नया मुकदमा दर्ज किया गया है। घायल पारस को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मेडिकल के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# एसआईआर : वर्कलोड कम हो, टारगेट पूर्ण हो, सर्वे टीम की सहायता करेंगे कोटेदार

### कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त कोटेदारों के साथ बैठक बीएलओ के कार्य में सहयोग प्रदान करने के दिए निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**



बरेली/जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों के सम्बन्ध में शहर के समस्त कोटेदारों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त कोटेदारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मतदाताओं के निवास स्थान को बताने तथा गणना प्रपत्र प्राप्त करने में पूरा सहयोग प्रदान करें क्योंकि क्षेत्र में कोटेदार लम्बे समय से हैं और स्थानीय लोग उनसे राशन प्राप्त करते हैं।

अतः आपका परिचय का दायरा स्थानीय लोगों से ज्यादा है। ऐसे में लोगों के साथ बीएलओ को मिलवाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है और आप मनोयोग से इस कार्य में लग जाए, जिससे निर्धारित समयावधि में कार्य को पूर्ण कराया जा सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार, शहर के समस्त कोटेदार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# योगी राज में चल रही भ्रष्टाचार की मलाई, आंगनवाड़ी चयन में मोटी रिश्वत का खुलासा

- निलंबित बाल विकास परियोजना अधिकारी कृष्ण चंद्र पर रिश्वत लेने का आरोप, एफआईआर दर्ज
- वीडियो साक्ष्य के आधार पर हुई कार्रवाई, चयन में 2.50 लाख तक की डील, 70 हजार एडवांस लेने का आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**




### जिलाधिकारी की टिप्पणी के बाद कार्रवाई तेज

एनसीआरबी पोर्टल के माध्यम से दर्ज प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा 14 नवंबर 2025 को की गई टिप्पणी के आधार पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को पूरा प्रकरण एसएसपी को भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही मामले की वीडियो की फॉरेंसिक जांच कराने को कहा गया है। एफआईआर के लिए आवश्यक जानकारी जैसे थाना, वादी व प्रतिवादी का विवरण स्पष्ट किया गया है। जिसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार की तहरीर के आधार पर कृष्ण चंद्र निलंबित बाल विकास परियोजना अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बारादरी पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी हैं।

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के ग्राम टिटौली में आगनबाड़ी कार्यकत्री चयन में बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। चयन प्रक्रिया में भारी अनियमितता और रिश्वत की शिकायत पर निलंबित बाल विकास परियोजना अधिकारी कृष्ण चंद्र के खिलाफ जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एसएसपी को वीडियो रिकॉर्डिंग सहित उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज करने की संस्तुति की गई। थाना बारादरी पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मामले में रिपोर्ट दर्ज का जांच शुरू कर दी है।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निदेशक, बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया शिकायतकर्ता वीरवती पत्नी अमित कुमार निवासी ग्राम टिटौली ने आरोप लगाया है कि टिटौली में आगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पद के चयत हेतु बाल विकास परियोजना अधिकारी कृष्ण चंद्र ने उनसे 1,65,000 की मांग की। उनके द्वारा 70 हजार रुपये एडवांस के रूप में 12 नवंबर 2024 को दिए गए। यह रकम उन्होंने ब्याज पर उधार लेने आरोपी अधिकारी को सौंपी। इस दौरान पीड़िता ने बीडियो रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखी, जिसे अब वह साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है। बाद में आरोपी अधिकारी ने दूसरी उम्मीदवार आज्ञा पत्नी बाबूराम से 2,50,000 लेकर वीरवती के आवेदन में जानबूझकर त्रुटि करा दी। वीरवती के अंक अधिक होने और बीपीएल श्रेणी में होने के बौवजूद उनके आवेदन को निरस्त कर दिया गया।

# परवेज अली ने मालीखेड़ा खेल महोत्सव में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो, अमरोहा।**



यूवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग अमरोहा द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम मालीखेडा में आयोजित भव्य खेल महोत्सव में हजारों छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। दिनभर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण प्रदर्शन करते हुए खेल मैदान को रोमांच से भर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधान परिषद सदस्य परवेज अली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का आधार हैं। परवेज अली ने युवाओं से खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण के साथ राष्ट्र का गौरव बढ़ाने की क्षमता रखते हैं। महोत्सव के दौरान मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और हर प्रतियोगिता पर तालियों की जोरदार गूंज सुनाई देती रही। बच्चों से लेकर युवाओं तक सभी ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं तथा युवा खेलों के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ऋषि कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकांत पांडे, अश्विन कुमार, अंकुर कुमार एवं प्रदीप कुमार सहित अनेक विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। खेल महोत्सव की सफलता से क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और खिलाड़ियों में भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का उत्साह स्पष्ट नजर आया।

# विधायक राजीव तरारा ने किया एसआईआर अभियान का निरीक्षण, मतदाताओं से फॉर्म भरने की अपील की

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



गजरौला। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत विधायक राजीव तरारा ने कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का सही अद्यतन लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है, जिसमें हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। गुरुवार को विधायक ने बूथ संख्या 226, 227, 228, 229, 230, 231 और 232 पर डोर-टू-डोर संपर्क के दौरान मतदाताओं को अपने-अपने फॉर्म सही जानकारी के साथ भरने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जनता से कहा कि बीएलओ द्वारा दिए गए फॉर्म समय से जमा करें, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न छूटे और त्रुटियों का समय पर संशोधन हो सके। कार्यक्रम के दौरान सतपाल पाल, सुशील सिधू, विनोद कुमार, निहार त्यागी, अशोक उर्फ दिले चौधरी, डॉ. उत्तम प्रजापति, मनमोहन सेन, सचिन त्यागी, गौरव सागर, मांगेराम और हरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बछरायूं पुलिस ने वाईएमएस डिग्री कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को दिया यातायात जागरूकता का संदेश



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

बछरायूं। वाईएमएस डिग्री कॉलेज बछरायूं में आयोजित एनसीसी कैंप में यातायात माह के तहत यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति विस्तृत जानकारी दी गई तथा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया, यातायात प्रभारी अमरोहा अनुज मलिक तथा प्रभारी निरीक्षक बछरायूं अमित तोमर ने कैडेट्स को हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग के खतरे, ट्रैफिक संकेतों का महत्व, गलत दिशा में वाहन चलाने की जोखिम सहित विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक किया। अधिकारियों ने कहा कि युवा पीढ़ी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर समाज में सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने में अहम भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस द्वारा यातायात माह के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों और संस्थानों में लगातार ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं व आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# नेशनल मीडिया पर गूंजा मुद्दा: बीएलओ के घर पहुंचे जिला अधिकारी

- जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापक/बीएलओ स्व0 सर्वेश कुमार गंगवार के परिवारीजनों से भेंट कर शोक संवेदना करी व्यक्त

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवनत्रिपाठी**




बरेली /जिलाधिकारी अविनाश सिंह आज भोजीपुरा के परधौली प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ ड्यूटी के दौरान अचानक निधन हुए सहायक अध्यापक स्व. सर्वेश कुमार गंगवार के घर स्वयं पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह दुख हम सबका है।

सर्वेश जैसे ईमानदार कर्मचारी को खोना पूरे जिले के लिए भारी क्षति है। परिवार चिंता न करे, प्रशासन आपके साथ खड़ा है। परिवार ने जब मासूम जुड़वां बच्चों अहाना और अयांश को देखकर अपना दर्द बांटा, तो डीएम भी क्षणभर को भावुक हो उठे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सर्वेश गंगवार न केवल एक जिम्मेदार शिक्षक थे, बल्कि बीएलओ के रूप में 46 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर चुके थे, इसलिए अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार का दबाव होने का प्रश्न ही नहीं उठता। उनका निधन एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, और इस क्षति की भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन परिवार स्वयं को अकेला न समझे।

जिलाधिकारी ने परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सभी अधिकारी एक दिन का वेतन जमा करेंगे, जो बच्चों के नाम पर फिक्स डिपॉजिट किया जाएगा। स्व. सर्वेश के छोटे भाई को संविदा पर नौकरी देने की कार्यवाही की जाएगी, ताकि परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके। प्रशासन हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। परिवार ने जिलाधिकारी के इस आश्वासन पर राहत की सांस ली और कहा कि प्रशासन ने उनकी पीड़ा को समझा, यही उनके लिए सबसे बड़ी सांत्वना है।अविनाश सिंह ने कहा कि स्व. सर्वेश गंगवार का कार्य रिकॉर्ड साफ और उत्कृष्ट था। हम उन्हें एक जिम्मेदार शिक्षक और कर्तव्यनिष्ठ बीएलओ के रूप में हमेशा याद रखेंगे।

इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनीता और एसडीएम सदर प्रमोद कुमार भी साथ रहे। अधिकारियों ने भी परिवार को सांत्वना देते हुए भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में पूरा प्रशासन उनके साथ है।

# हृदय रोगियों को बड़ी राहत: मैक्स हॉस्पिटल नोएडा ने बरेली में शुरू की ओपीडी

**नेशनल एक्सप्रेस / सुमित शर्मा**




बरेली/दिल के मरीजों के लिए बरेली में अब अत्याधुनिक इलाज की सुविधा और आसान हो गई है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने मंगलवार को बरेली के डोहरा स्थित श्री वेदांत हॉस्पिटल और स्टेडियम रोड स्थित खुशलोक हॉस्पिटल के साथ साझेदारी में कार्डियक सर्जरी की एक्सक्लूसिव डढऊ सेवाओं की शुरूआत की। लॉन्चिंग कार्यक्रम में मैक्स हॉस्पिटल नोएडा के कार्डियक सर्जरी विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. मनोज लूथरा, उळश्र विभाग के कंसल्टेंट डॉ. अभिषेक कुमार, श्री वेदांत हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. दीप पंत और खुशलोक हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. ललित पगरानी मौजूद रह

इन नई सेवाओं के तहत डॉ. मनोज लूथरा और डॉ. अभिषेक कुमार हर महीने के तीसरे मंगलवार को बरेली में उपलब्ध रहेंगे। 12 से 3 बजे तक – श्री वेदांत हॉस्पिटल,3 से 5 बजे तक – खुशलोक हॉस्पिटल,इस दौरान दोनों विशेषज्ञ प्राथमिक परामर्श, फॉलो-अप और जटिल दिल की बीमारियों के उपचार हेतु सलाह देंगे।

**हार्ट की बीमारी को नजरअंदाज करना खतरनाक – डॉ. लूथरा:** कार्यक्रम में डॉ. मनोज लूथरा ने बताया कि गंभीर कोरोनरी आर्टरी डिजीज, वाल्वुलर हार्ट डिजीज और जन्मजात हृदय असामान्यताओं में समय पर कार्डियक सर्जरी बेहद जरूरी होती है।उन्होंने कहा कि मिनिमली इनवेसिव तकनीक से अब कई जटिल सर्जरी छोटे चीरे के साथ संभव हैं, जिनसे मरीज जल्दी रिकवर होते हैं। देरी करने पर हार्ट का आकार बढ़ सकता है और हालत हार्ट फेलियर तक पहुंच सकती है।मिनिमली इनवेसिव तकनीक से तेज रिकवरीह्व – डॉ. अभिषेक कुमार

उळश्र कंसल्टेंट डॉ. अभिषेक ने बताया कि नई तकनीक ने कार्डियक सर्जरी को अधिक सुरक्षित और तेज रिकवरी वाला बना दिया है। छोटे चीरे वाली प्रक्रियाओं में दर्द कम होता है और मरीज जल्दी सामा समाधान मिले मैक्स हॉस्पिटल ने कहा कि इस आउटरीच डढऊ के जरिए बरेली और आसपास के मरीजों को अब दिल्ली बार-बार नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और पैसों की बचत होगी। विशेषज्ञ अब मरीजों के नजदीक उपलब्ध रहेंगे।

**मैक्स हेल्थकेयर: देश का प्रमुख हेल्थकेयर नेटवर्क:**मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड देश के सबसे बड़े और विश्वसनीय हेल्थकेयर नेटवर्क में शामिल है। करीब 20 हेल्थकेयर फैसिलिटी, 5,200 से अधिक बेड क्षमता और उत्तर भारत में मजबूत उपस्थिति के साथ यह उन्नत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। साकेत स्थित इसका सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल देश के शीर्ष टर्शियरी और क्वाटरनरी केयर सेंटरों में माना जाता है।

इसके अलावा पटपड़गंज, वैशाली, राजेंद्र प्लेस, द्वारका, नोएडा, शालीमार बाग, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, मोहाली, बठिंडा और देहरादून समेत कई शहरों में इसकी अस्पताल श्रृंखला सक्रिय है।

# एटीएम कार्ड बदलकर पलक झापकते ही 65 हजार साफ

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर युवक के खाते से 65 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने अपना बैंक स्टेटमेंट भी सबूत के रूप में पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के पटेल विहार कॉलोनी में रहने वाले प्रेम कुमार सागर ने बताया कि उनका खाता संख्या 39448100008375 बैंक ऑफ बड़ौदा, होम ब्रांच सुभाषनगर में है। उन्होंने बताया कि वह फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में एटीएम से रुपए निकालने गए थे इस दौरान,एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से 50,000, 10,000 और 5,000 रुपये निकाले गए। कुल 65,000 रुपये खाते से निकाले जाने की पुष्टि स्टेटमेंट में हुई है।

पीड़ित का आरोप है कि 50 हजार रुपये रुषमिना नाम की महिला के खाते में ट्रांसफर किए गए, जबकि 15 हजार रुपये कैश निकाले गए। पीड़ित के अनुसार, यह सब उस व्यक्ति ने किया, जिसने उनके साथ कार्ड बदलने की चाल चल दी। आरोपी का नाम अवधेश पुत्र हरद्वारी लाल, निवासी ग्राम फिरोजपुर, निकट गंज, बरेली, बताया गया है। पीड़ित ने कहा कि उनके असली कार्ड की जगह उक्त व्यक्ति ने शकील अहमद के नाम का एटीएम कार्ड बदलकर उनके हाथ में थमा दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी है।

# अधिवक्ता परिषद द्वारा संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चन्दौसी। अधिवक्ता परिषद बृज इकाई (सम्भल) के तत्वावधान में आज चन्दौसी बार रूम में 'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय संविधान की विशेषताओं और वर्तमान परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। गोष्ठी के मुख्य वक्ता मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज गुप्ता रहे। अपने संबोधन में डॉ. गुप्ता ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और समावेशी लिखित संविधान है। उन्होंने कहा, ₹संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है जो समाज के हर वर्ग को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी देता है।₹ उन्होंने सभी अधिवक्ताओं और नागरिकों से संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ता समाज संविधान का सजग प्रहरी है और संविधान की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।मंच का कुशल संचालन प्रवीण गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए संविधान निर्माण में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर व बी एन राव और अन्य मनीषियों के योगदान को याद किया। गोष्ठी में श्रीगोपाल शर्मा, विनोद सिंह विष्णु कुमार शर्मा, राहुल चौधरी, विक्रम सिंह, विकास कुमार मिश्रा, अमरीश अग्रवाल, प्रदीप कुमार मिश्रा, विभोर बंसल, सुनील सिंह, श्यामेंद्र सिंह, सचिन गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, शिवम सिंह, कविता चौहान, किरण शर्मा, श्यामेन्द्र सिंह, चरण सिंह आदि अधिवक्तागण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गैरसरकारी संगठन प्रयत्न संस्था का संकल्प...

# साल भर में बनाएंगे बाल विवाह मुक्त सम्भल

- मशाल जुलूस निकाल कर दिया बाल विवाह न करने का संदेश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





संभल। पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित प्रयत्न संस्था ने कहा कि वह सम्भल को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान जिसे बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है, ने एक लक्षित रणनीति तय की है। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देशन में स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों के खिलाफ इस सदियों पुराने अपराध का अंत सुनिश्चित किया जा सके। प्रयत्न संस्था देश में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश के 451 जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। ह्यबाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 27 नवंबर को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर प्रयत्न संस्था ने स्कूलों, ग्रामीण समुदायों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार ने अधिकारिक पत्र जारी कर पूरे जिले में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह आयोजित करने के निर्देश जारी किये। संगठन ने जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया और उन्हें समझाया कि कानून के अनुसार बाल विवाह में किसी भी तरह से शामिल होने या सहायता करने वालों जिसमें शादी में आए मेहमान, कैटरर्स, टेंट वाले, बैंड वाले, सजावट वाले या बाल विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहित, सभी को इस अपराध को बढ़ावा देने के जुर्म में सजा हो सकती है। पिछले कुछ वर्षों से कानून लागू करने वाली एजेंसियों व जिला प्रशासन के साथ करीबी समन्वय से काम करते हुए प्रयत्न संस्था ने पिछले एक वर्ष में ही अनेकों बाल विवाह रुकवाए हैं। बाल विवाह के खिलाफ जारी अभियान को और गति व मजबूती देने वाली सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए गौरीशंकर चौधरी ने कहा, ह्यह 100 दिवसीय गहन अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य के करीब लाएगा। सदियों से हमारी बेटियों को अवसरों से वंचित किया गया है और विवाह के नाम पर उन्हें अत्याचार, शोषण और बलात्कार की ओर धकेला गया है। जन प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और समुदायों का अभूतपूर्व तरीके से एक साथ आना, बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को नई ऊर्जा व रफ्तार देगा। इस समन्वय और सामूहिक संकल्प से हम जिले को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति आश्वस्त हैं और अब इस अपराध को छिपने के लिए कहीं भी जगह नहीं मिलेगी।

सौ दिन के इस गहन जागरूकता अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर समाप्त होगा। इसका पहला चरण 31 दिसंबर तक चलेगा जिसमें स्कूलों, कालेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा। एक जनवरी से 31 जनवरी के बीच दूसरे चरण में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, बैंक्वेट हाल, और बैंड वालों जैसे विवाह में सेवाएं देने वालों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तीसरा और आखिरी चरण 8 मार्च तक चलेगा। इसमें बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के वार्डों और समुदाय स्तरीय भागीदारी पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा।

# धनारी पीएचसी पर मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**एचआईवी टीबी, सिफलिस सहित अनेक जांचें निशुल्क**

**क्षेत्र की आशा बहनों को किया गया सम्मानित**

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गुन्नौर/धनारी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनारी में गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण सुरक्षा केंद्र, जिला संयुक्त चिकित्सालय द्वारा एक भव्य मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह विशाल शिविर कोऑर्डिनेटर डॉ. तबस्सुम के नेतृत्व और देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में सैकड़ों लोगों ने पहुँचकर स्वास्थ्य संबंधी जांच कराई तथा चिकित्सकों से परामर्श लिया।शिविर का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष धनारी भुवनेश राघव, कोषाध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, मंडल मंत्री दुर्गेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नवरत्न सिंह, एवं स्वास्थ्य विभाग के डॉ. सीएमएस, डीटीओ, एमओआईसी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के साथ ही शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन प्रारंभ हुआ, जिसमें लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस मेगा शिविर में एचआईवी, सिफलिस, यौन संक्रमण, टीबी, रक्त जांच, सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित कई गंभीर और संक्रामक बीमारियों की सभी जांचें पूर्णत निशुल्क की गईं। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों को एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य, संक्रमण से बचाव, जागरूकता और गंभीर बीमारियों से सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को बीमारी के लक्षण, सावधानियाँ, रोगों के प्रसार को रोकने के तरीकों और सुरक्षित व्यवहार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही मुफ्त दवाइयां, स्वास्थ्य सुरक्षा सामग्री एवं जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक वस्तुएं भी वितरित की गईं।

शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनारी के अंतर्गत आने वाली आशा बहनों शिल्पी वार्ष्णेय, रेखा यादव, निशा मीणा, गीता देवी, कुसुम आदि को उनके उत्कृष्ट कार्य और समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए सम्मान प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और चिकित्सकों ने आशा बहनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की।

शिविर में मौजूद चिकित्सकों सहित परामर्शदाता टीम द्वारा लोगों में गंभीर बीमारियों की जांच के साथ साथ व्यापक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। हर मरीज की स्थिति को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों ने उपचार संबंधी सुझाव और आवश्यक दवाइयां दीं। कोऑर्डिनेटर डॉ. तबस्सुम, महिला स्टाफ नर्स अंजुम इदरीसी, और सभी चिकित्सकों ने बताया कि यदि शिविर में कोई भी मरीज पॉजिटिव पाया गया, तो उसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क दवा और आवश्यकता अनुसार मुफ्त इलाज प्रदान किया जाएगा। यह सुविधा भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

# शत-प्रतिशत कार्य करने पर बीएलओ को किया सम्मानित

- डीएम ने जनपद के समस्त बीएलओ को दिये निर्देश शीघ्र ही करें मतदाता सूची का डिजिटलाइजेशन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



संभल। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत जनपद में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में गणना प्रपत्रों के वितरण/संग्रहण, डिजिटलाइजेशन आदि कार्य चल रहे हैं। विकास खण्ड असमोली के कम्पोजिट विद्यालय अहरौला माफी के बूथ नं 11 जिसमें कुल 1059 मतदाता हैं को बीएलओ पंकज मेहरोत्रा (सहायक अध्यापक) द्वारा शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। यह जनपद के नौवें बीएलओ बने जिन्होंने अपने बूथ को डिजिटाइज्ड किया है । विकासखण्ड असमोली के बूथ संख्या 331 के सभी मतदाताओं के बीएलओ ओमवीर सिंह ( प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद देवरी) एवं विकासखण्ड असमोली के बूथ संख्या 197 की बीएलओ वर्षा तौमर द्वारा अपने बूथ के सभी मतदाताओं के फॉर्मों की शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया गया।जनपद में अभी तक 11 बीएलओ द्वारा अपने बूथों को शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया गया है।दिनांक 24 नवंबर को बीएलओ मित्रपाल सिंह द्वारा जनपद में सबसे पहले अपने बूथ को डिजिटाइज्ड किया था। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में शीघ्र अपने बूथ को डिजिटाइज्ड करने वाले इन बीएलओ के कार्य की प्रशंसा की तथा जिलाधिकारी ने कहा की जनपद के समस्त बीएलओ इनसे प्रेरणा लेते हुए अपने बूथों को शीघ्र की डिजिटाइज्ड करना सुनिश्चित करें। तहसील सभागार सम्भल में उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज एवं डिप्टी कलक्टर निधि पटेल द्वारा बीएलओ पंकज मेहरोत्रा एवं बीएलओ वर्षा तौमर को एक शॉल एवं एक पुष्प एवं एक पुस्तक तथा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

# ट्राली चोरी गैंग का पदार्फाश, चार अभियुक्त असलाह व ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गुन्नौर/धनारी। जनपद सम्भल में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में पुलिस ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना धनारी पुलिस ने ट्राली चोरी करने वाले सक्रिय गैंग का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को दबोचा है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई प्रदीप कुमार के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने आज सुबह लगभग 2:55 बजे धनारी पट्टी बालू शंकर से गौरीपुरा जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर चारों अभियुक्तों को पकड़ लिया। पवन पुत्र जगपाल, फुलवारी सिंह पुत्र जगपाल सिंह,गंभीर सिंह पुत्र जगपाल सिंह तीनों निवासी ग्राम मिलक शाकिन थाना कैला देवी जनपद सम्भल ओमप्रकाश पुत्र नत्थू निवासी ग्राम गुरैठा थाना धनारी जनपद सम्भल से पुलिस टीम ने चोरी की एक ट्राली, चोरी में इस्तेमाल पावरट्रैक ट्रैक्टर, एक 315 बोर का तमंचा, चार जिंदा कारतूस 315 बोर, एवं अन्य संदिग्ध सामान। बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ थाना धनारी में वीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

**धनारी थाना क्षेत्र में चोरों ने दिया था घटना को अंजाम**

दिनांक 24/25 नवंबर 2025 की रात में गजेन्द्र सिंह पुत्र हुक्मी निवासी ग्राम भिरावटी थाना धनारी के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली चोरी कर ली गई थी। वारदात की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि यही चारों आरोपी इसके पूर्व भी 14 नवंबर 2025 को ग्राम बागढपुर थाना कैला देवी क्षेत्र से सोमवीर पुत्र कुंवरपाल के घर के बाहर खड़ी ट्राली चोरी कर ले गए थे। चोरी की गई ट्रालियों को आरोपी बिसौली बदायूं में बेचने की तैयारी कर रहे थे। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई ट्राली बरामद कर ली तथा पूरे गैंग की गतिविधियों का खुलासा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम-एसपी ने मालखाने का किया निरीक्षण



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पैसिंया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा सदर मालखाना, चन्दौसी का औचक निरीक्षण किया गया तथा मालखाने के अभिलेखों, माल-असलों के अभिरक्षण, रख-रखाव और सुरक्षा व्यवस्था का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मालखाने की सभी प्रविष्टियों की समीक्षा की और उनका भौतिक सत्यापन किया गया। इसके उपरांत, उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता परीक्षा में पास हुए बच्चों को एसपी ने किया सम्मानित



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल। गुरुवार को गोया वर्ल्ड स्कूल, रामपुर जाट, सम्भल द्वारा एक नई पहल के तहत छात्रों को भविष्य में अपना कैरियर बनाने के उद्देश्य से स्कूल में ही यूपीएससी सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। जिसमें स्कूल के कक्षा 8 व 12वीं क्लास के छात्रों के लिये गोया वर्ल्ड स्कूल द्वारा यूपीएससी मिनी परीक्षा की व्यवस्था की गई है। इस तीन चरण की परीक्षा में 269 छात्रों के द्वारा प्रारंभिक परीक्षा में भाग लिया गया तथा प्रारंभिक परीक्षा में पास हुए 12 छात्रों द्वारा मुख्य परीक्षा में भाग लिया और अंतिम परीक्षा इंटरव्यू में 05 छात्रों द्वारा सफलता प्राप्त की गयी। इंटरव्यू में सफल हुए पांच छात्रों को पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय बहजोई पर मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन व सम्मानित किया गया तथा उनका मार्गदर्शन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान बच्चों के साथ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश गर्ग एवं प्रधानाचार्य स्वाति गुप्ता मौजूद रही।

### बच्चों ने यातायात नियमों पर बनाए चित्र

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के प्रभावी नेतृत्व में जनपद में लगातार यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न चौराहों पर यातायात पुलिस द्वारा आम जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा के पालन तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इसी श्रृंखला में अभियान के अंतर्गत एंग्लो वैदिक स्कूल, बहजोई एवं हिन्द इंटर कॉलेज संभल में बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। यातायात पुलिस जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रखेगी।

# तेज रफ्तार अर्टिका ने दिव्यांग युवक को मारी टक्कर

नेशनल एक्सप्रेस

गुन्नौर/धनारी। थाना क्षेत्र के ग्राम मझोला फतेहपुर में एक दिव्यांग युवक के साथ हुई सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विजयसिंह पुत्र ओमप्रकाश जो दोनों पैरों से विकलांग है। बीते 24 नवंबर 2025 को लगभग 11:45 बजे अपने सरकारी अनुदान से मिले इलेक्ट्रिक रिक्शे से मझोला मंदिर स्थित नाई की दुकान पर बाल कटवाने जा रहा था। इसी दौरान जब वह सड़क पार कर रहा था तभी धनारी स्टेशन की ओर से आ रही तेज रफ्तार अर्टिका ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दिव्यांग युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अर्टिका चालक मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद बबराला की ओर जा रही पुलिस कर्मियों की एक गाड़ी वहाँ पहुँची। पुलिस ने मानवीयता दिखाते हुए घायल को अपनी गाड़ी में बैठाकर सीएचसी बहजोई पहुँचाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल बबराला में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार युवक के पैर की हड्डी टूट गई है और उसका इलाज जारी है। घटना को लेकर पीड़ित के भाई विजयपाल पुत्र ओमप्रकाश ने आज गुरुवार को थाना धनारी में एक लिखित शिकायत देकर अर्टिका चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आईजीआरएस की हुई समीक्षा बैठक

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



संभल। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत डिफाल्टर संदर्भ को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर न दिखे। विभिन्न विभागों के लंबित सन्दर्भों पर चर्चा की गयी तथा लंबित सन्दर्भों को समय से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक को लेकर भी चर्चा की गयी तथा संतोषजनक फीडबैक को बढाने को लेकर निर्देशित किया ताकि रैंक अच्छी हो सके। सभी शिकायतकताओं से वार्ता करने तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों को कार्यालय अध्यक्ष स्वयं देखें जो भी आख्या बनाएं उसको संबंधित अधिकारी द्वारा स्वयं पढने के निर्देश दिए। मुख्य हेल्पलाइन पर भी चर्चा की संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा, सौरभ कुमार पाण्डेय, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरोप: कानून पढ़ी हुई बेटी की दहेज के लिए हत्या, पोस्टमार्टम रिपोर्ट खोलेगी राज

- जज की एडवोकेट भतीजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, अभी हाल ही नौ महापूर्व हुई थी शादी

नेशनल एक्सप्रेस





बरेली। कोतवाली प्रेम नगर क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एडवोकेट महजबीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महजबीन, एडीजे असगर अली और एडवोकेट अच्छन अंसारी के परिवार से ताल्लुक रखती थीं। घटना की सूचना पर मायके पक्ष में कोहराम मच गया। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, सहसवानी टोला निवासी डॉक्टर हाशिम अंसारी की बेटी और पेशे से अधिवक्ता महजबीन की शादी 27 फरवरी 2025 को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के शाहाबाद निवासी डॉक्टर तलहा से हुई थी। शादी को अभी नौ माह भी पूरे नहीं हुए थे कि गुरुवार सुबह महजबीन की अचानक मौत की खबर ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया। सूचना मिलते ही मायके वाले ससुराल पहुंचे और पुलिस को मामले से अवगत कराया। आरोप है कि शादी के बाद से ही महजबीन को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। परिवारजन ने साफ शब्दों में इसे दहेज हत्या करार दिया है, हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी लिखित शिकायत नहीं मिली है।

कोतवाली प्रेम नगर पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण साफ हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोग पूरे मामले पर पुलिस कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## संपादकीय

# असहिष्णुता का द्वंद्व

देश हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाता है, और इसके दो दिन बाद हम जब 28 नवंबर की तिथि पर खड़े होते हैं, तो एक स्वाभाविक प्रश्न सामने आता है—क्या हम वास्तव में संविधान के मूल्यों को व्यवहार में उतार पा रहे हैं? पिछले दो दिनों की घटनाएँ बताती हैं कि एक ओर देशभर में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन, न्यायपालिका द्वारा नागरिक स्वतंत्रता पर दिए जा रहे महत्वपूर्ण निर्णय, और विश्वविद्यालय परिसरों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए; वहीं दूसरी ओर समाज में वैचारिक ध्रुवीकरण, हिंसक झड़पों, और असहिष्णुता के उदाहरण भी सामने आए। यही विरोधाभास हमारे लोकतंत्र की वर्तमान स्थिति का यथार्थ चित्र है।26 और 27 नवंबर के बीच देश के कई राज्यों में कानून—व्यवस्था से जुड़े तनावपूर्ण हालात देखने को मिले। सोशल मीडिया पर उकसाने वाले संदेशों ने स्थानीय विवादों को बड़े संघर्ष का रूप दे दिया। कई शहरों में पुलिस को हालात नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात करना पड़ा। यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि हमारा समाज संवैधानिक मूल्यों से जितनी दूर होता जाता है, सार्वजनिक शांति उतनी ही नाजुक हो जाती है।इसी दौरान, सर्वोच्च न्यायालय ने नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति के अधिकार से जुड़े दो महत्वपूर्ण मामलों में सुनवाई करते हुए सरकारों को याद दिलाया कि लोकतंत्र में असहमति को दबाना समाधान नहीं, बल्कि नए संकटों को जन्म देता है। न्यायालय की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कई राज्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नियंत्रण लगाने वाले अध्यादेश और दिशानिर्देश जारी कर रहे हैं। लोकतंत्र का स्वास्थ्य तभी सुरक्षित रह सकता है जब न्यायपालिका नागरिक अधिकारों की रक्षा में निर्भीक बनी रहे।28 नवंबर का यह संपादकीय पिछले दो दिनों के इस विरोधाभास को विशेष रूप से इसलिए रेखांकित करता है क्योंकि संविधान दिवस की औपचारिकताएँ तब तक अधूरी हैं, जब तक संविधान के मूल में मौजूद विचार—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—हमारे सामाजिक व्यवहार में दिखाई न दें।इन दिनों विश्वविद्यालयों, कलेक्ट्रेटों और सरकारी संस्थानों में व्यापक रूप से उद्देशिका का वाचन हुआ। यह एक सकारात्मक संकेत है कि राष्ट्र अपनी जड़ों और अपने लोकतांत्रिक ढांचे की आत्मा को दोबारा समझने का प्रयास कर रहा है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या यह समझ केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित रह जाएगी, या समाज इसे व्यवहार में भी उतारेगा?बीते दो दिनों में जो हिंसा और अव्यवस्था सामने आई, वह बताती है कि हम संविधान को पढ़ते तो हैं, पर उसे जी नहीं पाते। विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती असहिष्णुता और सोशल मीडिया आधारित उन्माद यह संकेत देते हैं कि लोकतांत्रिक मूल्यों की शिक्षा को केवल विद्यालयों में नहीं, बल्कि परिवार और सामाजिक परिवेश में भी मजबूती से स्थापित करने की आवश्यकता है।यह भी तथ्य ध्यान देने योग्य है कि जब समाज संवाद की संस्कृति को कमजोर कर देता है, तो न्यायपालिका पर अत्यधिक अपेक्षाएँ बढ़ जाती हैं। लेकिन लोकतंत्र केवल न्यायालयों के सहारे नहीं चल सकता। जरूरत है कि राजनीतिक दल, शिक्षा संस्थान और नागरिक समाज संवाद, सहिष्णुता और तथ्याधारित बहस की संस्कृति को पुनर्जीवित करें।28 नवंबर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तिथि हमें दो परस्पर विपरीत चित्र एक साथ दिखाती है। एक ओर संविधान की आदर्शवादी शक्ति है, और दूसरी ओर वास्तविकता की त्रुटियाँ। यह दिन हमें याद दिलाता है कि औपचारिक समारोहों के बजाय संविधान के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता तभी दिखाई देगी, जब नागरिक स्वतंत्रता, सामाजिक सद्भाव और जिम्मेदार अभिव्यक्ति को हम दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाएँ।लोकतंत्र को जीवंत रखने की जिम्मेदारी केवल सरकार या न्यायपालिका की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। संविधान दिवस के दो दिन बाद हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि भारतीय लोकतंत्र का भविष्य केवल इस बात पर निर्भर करेगा कि हम संविधान को कितनी ईमानदारी से पढ़ते नहीं, बल्कि कितनी निष्ठा से उसे व्यवहार में उतारते हैं।

# श्रीराम मन्दिर ध्वजारोहण पर पाक की बौखलाहट



ललित गर्ग

**दूसरी ओर, भारत में 20 करोड़ से ज्यादा मुस्लिम हैं, इनकी संख्या अन्य अल्पसंख्यकों के साथ तेजी से बढ़ रही है। पाकिस्तान की ओर से यह फिजूल टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब पाकिस्तान खुद लंबे समय से हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदिया मुसलमानों सहित दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का केंद्र बना हुआ है।**

पाकिस्तान की भारत-निंदा की आदत कोई नई नहीं है; यह उसकी कूटनीति एवं संकीर्ण सोच का स्थायी चरित्र बन चुकी है। ऐसा शायद ही कोई अवसर हो जब भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती साख और सांस्कृतिक उन्नयन का प्रभावी दृश्य उभरे और पाकिस्तान उसमें संकुचित मानसिकता से भरी त्रासद टिप्पणियां न करे, विरोध का वातावरण न बनाए या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनर्गल आरोपों का पुलिंदा न खोले। हाल ही में अयोध्याजी में श्रीराम मंदिर पर हुए ध्वजारोहण समारोह को लेकर उसकी बौखलाहट इसी मानसिक दिवालियापन का ताज़ा उदाहरण है। भारतीयता के स्वाभाविक सद्भाव में सेंध लगाने का कोई अवसर पाकिस्तान हाथ से नहीं जाने देता। यह केवल एक धार्मिक समारोह नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यता-स्मृति और सांस्कृतिक स्वाभिमान का वह क्षण था जिसने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। पाकिस्तान ने इस ऐतिहासिक घटना का विरोध ही नहीं किया बल्कि इसे संयुक्त राष्ट्र तक ले जाकर शिकायत की, जैसे उसे भारत के हर आंतरिक मामले में बाधा डालना ही अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारी समझ में आता हो। इससे पहले भी उसने राम मंदिर निर्माण के अवसर पर अनर्गल विरोध दर्ज कराया था। यह उसका वह ढर्रा है जो भारत के सांस्कृतिक उत्थान एवं उन्नयन की किसी भी झलक को देखकर सहन नहीं कर पाता।

पूरे कुतर्क एवं कुचेष्टाओं के साथ अपने बयान में पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया है कि श्रीराम मन्दिर का ध्वजारोहण भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर दबाव बनाने की व्यापक प्रवृत्ति का परिणाम है। वैसे, दुनिया जानती है कि किस देश में अल्पसंख्यक ज्यादा दबाव में हैं। आज के समय में पाकिस्तान में बमुश्किल 50 लाख हिंदू बचे हैं, अन्य अल्पसंख्यक सिख और ईसाई तो न के बराबर हैं। पश्चिमी पाकिस्तान में बंटवारे से पहले करीब 15 प्रतिशत हिंदू रहा करते थे, पर बंटवारे के बाद हिंदुओं की संख्या 2 प्रतिशत के आसपास आ सिमटी।

दूसरी ओर, भारत में 20 करोड़ से ज्यादा मुस्लिम हैं, इनकी संख्या अन्य अल्पसंख्यकों के साथ तेजी से बढ़ रही है। पाकिस्तान की ओर से यह फिजूल टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब पाकिस्तान खुद लंबे समय से हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदिया मुसलमानों सहित दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का केंद्र बना हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पूरे पाकिस्तान में ईसाइयों और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा व उत्पीड़न जारी रहा है।

सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली कहावत के अनुसार पाकिस्तान की यह दखलअंदाजी केवल अस्वीकार्य ही नहीं, बल्कि उसकी दोहरी मानसिकता और पाखंडी चरित्र को भी उजागर करती है। विडंबना यह है कि जो देश स्वयं अपने ही नागरिकों को सुरक्षित रखने में असमर्थ है, जो अपने ही अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का हनन करता रहा है, वह भारत में मुसलमानों के अधिकारों की चिन्ता में रातभर जागने का अभिनय कर रहा है।

वह देश, जहां हिंदुओं की आबादी 1947 से लेकर आज तक लगभग समाप्त होने की कगार पर पहुँच चुकी है, जहां सिखों पर अत्याचार के अनगिनत उदाहरण मौजूद हैं, जहां ईसाइयों की प्रार्थना सभाओं को अक्सर हिंसा का निशाना बनाया जाता है, वह भारत में अल्पसंख्यक अधिकारों पर प्रवचन देने का नैतिक अधिकार कैसे प्राप्त कर सकता है? पाकिस्तान की विश्वसनीयता इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि उसकी हर शिकायत एक राजनीतिक नौटंकी से अधिक कुछ नहीं रह जाती। पाकिस्तान के इस व्यवहार के पीछे भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, उभरती वैश्विक प्रतिष्ठा और मजबूत होती राष्ट्र-चेतना का भय साफ दिखाई देता है। भारत आज जिस तेज़ी से विश्व राजनीति में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है, उसकी आर्थिक शक्ति जितनी तेज़ी से बढ़ रही है और जिसके सांस्कृतिक और सभ्यतागत विमर्शों को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है, वह पाकिस्तान की बेचैनी का मूल कारण है। पाकिस्तान यह समझ चुका है कि भारत केवल राजनीतिक या आर्थिक शक्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में भी उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का पुनर्निर्माण और इसके साथ जुड़ी सांस्कृतिक चेतना भारतीय समाज के भीतर एक नई एकता, नई ऊर्जा और एक नए आत्मसम्मान का निर्माण कर रही है। यही वह शक्ति है जिसे पाकिस्तान सबसे अधिक डरता है क्योंकि एक आत्मविश्वासी, एकजुट और संस्कृति-प्राण भारत उसकी कट्टरपंथी राजनीति और भारत-विरोधी साजिशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

पाकिस्तान की ओर से जो 'बुकलेट्स' और 'शिकायतें' अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पेश की जाती हैं, वे वस्तुतः उसकी असफल विदेश नीति का प्रमाण-पत्र हैं। एक ऐसा देश, जो आज आर्थिक दिवालियापन, राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद की जड़ों में स्वयं फंसा हुआ है, वह भारत के आंतरिक धार्मिक आयोजनों को राजनीतिक संकट बनाने का हास्यास्पद प्रयास करता है। उसका यह व्यवहार न केवल हस्तक्षेपकारी है, बल्कि उकसाने वाला भी है। भारत इन सब निराधार आरोपों को न केवल तथ्यात्मक रूप से खारिज करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर हर मंच पर सटीक जवाब देने की तैयारी भी रखता है।

भारत की नीति स्पष्ट है, वह किसी भी देश के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देता, परंतु अपने आंतरिक मामलों पर किसी की दखलंदाजी भी स्वीकार नहीं करता। भारत की आंतरिक नीतियाँ संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था से संचालित होती हैं। यहां का अल्पसंख्यक समुदाय किसी भी अन्य समुदाय की तरह समान अधिकारों का उपभोग करता है। भारत की भूमि पर हर धर्म, पंथ और विचारधारा को समान रूप से सम्मान मिलता है। यह विविधता और समभाव वाला देश है जहाँ मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च केवल स्थापत्य संरचनाएँ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के बहुरंगी फूल हैं। पाकिस्तान की एकरंगी धार्मिक नीति और कट्टरपंथी दबदबा इसे समझ नहीं पाता, इसलिए वह भारत के धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति जताकर अपनी ही सीमित सोच को उजागर करता है। भारत ने हर चुनौती, हर आरोप और हर उत्तेजक बयान का शांतिपूर्ण और तथ्याधारित उत्तर दिया है।

# सादगी, निरहंकारिता, मिलनसारिता औरजीवट व्यक्तित्व के प्रतीक थे रबि राय



विज्ञान मोदी

हिंदुस्तान के समाजवादी आंदोलन के प्रमुख नेता और डॉ. राममनोहर लोहिया के अनुयायी श्री रबि राय से मेरी पहली मुलाकात 22 दिसम्बर, 1969 को दिल्ली में समाजवादी युवजन सभा के दौरान हुई। उस दिन पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर संसद भवन के सामने ऐतिहासिक प्रदर्शन चल रहा था। इस प्रदर्शन में पूरे देश के लगभग सभी राज्यों से आए दस हजार से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया था। युवजनों का सैलाब मिंटो ब्रिज से गगनभेदी नारों के साथ देश की संसद की ओर बढ़ रहा था। पटेल चौक से आगे पार्लियामेंट स्ट्रीट पर पुलिस की भारी नाकाबंदी थी। इर्द-गिर्द के सारे रास्ते सशस्त्र पुलिस बल से अटे पड़े थे। प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी युवजन सभा के तत्कालीन अध्यक्ष किशन पटनायक व सयुस के प्रधानमंत्री सत्यदेव त्रिपाठी कर रहे थे। प्रदर्शन में सर्वश्री राजनारायण, मधु लिमये, रबि रॉय, जनेश्वर मिश्र, जे.एच. पटेल, अर्जुनसिंह भदौरिया, रामसेवक यादव, गोलाप बोरबोरा, मनीराम



बागड़ी आदि नेता शामिल थे। पुलिस के अश्रुगैस और बर्बर लाठी चार्ज से बीसियों युवजन घायल हुए।

संसद परिसर की ओर बढ़ते सर्वश्री राजनारायण, मधु लिमये, रबि रॉय, जनेश्वर मिश्र, जे.एच. पटेल, मनीराम बागड़ी, अर्जुनसिंह भदौरिया, रामशरणदास, किशन पटनायक, प्रोफेसर विनयकुमार व मेरे सहित कुल 252 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया और जमानत देने से इनकार करने पर तिहाड़ जेल भेज दिया गया। जनवरी, 1969 में जोधपुर से मैंने अपने साथी गौतम भंडारी के साथ समाजवादी युवा आंदोलन की मुखपत्रिका के तौर पर ₹युवजन₹ पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया। इस पत्रिका में वैचारिक आलेखों, देशव्यापी संगठनात्मक व आंदोलनात्मक गतिविधियों के प्रकाशन व प्रसारण में सर्वश्री राजनारायण, मधु लिमये व रबि रॉय का विशेष परामर्श तथा योगदान मिलता रहा। श्री रबि रॉय से मिलने का अवसर मेरे अग्रज श्री सुज्ञान मोदी भाईसाहब के साथ कई बार मिला। उनका दफ्तर थापर हाउस जनपथ पर था और बगल में ही संसद सदस्यों का आवास वेस्टर्न कोर्ट था। श्री सुज्ञान मोदी स्वयं गांधीजी और डॉ. लोहिया के जीवन और विचारों से प्रभावित रहे हैं। अतः श्री रबि राय से पार्टी के आंदोलन और कार्यक्रम के बारे में चर्चा होती रहती थी। सन 1971-73 में समाजवादी युवजन सभा का केंद्रीय मंत्री होने के नाते दो वर्षों तक साउथ ब्लॉक दिल्ली में मेरे प्रवास के दरमियान अक्सर श्री रबि राय से मार्गदर्शन मिलता रहा। जुलाई 1979 में जनता पार्टी के विभाजन पर श्री रबि राय सहित अनेक सांसदों के साथ श्री राजनारायण जी के नेतृत्व में ₹जनता पार्टी (सेक्युलर)₹ का गठन हुआ और राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मुझे दी गई, उस दौरान भी श्री रबि राय से मेरा संपर्क बना रहा। सन्1989 - 1991 के मध्य जब श्री रबि राय लोकसभा अध्यक्ष थे, तब लोकसभा में एक से अधिक बार उनके चेंबर में सहजता के साथ जो मुलाकात होती थी, उनकी सरलता और स्नेह अविस्मरणीय है। श्री रबि राय का संपूर्ण जीवन सादगीपूर्ण, अहंकाररहित, मिलनसार और जीवट व्यक्तित्व का प्रतीक रहा है। समाजवादी आंदोलन के कर्णधारों और पार्टी के साधारण से साधारण कार्यकर्ताओं के लिए भी वे सदैव उपलब्ध रहे। उनके जन्मशताब्दी वर्ष में हो रहे इस आयोजन पर मैं अत्यंत कृतज्ञ हृदय से उनका स्मरण करता हूँ और उनकी प्रेमिल स्मृतियों को हृदय से प्रणाम करता हूँ।

## इतिहास में आज का दिन

28 नवंबर का दिन इतिहास के पन्नों में अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं, उपलब्धियों और परिवर्तनकारी प्रसंगों का साक्षी रहा है। विश्व और भारत—दोनों के परिप्रेक्ष्य में यह तिथि राजनीतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े कई अध्यायों को समेटे हुए है। यह दिन कभी प्रगतिशील विचारों के उदय का प्रतीक बनता है, तो कभी सामाजिक चेतना और वैज्ञानिक दृष्टि के प्रसार का माध्यम। इतिहास में झांकने पर स्पष्ट हो जाता है कि 28 नवंबर सदियों से मानव यात्रा को नई दिशा देने वाली घटनाओं का मंच रहा है।भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में यह तिथि विशेष महत्व रखती है, क्योंकि 28 नवंबर 1913 को महान क्रांतिकारी और गदर आंदोलन के अग्रदूत लाला हरदयाल को पहली बार अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

लाला हरदयाल उन क्रांतिकारियों में थे जिन्होंने भारत से दूर रहते हुए भी विदेशी धरती पर ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध भारतीयों को संगठित किया, और गदर पार्टी के माध्यम से स्वतंत्रता की चेतना को नए उफान पर पहुंचाया। उनके जीवन का यह प्रसंग केवल एक गिरफ्तारी नहीं थी, बल्कि उस वैचारिक आंदोलन का प्रतीक था जिसने विश्वभर में भारतीय स्वतंत्रता की मांग को मजबूती दी।28 नवंबर का दिन भारत की वैज्ञानिक सोच और आधुनिक तथ्यों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी दिन 1895 में प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी विल्हेम कॉनराड रॉन्टगन ने पहली बार एक्स—रे का प्रदर्शन किया था। यह वैज्ञानिक उपलब्धि केवल चिकित्सा जगत के लिए ही नहीं, बल्कि विज्ञान की दुनिया में मानव क्षमताओं के विस्तार का प्रमाण बन गई। एक्स—रे ने चिकित्सा निदान में क्रांतिकारी परिवर्तन किया और आज भी यह तकनीक विश्वभर के स्वास्थ्य तंत्र का अभिन्न अंग है। विज्ञान की दुनिया में यह घटना मानवता के लिए नए द्वार खोलने वाली सिद्ध हुई।विश्व राजनीति के संदर्भ में 28 नवंबर कई निर्णायक घटनाओं का दिन रहा। 1919 में इसी तिथि को अमेरिका में 'लेडी एस्टर' पहली बार ब्रिटिश संसद की सदस्य चुनी गईं। उनका संसद में प्रवेश महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी के इतिहास में मील का पत्थर था। यह वह युग था जब स्त्री अधिकारों, मताधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की दिशा में दुनिया भर में संघर्ष जारी था। लेडी एस्टर की यह उपलब्धि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी प्रेरणा बनी।इतिहास के पन्नों में यह दिन कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिहाज से भी उल्लेखनीय है।

2002 में 28 नवंबर को नाटो ने सात पूर्व सोवियत देशों को सदस्यता प्रदान करने का निर्णय लिया, जिससे यूरोप की राजनीतिक संरचना और शक्ति—संतुलन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। शीतयुद्ध के प्रभावों से उभर रही दुनिया में यह निर्णय नाटो के विस्तार और यूरोपीय सुरक्षा तंत्र में नए अध्याय का प्रतीक बना।कला और साहित्य की दुनिया भी इस तिथि से अछूती नहीं रही। 1821 में इसी दिन प्रसिद्ध रूसी लेखक फ़्योडोर दोस्तोयेव्स्की का जन्म हुआ था। दोस्तोयेव्स्की विश्व साहित्य के महानतम उपन्यासकारों में गिने जाते हैं, जिनकी रचनाएँ मानव मन, नैतिकता, दार्शनिक द्वंद्व और सामाजिक विसंगतियों की गहरी पड़ताल करती हैं। उनके जन्म ने साहित्यिक चिंतन को एक नई दिशा प्रदान की।भारत में 28 नवंबर खेल जगत में भी खास स्थान रखता है, क्योंकि इसी दिन 1994 में भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल का जन्म हुआ, जिन्होंने कम उम्र में अपनी प्रतिभा और संघर्ष से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। खेल जगत में ऐसी घटनाएँ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनती हैं कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद प्रतिभा और परिश्रम अपनी राह बना ही लेते हैं।इसके अलावा, इतिहास में आज ही के दिन 1520 में स्पेनिश खोजकर्ता फर्डिनांड मैगलन ने प्रशांत महासागर का अवलोकन किया और समुद्री खोज के एक नए अध्याय की शुरुआत की। समुद्रों और अज्ञात भूभागों की खोज—यात्राएँ मानव जिज्ञासा और साहस की अनूठी मिसाल होती हैं, और मैगलन की इस उपलब्धि ने विश्व मानचित्र को नई परिभाषा दी।इस प्रकार 28 नवंबर केवल एक तिथि भर नहीं है, बल्कि अनेक युगों की घटनाओं को समेटे हुए वह दिन है जिसने विज्ञान से लेकर राजनीति, स्वतंत्रता संघर्ष से लेकर साहित्य और खोज—यात्राओं तक, हर क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित किए हैं। इतिहास की इन स्मृतियों के माध्यम से हमें यह समझने का अवसर मिलता है कि मानव समाज की प्रगति निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और प्रत्येक दिन अपने भीतर किसी बड़े परिवर्तन का बीज समेटे रहता है।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

# चिट्ठी आई है!

छब्बीस नवंबर, 2025 को 'संविधान दिवस' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागरिकों को लिखा पत्र सिर्फ शब्दों का समूह नहीं, बल्कि अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़नेवाले सुदृढ़ सूत्र की पहचान कराने वाला दस्तावेज है। 1949 की उस ऐतिहासिक रात की याद दिलाते हुए, जब संविधान सभा ने भारत को लोकतंत्र का सबसे मजबूत आधार दिया, प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह दस्तावेज न सिर्फ अधिकार देता है, बल्कि कर्तव्यों की जिम्मेदारी भी सौंपता है। सरल शब्दों में कहें तो यह पत्र याद दिलाता है कि भारत का विकास तभी संभव है जब हम कर्तव्य निभाएँ, न कि सिर्फ अधिकार मांगें।

पत्र की शुरुआत भावुक है। प्रधानमंत्री अपनी संसदीय यात्रा का जिक्र करते हुए बताते हैं कि कैसे एक चाय बेचने वाले से प्रधानमंत्री बने व्यक्ति को संविधान ने सशक्त बनाया। 2014 में संसद के द्वार पर सिर झुकाना और 2019 में संविधान की प्रति को माथे से लगाना - ये पल सिर्फ व्यक्तिगत श्रद्धा नहीं, बल्कि संदेश हैं कि संविधान साधारण नागरिक को असाधारण ऊंचाइयों तक ले जाता है। अर्थात, संविधान समानता का प्रतीक है। यह जाति, धर्म या पृष्ठभूमि से ऊपर उठकर सपनों को पंख देता है। आज के भारत में, जब युवा बेरोजगारी और असमानता से जूझ रहे हैं, यह याद दिलाना प्रासंगिक है कि संविधान ने लाखों लोगों को सशक्त बनाया है। लेकिन सवाल यह है कि, हम उस सशक्तीकरण का इस्तेमाल विकास के लिए कर रहे हैं, या सिर्फ शिकायतों में उलझे हैं?

प्रधामनंत्री ने संविधान सभा के नायकों डॉ. राजेंद्र प्रसाद, बाबासाहेब अंबेडकर और उन साहसी महिलाओं को याद किया, जिन्होंने भारत को एक मजबूत नींव दी। गुजरात की 'संविधान गौरव यात्रा' से लेकर 75वीं वर्षगांठ के राष्ट्रीय कार्यक्रमों तक, वे बताते हैं कि संविधान जीवंत है। लेकिन इस साल का संविधान दिवस खास है। सरदार वल्लभभाई पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ और गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत - ये सब मिलकर एक संदेश देते हैं - एकता और कर्तव्य का संदेश। अनुच्छेद 51ए के कर्तव्यों को याद दिलाते हुए, वे महात्मा गांधी का हवाला देते हैं कि 'अधिकार कर्तव्य निभाने से ही मिलते हैं'। इसका गहरा राजनीतिक अर्थ है। आज जब विपक्ष संविधान पर सवाल उठा रहा है, यह पत्र एक जवाब है - संविधान को बचाना है तो कर्तव्यों से शुरू करें। सही ही तो है न कि अगर हर नागरिक पर्यावरण बचाने, शिक्षा फैलाने और एकता बनाए रखने जैसे कर्तव्यों को प्राथमिकता दे, तो 'विकसित भारत' का सपना साकार हो सकता है!

पत्र का मध्य भाग भविष्य की ओर इशारा करता है। इस सदी के 25 साल बीत चुके हैं और 2047 में आजादी के 100 साल पूरे होंगे। 2049 में संविधान की शताब्दी! प्रधानमंत्री कहते हैं, आज के फैसले आने वाली पीढ़ियों को आकार देंगे। यानी, वर्तमान नीतियां - चाहे डिजिटल इंडिया हो या आत्मनिर्भर भारत - संविधान की भावना से प्रेरित हैं। लेकिन प्रासंगिकता युवाओं के लिए है। वे कहते हैं, वोट का अधिकार लोकतंत्र की रीढ़ है। स्कूल-कॉलेजों में पहली बार के वोटरों को सम्मान दें - यह सिर्फ चुनावी अपील नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने का आह्वान है। आज जब सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और विघटन का बोलबाला है, युवाओं को जिम्मेदारी सिखाना जरूरी है। करोड़ों युवा मतदान करें और कर्तव्यों को अपनाएं, तो भारत न सिर्फ आर्थिक, बल्कि नैतिक महाशक्ति भी बन सकता है।

अंत में, पत्र एक संकल्प के साथ समाप्त होता है - कर्तव्यों को पूरा कर विकसित भारत बनाएँ। अकेली सरकार के किए कुछ नहीं होगा, जो होगा नागरिकों की भागीदारी से ही होगा। अतः आइए, प्रधानमंत्री की चिट्ठी के मर्म को समझें और संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए कर्तव्यों को अपनाएं!

# पाकिस्तान में इमरान खान की हत्या की साजिश का सच



संजीव ठाकुर

दिवालिया और कंगाल होते जा रहे पाकिस्तान में इन दिनों एक भयावह अफवाह तेज़ी से फैल रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में हत्या कर दी गई है और इस अफवाह ने पूरे देश में भूचाल ला दिया है। इमरान खान की बहनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें मुलाक़ात का अधिकार नहीं दिया जा रहा है और पुलिस ने जेल के बाहर उनके साथ बदसलूकी की, जिसके बाद यह अफवाह और तेज़ी से फैल गई। सोशल-मीडिया पर कई पोस्टों में दावा किया गया कि इमरान खान को मार दिया गया है, जबकि स्वतंत्र रिपोर्टें अब तक इन अफवाहों की पुष्टि नहीं कर पाई हैं, परंतु उनकी स्थिति को लेकर गंभीर चिंता और संदेह पूरे पाकिस्तान में फैल चुका है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अफवाहों और आरोपों की लहर पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता संघर्ष की गहराई को और उजागर करती है, क्योंकि सेना और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ इमरान खान का टकराव अब खुला और तीखा रूप ले चुका है।

इस समय पाकिस्तान खुद आर्थिक बर्बादी के ऐसे गर्त में खड़ा है जहाँ से उबरने की कोई सुस्पष्ट आशा दिखाई नहीं देती। पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज का पहाड़ टूट चुका है और उसकी आर्थिक धमनियाँ लगभग सूख चुकी हैं। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड द्वारा कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था लगातार नीचे की ओर



जा रही है, क्योंकि इंटरनेशनल मोनेटरी फंड ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि पाकिस्तान की आर्थिक तबाही का मूल कारण भ्रष्टाचार और व्यवस्था की विफलता है, और यदि पाकिस्तान प्रशासनिक सुधार नहीं करता तो उनके सकल घरेलू उत्पाद में 6.5% तक की भारी गिरावट का खतरा है । महंगाई ने जनता का जीवन नर्क बना दिया है, आटा 300 रुपये किलो से ऊपर, चीनी 400 रुपये किलो से ऊपर और सब्जियों-फल-दवा-बीज-बिजली सभी में आग लगी है, जबकि पाकिस्तान के ख़ज़ाने में सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह देने तक के पैसे नहीं हैं। पाकिस्तान की जनता रोज़मर्रा की वस्तुओं के लिए घंटों लाइन में खड़ी होकर भी जीवन-यापन के लिए संघर्ष कर रही है और देश की मुद्रा रुपये की कीमत गिरते-गिरते ऐतिहासिक न्यूनतम स्तर पर पहुँच चुकी है, वहीं इंटरनेशनल मोनेटरी फंड की मदद भी महज़ अस्थायी ऑक्सीजन मात्र साबित हुई है।

सेना पर अत्यधिक निर्भरता और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण शासन व्यवस्था पूरी तरह लकवाग्रस्त हो चुकी है, लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास हो चुका है और इमरान खान से टकराव के बाद विपक्ष और आवाम दोनों ही सड़कों पर उतर आए हैं। यह स्थिति पाकिस्तान की राजनीतिक नेतृत्वहीनता को उजागर करती है, क्योंकि न वहाँ कोई ऐसा मंत्री है जो दूरदर्शिता रखता हो और न कोई ऐसी योजना है जो जनता को राहत दे सके। कर्ज का कर्ज चुकाने के लिए पाकिस्तान फिर नए कर्ज लेने को मजबूर है, इंटरनेशनल मोनेटरी फंड यूएई और अमेरिका और विश्व बैंक से मिलने वाला सहायता-पैकेज भी देश की अर्थव्यवस्था में स्थायी सुधार का उपाय नहीं बन पा रहा है।

चीन पाकिस्तान को महज़ अपना कर्ज-ग़ुलाम समझता है और उसका चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट भी अब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बोझ के रूप में साबित हो रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के सत्ताधारियों द्वारा भारत की ओर नफरत और युद्ध-बयानों को हवा देना केवल जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने की हताशा-पूर्ण राजनीतिक चाल भर है, क्योंकि जिस देश की हालत यह है कि बिजली उत्पादन ठप, उद्योग बंद, उत्पादन GDP जमीन पर, गरीबी चरम पर, और आतंकवाद के एफएटीएफ की ग्रे-लिस्ट में नाम शामिल है, वह भारत जैसी स्थिर, शक्तिशाली और प्रगतिशील अर्थव्यवस्था को चुनौती दे, यह वास्तविकता नहीं बल्कि मुंगेरीलाल के हसीन सपनों की तरह है। इसी बौखलाहट का परिणाम था कि पाकिस्तान ने अपनी खुफिया एजेंसी और आतंकी तत्वों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में ड्रोन हमला जैसे कायरतापूर्ण प्रयास किए, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान की कथनी और करनी में इतना अंतर है कि आतंकवाद उसके अस्तित्व का स्थायी सहारा बन चुका है।

इमरान खान जिन्होंने क्रिकेट विश्व कप जीतकर कभी पाकिस्तान को एक पहचान दिलाई थी, वही आज अपने राजनीतिक करियर की सबसे काली सुरंग में फँस चुके हैं और सत्ता की लालच और अपरिपक्व नेतृत्व के कारण उन्होंने पाकिस्तान को दो वर्षों में ही ऐसे गर्त में धकेला जहाँ से वापसी लगभग असंभव दिखती है अब इमरान खान का कैरियर और जिंदगी अंतिम सांस ले रही है।

दूसरी तरफ विपक्ष लगातार शाहबाज शरीफ के इस्तीफे की मांग कर रहा है, जनता गुस्से में है, महिलाएँ उनके विवादित बयानों से आहत हैं, और पाकिस्तान की जनता अब भूख और भय के दो पाटों के बीच पिस रही है।

यदि हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले समय में IMF-विश्व बैंक-और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट में डाल सकती हैं और वह नाममात्र राष्ट्र के अस्तित्व से भी बाहर हो सकता है। यह भयावह स्थिति दर्शाती है कि पाकिस्तान न केवल आर्थिक रूप से दिवालिया है, बल्कि राजनीतिक-सामाजिक-नैतिक रूप से भी ढह चुका है और इमरान खान को लेकर फैली हत्या-अफवाह इस ढहते राष्ट्र की बेचैनी, अविश्वास और अंधकारमय भविष्य का प्रतीक है।

# पंजीकृत कृषक सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग हेतु करें आवेदन



कानपुरदेहात उप कृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने जनपद के कृषक भाइयों को सूचित किया है कि सोलर पम्प हेतु कृषको को कृषि विभाग के पोर्टल पर www.upag riculture.com पर पंजीकृत कृषकां के लिए जनपद कानपुर देहात में विभिन्न क्षमता के आंवटित सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है जो कि 31 मार्च 2026 तक विभागीय पोर्टल पर है। अनुदान पर सोलर पम्पां की बुकिंग कर सकते है जिसका चयन लक्ष्य से अधिक बुंकिग होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से किया जायेंगा जिसमे बुकिंग धनराशि 5000.00 रूपया (टोकन मनी) के रूप में देय है कृषकों को अवशेष धनराशि चालान/ऑनलाइन के माध्यम से कृषक अंश की धनराशि एक सप्ताह के अन्दर इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा के जमा कर सकतें है। अन्यथा कि स्थिति में आवेदन स्वतः निरस्त माना जायेगा तथा टोकन मनी की धनराशि जब्त हो जायेगी। 02 एच०पी० के लिए 4 इन्च बोरिंग 03, 05 एच०पी० के लिए 6 इन्च और इसी प्रकार से 7.5 व 10 एच०पी० के लिए 8 इन्च की बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग कृषक द्वारा स्वयं करायी जायेगीं। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न होने की दशा में आवेदन स्वतः निरस्त हो जायेगा।

# डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, ससमय गणना प्रपत्र जमा करने में मांगा सहयोग

## निर्धारित तिथि तक प्रपत्र न देने वाले मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं आ पाएंगे

उत्कर्षसिंह नेशनल एक्सप्रेस

कानपुर नगर।जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत वितरित गणना प्रपत्रों की शत-प्रतिशत समयबद्ध वापसी में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर निर्धारित है और अब केवल सात दिन शेष रह गए हैं, जबकि अभी भी बड़ी संख्या में मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्र बीएलओ को वापस नहीं किए गए हैं।





जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और समय रहते अपना गणना प्रपत्र अनिवार्य रूप से जमा करें। अंतिम समय में अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था से बचाव के लिए अभी से प्रपत्र लौटाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र 4 दिसंबर तक जमा होंगे, उन्हीं के नाम मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल में शामिल किए जाएंगे। निर्धारित तिथि तक प्रपत्र जमा न करने वाले मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं हो सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता को 2003 से संबंधित विवरण भरने में कठिनाई हो रही है तो वे केवल हस्ताक्षर कर गणना प्रपत्र बीएलओ को सौंप दे। संबंधित बीएलओ आवश्यक विवरण भरने में सहायता करेंगे और आवश्यकता होने पर स्वयं भी प्रविष्टि करेंगे। मतदाता ऑनलाइन माध्यम से भी गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं।

बैठक में भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, सीपीआई (एम) सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि वे बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर अधिकतम संख्या में गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा करा कर प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ विवेक चतुर्वेदी, ईआरओ तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में लापरवाही पर पांच एईआरओ से तलब किया स्पष्टीकरण कानपुर नगर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। प्रथम चरण की समीक्षा में पांच सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की प्रगति जनपदीय औसत से कम पाए जाने पर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाना है।

# कल्याणपुर विधानसभा की बूथ संख्या 306 पर थे 895 गणना प्रपत्र



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर नगर।निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ दी मॉडल इंटर कॉलेज, खलासी लाइन भाग संख्या 306 की बीएलओ प्रज्ञा वाजपेयी को 'बीएलओ ऑफ द डे' घोषित करते हुए सम्मानित किया गया। कुल 895 मतदाताओं वाले इस बूथ पर उन्होंने निर्धारित समयावधि से पूर्व ही शत-प्रतिशत पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कर मिसाल कायम की। गुरुवार को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपायुक्त उद्योग अजनीश प्रताप सिंह तथा सहायक प्रबंधक रश्मिकला ने बीएलओ प्रज्ञा वाजपेयी को प्रशस्ति पत्र, शॉल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान उनके कार्य की सराहना करते हुए अधिकारियों ने इसे अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणादायक बताया। प्रज्ञा वाजपेयी ने बिना किसी अतिरिक्त सहयोग के स्वयं घर-घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र एकत्रित किए और पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ पूरा किया। उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट आलोक गुप्ता ने भी की।

# कानपुर में भीषण सड़क हादसा: ट्रक–ट्रैक्टर भिड़ंत में एक की मौत, दो गंभीर



कानपुर। नौबस्ता-घाटमपुर हाईवे पर बुधवार देर रात एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही ने बड़ा हादसा आमंत्रित कर दिया। सेन चौकी क्षेत्र अंतर्गत मौरंग मंडी के सामने ईंट लदे ट्रैक्टर और ट्रक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बिखर गया।भीषण टक्कर में ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ईंट से भरा ट्रैक्टर नौबस्ता की ओर जा रहा था तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे पर लंबे समय तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।स्थानीय निवासियों ने हाईवे पर अवैध रूप से खड़े ट्रक और डंपरों को हादसों की बड़ी वजह बताते हुए नाराजगी जताई। लोगों ने बताया कि आए दिन ऐसे खड़े भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन कार्रवाई न होने से हालत जस की तस बनी हुई है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की पुष्टि जांच के बाद होगी। वही इस घटना से क़रीब एक घंटे तक यातायात बाधित भी रहा, मौके स्थल पर पुलिस प्रशासन द्वारा क्रेन को बुलवाया गया और फ़िर क्षतिग्रस्त हुए ट्रक, टैक्टर को रास्ते से हटाया गया लेकिन वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है।

# उद्योग व्यापार मंडल ने केडीए सचिव से मिलकर शमन शुल्क कम करने और किस्तों में जमा कराने की मांग की



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। केडीए द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारियों को भेजे जा रहे नोटिसों को लेकर कानपुर उद्योग व्यापार मंडल ने गुरुवार को केडीए सचिव अभय कुमार पांडेय से मुलाकात की। व्यापारियों ने नोटिस प्रणाली पर कड़ा रोष जताते हुए शमन शुल्क में कमी, किस्तों में भुगतान की सुविधा और जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने की मांग उठाई।प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष सुनील बजाज ने श्याम नगर सहित अन्य क्षेत्रों में व्यापारियों को मिल रहे नोटिसों की जानकारी सचिव को दी। उन्होंने कहा कि अचानक आए नोटिसों से व्यापारी परेशान हैं। महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने सचिव से कहा कि छोटे व्यापारियों के पास तत्काल बड़ी राशि जमा करने की क्षमता नहीं है, इसलिए प्रक्रिया को सरल किया जाए।श्याम नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन महेंद्र गुप्ता ने प्रत्येक क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया, ताकि व्यापारियों को शमन शुल्क और संबंधित प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि पहली कार्यशाला श्याम नगर क्षेत्र में आयोजित की जाए। वहीं व्यापार मंडल के अध्यक्ष अवनीश शुक्ला 'मोनू' ने शमन एवं व्यावसायिक शुल्क में कमी लाने और इसे किस्तों में जमा कराने की सुविधा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव से व्यापारी पहले से ही आर्थिक दबाव में हैं। केडीए सचिव अभय कुमार पांडेय ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होगा और न ही दुकानों को सील करने की कोई कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन की सुविधा के अनुसार 24 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़कों पर व्यापारी 31% शुल्क जमा कर अपने प्रतिष्ठानों को व्यावसायिक करा सकते हैं।

# पीएम मोदी ने फहराया धर्मध्वज, कानपुर के धीरज चड्ढा ने बांटी मिठाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर,अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर धर्मध्वज फहराने को लेकर एक ओर जहां पूरे देश प्रदेश में खुशियां मनायी जा रही है, इसी अवसर को लेकर कानपुर में मठ-मंदिर रक्षा समिति के महामंत्री व हिन्दूवादी सनातनी नेता व कार सेवक धीरज चड्ढा ने भी इस अवसर को हर्षोल्लास से मनाया। कानपुर के आर्य नगर मे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लगाकर मिठाईयां वितरण करी, योगी मोदी की तस्वीर के साथ धीरज चड्ढा ने खिलौना नुमे बुलडोजर भी रखें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कई सरकारे आई, लेकिन कभी किसी सरकार ने राम मंदिर के बारे में सोचा तक नहीं हमारे मुखिया ने ये काम करके दिखा दिया, प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से ये कार्य पीएम मोदी सीएम योगी के हाथों ही होना था। इस दौरान धीरज चड्ढा ने कहा कि सपा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव को अपने समय का पाकिस्तानी समर्थक बताते हुए कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने 30 अक्टूबर 1990 और 2 नवंबर 1990 को अयोध्या में कार सेवकों पर गोली चलाने का आदेश दिया था। यह घटना उस समय हुई थी जब वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे जिसमें 5 लोगों की मौत भी हुई थी। उन कार सेवकों के बलिदान को पीएम मोदी ने व्यर्थ नहीं जाने दिया। इस दौरान शरद लोचन शुक्ला, नगर महामंत्री महानगर उधोग व्यापार मंडल, केतन तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मुंबई में 26 नवंबर 2008 में हुए आतंकवादी हमले को लेकर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेता धीरज चड्ढा ने कहा कि आतंकवाद की नजर हमेशा भारत पर बनी रहती है इसके लिए हमारे देश के पीएम मोदी लगातार मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तत्पर है। राष्ट्र की रक्षा के लिए उनका अद्वितीय साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान सदैव हमारी स्मृतियों में अमर रहेगा।

## महिला आयोग सदस्य–जेसीपी विवाद सुलझा, पुलिस आयुक्त ने कहा—सिर्फ गलतफहमी थी

कानपुर पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल के हस्तक्षेप के बाद महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता और संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) विनोद कुमार सिंह के बीच उत्पन्न विवाद पूरी तरह समाप्त हो गया है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि मामले में किसी भी पक्ष को अब कोई आपत्ति नहीं है और यह पूरा विवाद महज "गलतफहमी" का परिणाम था।पुलिस आयुक्त के अनुसार, महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता किसी शिकायत के समाधान को लेकर थाने गई थीं, जो एक सामान्य प्रक्रिया है और कोई भी व्यक्ति जानकारी के लिए ऐसा कर सकता है। इसी दौरान जेसीपी द्वारा उन्हें एक पत्र भेजा गया था।

# एसआईआर कार्य में लापरवाही पर डीएम सख्त, दो बीएलओ को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित





नेशनल एक्सप्रेस

कानपुर। जिले में एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाध्यक्ष/डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने जहां लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ा रुख दिखाया, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो बीएलओ को सम्मानित किया।एसआईआर समीक्षा में महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 423 हजरतपुर की बीएलओ गीता देवी और बूथ संख्या 454 सिकेटीहा की बीएलओ मंजूषा देवी ने अपने-अपने बूथों पर 100 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रह और डिजिटलाइजेशन का कार्य अंतिम तिथि से 8 दिन पहले ही पूरा कर एक मिसाल पेश की। बूथ 423 पर कुल 498 और बूथ 454 पर कुल 701 मतदाता पंजीकृत हैं। गीता देवी के हाथ में सात नवंबर को गंभीर चोट लगने के बावजूद उन्होंने कार्य पूरा किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एसडीएम नर्वल विवेक मिश्रा ने तहसील सभागार में दोनों बीएलओ को सम्मानित किया।

डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी दोनों बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ लोकतंत्र प्रहरी ही निर्वाचन प्रक्रिया को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने अन्य बीएलओ से भी इसी भावना के साथ दायित्व निभाने की अपेक्षा जताई।समीक्षा में लापरवाही उजागर, अधिकारी से तलब।एसआईआर कार्यों में उदासीनता और निरीक्षण में शिथिलता पाए जाने पर डीएम ने सहायक आयुक्त वाणिज्य कर विराट प्रताप सिंह से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्हें आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थल संख्या 131 से 187 तक के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई थी, जहां कुल 60,490 मतदाता पंजीकृत हैं।







## आज का राशिफल

मेष- रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुदि्घमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी।

वृष- कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मिथुन- जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

कर्क- परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौदि्घक उलझनें बनी रहेगी।

सिंह- मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

कन्या- शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृदि्घ होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृदि्घ होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

तुला-कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिदि्घ के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

वृश्चिक- स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृदि्घ होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्‌घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

धनु- महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्‌घ होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

मकर- धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुदि्घतत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

कुंभ- शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

मीन- श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**● जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपने बीएलए (BLA) को सक्रिय रूप से योगदान देने हेतु प्रेरित करने के लिए किया आग्रह**

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर देहात विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (Special Intensive Revision – SIR) अभियान के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मां मुक्तेश्वरी देवी कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने SIR से संबंधित सभी प्रावधानों एवं नवीनतम प्रक्रियाओं की जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनः विस्तार से प्रदान की। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे अपने बीएलए (BLA) को सक्रिय रूप से योगदान देने हेतु प्रेरित करें, ताकि मतदाता सूची के अद्यतन कार्य में पूर्ण सहयोग मिल सके। साथ ही राजनीतिक दलों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) समय से भरने हेतु जागरूक करें और बीएलओ के कार्य में सहयोग सुनिश्चित कराएँ। बैठक में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक बीएलओ प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहा है। मतदाता द्वारा भरे गए प्रपत्रों में से एक प्रति बीएलओ प्राप्त करेगा तथा दूसरी प्रति मतदाता के पास सुरक्षित रहेगी। एईआरओ एवं बीएलओ को पूरे कार्य में पारदर्शिता, शुद्धता एवं समयबद्धता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मूल नींव है, अतः किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही अक्षम्य होगी जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से आग्रह किया कि— बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्र की प्रति शीघ्र भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को उपलब्ध कराएँ। अंतिम तिथि 4 दिसंबर का इंतजार न करें। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में जागरूक मतदाता होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है।





# पुलिस बनाम महिला आयोग का टकराव तेज


## महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता पर रोक क्यों

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर में पुलिस और महिला आयोग के बीच अधिकारों की खींचतान का मामला और गहराता जा रहा है। महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता को थाने जाने पर नोटिस भेजने की कार्रवाई से विवाद गर्म है। अब अनीता गुप्ता ने अपनी तरफ़ से पूरा पक्ष रखा है।अनीता गुप्ता बोलीं"निरीक्षण नहीं, सिर्फ़ एक केस की जानकारी लेने गई थी"

अनीता गुप्ता के अनुसार वे किसी भी प्रकार का निरीक्षण करने नहीं गई थीं, बल्कि एक चल रहे मामले की जानकारी लेने के लिए केवल महिला थाने के हेल्प डेस्क पर पहुंची थीं।

उन्होंने बताया कि थाने में आने से पहले बाकायदा फोन कर सूचना दी थी कि वे एक पीड़िता से जुड़े केस के बारे में जानकारी लेने आ रही हैं।



"राज्यपाल द्वारा नियुक्त सदस्य, सभी स्तर पर निरीक्षण का अधिकार"अनीता गुप्ता का कहना है कि उन्हें राज्यपाल द्वारा नियुक्त महिला आयोग सदस्य होने के नाते हर स्तर पर निरीक्षण और निगरानी का अधिकार प्राप्त है, जिसकी पुष्टि नियुक्ति के समय भी की गई थी।ऐसे में पुलिस प्रशासन की इस कड़ी प्रतिक्रिया पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा "अगर महिला आयोग सदस्य किसी मामले की जानकारी भी न ले सके, तो फिर आयोग का अस्तित्व किसलिए है?" *पुलिस के नोटिस पर नाराज़गी आयोग अध्यक्ष को दी शिकायत* कानपुर पुलिस द्वारा जारी यह "शिकायत पत्र/नोटिस" अनीता गुप्ता ने महिला आयोग अध्यक्ष को सौंपकर औपचारिक शिकायत दर्ज की है। वे कहती हैं कि "महिला आयोग सदस्य को इस तरह नोटिस भेजना किस प्रक्रिया और किस प्रणाली में आता है?" उन्होंने रोक-टोक और बाधा पैदा किए जाने पर भी गंभीर आपत्ति जताई है।अजीब विरोधाभास अन्य सदस्य कई बार कर चुकीं निरीक्षण, जो कि निरीक्षण करना भी चाहिए।तब आपत्ति नहीं की गई, लेकिन इस बार ऐसा क्यों किया गया?विवाद इसलिए भी बढ़ा है क्योंकि महिला आयोग की ही लखनऊ की एक अन्य सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या दर्जनों बार पुलिस बूथों, थानों और यहां तक कि महिला जेल तक का औचक निरीक्षण कर चुकी हैं।उनके सोशल मीडिया अकाउंट ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, इन निरीक्षणों के वीडियो और रीलों से भरे पड़े हैं।उस समय वहां की पुलिस ने कभी आपत्ति नहीं जताई।तो फिर अनीता गुप्ता के जाने पर ही कानपुर पुलिस प्रशासन द्वारा नोटिस क्यों?

*क्या है अंदरूनी टकराव? अधिकारों की रस्साकसी*?

मामला अब सिर्फ़ "निरीक्षण" का नहीं रह गया है, बल्कि पुलिस प्रशासन बनाम महिला आयोग,,अधिकारों की स्पष्ट रस्साकशी की तस्वीर सामने आ रही है।जनता में सवाल उठ रहे हैं कि क्या पुलिस महिला आयोग के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दे रही है?या यह किसी अंदरूनी दबाव या विभागीय तनातनी का नतीजा है?निष्कर्ष, महिला सुरक्षा से ज्यादा सुर्खियों में 'प्रशासनिक तकरार'।जहां महिला आयोग और पुलिस की संयुक्त भूमिका महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, वहीं यह संघर्ष अब सुर्खियों में अधिक है।कानपुर की जनता सवाल कर रही है, क्या अब महिला सुरक्षा से पहले, महिला आयोग को अपने अधिकार बचाने की लड़ाई लड़नी पड़ेगी?

# गीता के श्लोकों से गुंजायमान होगा कंस किला

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मथुरा। संस्कृत भारती मथुरा द्वारा मार्गशीर्ष शुक्ल मोक्षदा एकादशी की पूर्व संध्या पर दिनांक 30 नवंबर रविवार को प्रातः 11 बजे से केशव दुर्ग ( कंस किला ) पर वैदिक विधिविधान के साथ श्रीमद्भगवद्गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संस्कृत भारती की बैठक सरस्वती शिशु मन्दिर दीनदयाल नगर में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने संस्कृत भारती के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी सबसे प्राचीन देववाणी संस्कृत भाषा का घर घर तक प्रचार प्रसार हो और जागरूकता पैदा हो इसी उद्देश्य को लेकर संस्कृत भारती द्वारा समय-समय पर धार्मिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है युवाओं में संस्कृत

**संस्कृत भारती द्वारा मनाई जाएगी गीता जयंती**

भाषा के प्रति आकर्षण पैदा करने के लिए विद्यालयों में संस्कृत संभाषण शिविर, अभ्यास वर्ग आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता जयंती समारोह के माध्यम से घर घर गीता श्लोकों का पठन-पाठन हो और संस्कृत भाषा के प्रति लोगों में आकर्षण पैदा हो सके। बैठक में प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री एवं अखिलेश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा महानगर के कार्यालय केशव दुर्ग (कंस किला) पर मोक्षदा एकादशी गीता जयंती की पूर्व संध्या पर वैदिक विधिविधान के साथ श्रीमद्भगवद्गीता जी का पूजन एवं गीता महायज्ञ और विद्वत गोष्ठी व विद्वत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सर्वसम्मति से संस्कृत भारती के कोषाध्यक्ष योगेश उपाध्याय आवा को कार्यक्रम संयोजक घोषित किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक श्रीकांत शर्मा रहेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी करेंगे। तथा मुख्य वक्ता गीताव्रती श्री कैलाश चन्द्र जी होंगे कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संस्कृत भारती ब्रजप्रांत न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश जी बंसल रहेंगे तथा आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता पाठ एवं हवन पूजन किया जाएगा। बैठक का संचालन संस्कृत भारती मथुरा के मंत्री डॉ संजय शर्मा ने किया। संस्कृत भारती ब्रजप्रांत पदाधिकारी हरस्वरूप यादव द्वारा ध्येय मंत्र से बैठक का शुभारंभ तथा कल्याण मंत्र से समापन किया गया।

# एसआईआर में बीएलओ को सहज रखने में डीएम के प्रयोग सफल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मथुरा। एसआईआर में बीएलओ के मानसिक तनाव में आने और दबाव में अप्रिय कदम उठाने जैसी घटाएं कई जगह से सामने आ रही हैं। मथुरा जनपद में इस तरह की कोई अप्रिय घटनाक्रम नहीं हुई है। मथुरा जिलाधिकारी एसआईआर में बीएलओ को सहज रखने की कोशिश में जुटे हैं। इसके तहत वह एक तरफा आदेश की जगह दो तरफा संवाद को तवज्जो दे रहे हैं। डीएम लगातार बीएलओ को सहज रखने का प्रयास कर रहे हैं। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने नई पहल की शुरुआत करते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ बैठक कर चाय पिए और चाय पर चर्चा करते हुए कार्यों को सुगमता एवं सरलता के साथ सुनिश्चित करें। सेक्टर, सब सेक्टर, जोनल व सब-जोनल मजिस्ट्रेटों द्वारा सामूहिक रूप से बीएलओ के साथ बैठकर चाय पी जा रही है तथा

**-एक तरफा आदेश नहीं की जगह दो तरफा संवाद को डीएम दे रहे**

चाय पे चर्चा के माध्यम से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के कार्यों का कुशलतापूर्वक संपादन किया जा रहा है। चाय पे चर्चा से बीएलओ में अपनत्व, लगाव की भावना बढ़ रही है तथा वे खुल कर अपनी परेशानियों एवं समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करा पा रहे है, जिसका निदान, निस्तारण अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित भी किया जा रहा है। चाय पे चर्चा की मुहीम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के कार्य को अधिक तेजी प्रदान की है। पहल से समस्याओं के निराकरण के साथ साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के कार्य को गति भी मिली है।

# एसआईआर का लक्ष्य पूरा करने को पूरी ताकत से जुटा जिला प्रशासन

मथुरा। गुरुवार को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में किशोरी रमण बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से कहा कि छात्राओं के अभिभावकों को गणना प्रपत्र भरने और बीएलओ को यथाशीघ्र उपलब्ध करने हेतु प्रोत्साहित करें। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने पड़ोसियों रिश्तेदारों संबंधियों तथा आस पास के क्षेत्र वालों को गणना प्रपत्र भरकर शीघ्र बीएलओ को उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों के सहयोग से उक्त कार्य को बल मिलेगा और सुगमता के साथ उक्त कार्य ससमय पूर्ण होगा। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान ( एस.आई.आर. ) के दृष्टिगत सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने राजनैतिक दलों से आग्रह किया कि अपने-अपने बी.एल.ए. नियुक्त करें।

# संविधान दिवस पर कार्यक्रमों की धूम, मानवाधिकार रक्षकों को मिला प्रशिक्षण और वकीलों ने ली शपथ

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद मुरादाबाद में विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नागरिक एकता परिषद के तत्वावधान में असालतपुर बिलारी देहात स्थित चौधरी ज्ञान सिंह कृषक इंटर कॉलेज में मानवाधिकार रक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, वहीं तहसील बार एसोसिएशन ने संविधान दिवस मनाकर संविधान की मर्यादा और निष्ठा की शपथ ली।चौधरी ज्ञान सिंह किसान इंटर कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंबई से पधारे भारतीय दलित महासंघ के कार्यकर्ता लल्लू राम भोपाल वाल्मीकि थे। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान बनाने से पहले दुनिया के अनेक देशों के संविधान का अध्ययन किया था। लगभग 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन की कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने ऐसा संविधान तैयार किया जिसमें समानता, बंधुता, धर्मनिरपेक्षता और शोषण मुक्त समाज की स्थापना के आदर्श निहित हैं।लल्लू राम भोपाल वाल्मीकि ने कार्यक्रम आयोजक प्रेम कुमार यादव की सराहना करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता फैलाना ही सच्ची देशसेवा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य रण सिंह भारती ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने भारत को शिक्षा, संगठन और संघर्ष का मूलमंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारत का आज का वैश्विक वर्चस्व संविधान की देन है, जिसने हर नागरिक को समान अवसर प्रदान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम सिंह आजाद ने की और संचालन एडवोकेट प्राची ने किया। इस मौके पर डॉ. झरना, रामखिलाड़ी, शाकिर मलिक, डॉ. चरण सिंह, मुशाहिद हुसैन पाशा, रिजवान अहमद सहित अनेक वक्ताओं ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रसाद वितरित किया गया।वहीं दूसरी ओर, तहसील बार एसोसिएशन बिलारी द्वारा भी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक

# मजलिस की महानगर इकाई ने SIR की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की मांग

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की महानगर इकाई ने एसआईआर की तारीख को आगे बढ़ाने की मांग की है। भारत देश विश्व में सबसे पड़ा लोकतांत्रिक, संवैधानिक, पंथनिरपेक्ष, गणराज्य है। जिसमे भारत के वैध व स्को को वोट देने का संवैधानिक अधिकार है। मतदाताओं के ऊपर ही देश के लोकतंत्र की नीव खड़ी है क्योंकि देश की विभिन्न संवैधानिक सरकारों क, चयन मतदान के द्वारा ही होता है इसलिए किसी भी वैध मतदाता का वोट, वोटर लिस्ट से गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में तकनिकी कमियों अथवा पारदर्शिता के अभाव में कट जाता है तब ये मतदाता के संवैधानिक अधिकार का हनन होगा इसलिए हमारी पार्टी की जिला मुरादाबाद इकाई निम्न मांगे करती है वर्तमान में उत्तर प्रदेश में चल रही वोटर लिस्ट गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में द्वारा केवल गणना फार्म ऑनलाइन हुए है। अभी भी 60% गणना फार्म ऑनलाइन होने बाकी है। बीएलओ पर भी इस कार्य का बहुत अधिक दबाव हे देश के विभिन्न भागों से बीएलओ की आत्महत्या एवं कार्य के दबाव में हार्ट अटेक सूचनाएं भी प्राप्त हो रही है इसलिए जनहित को देखते हुए वोटर लिस्ट गहन पुनरीक्षण विक्रिया की अंतिम से बढ़ाकर किया जाना अत्यंत आवश्यक है। वोटर लिस्ट गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया। एसआईआर में गणना फार्म ऑनलाइन करते समय सम्बन्धियों से मैपिंग करने में केवल चार सम्बन्धियों माँ बाप दादा दादी का ऑप्शन ही आ रहा है।

## अवैध चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद। कटघर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी फिरासत उर्फ लाला पुत्र अत्तन उर्फ अट्टन, निवासी रहमत नगर, गली नंबर 08 से थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ मुकदमा एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपी के कब्जे से 1140 ग्राम चरस बरामद की गई, जिसकी बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। थाना कटघर पुलिस ने बताया कि गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधि दिखने पर आरोपी को रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चरस बरामद होने पर उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## पर्दाफाश : केमिकल से पॉलिश कर अंडों का रंग बदलने पर कार्रवाई



मुरादाबाद। जनपद की कटघर कोतवाली में खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खुलासा किया है। एक गोदाम पर छापा मारकर करीब 4.5 लाख नकली देसी अंडे जब्त किए गए। सफेद अंडों को आर्टिफिशियल कलर और केमिकल से पॉलिश कर देसी अंडों के रंग में बदला जा रहा था, ताकि उन्हें दोगुनी कीमत पर बेचा जा सके। यह मिलावट ग्राहकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। गोदाम मालिक अल्लाह खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गोदाम को सील कर दिया गया है। जब्त किए गए रंग और केमिकल के नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। विभाग ने कठोर कार्रवाई की बात कही है।

# राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत बुनकरों ने सभागार में लगाई प्रदर्शनी

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। परिक्षेत्र स्तरीय संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत बुनकरों ने कलैक्ट्रेट सभागार में प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में हथकरघा बुनकरों द्वारा तैयार 30 हथकरघा सैम्पलों का प्रदर्शन किया गया। संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के लिए मुरादाबाद परिक्षेत्र स्तर पर सैम्पलों का चयन जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया। प्रथम स्थान श्रीमती नाजरा खातून पत्नी मौ0 फारूख, निवासी मौहल्ला मनिहारन भोजपुर जनपद मुरादाबाद, द्वितीय स्थान श्रीमती खुशामुदा पत्नी जलालुद्दीन निवासी शिवालाकलां जनपद बिजनौर एवं तृतीय स्थान श्रीमती गुल्शन बेगम पत्नी मौहम्मद इरफान निवासी टाण्डा जनपद रामपुर का रहा। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि परिक्षेत्र स्तर पर चयनित इन सैम्पलों को राज्य स्तरीय पुरस्कार में प्रतिभाग करने हेतु हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय उ. प्र. कानपुर को भेजे जायेंगे।

इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग मुरादाबाद, परियोजना अधिकारी राज्य हथकरघा निगम मुरादाबाद, उपनिदेशक बुनकर सेवा केंद्र मेरठ के प्रतिनिधि एवं वस्त्रोद्योग परिक्षेत्र मुरादाबाद, यूपिका सदस्य शराफत हुसैन आदि उपस्थित रहें।

# 31 दिसम्बर तक चलाया प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरूद्ध विशेष अभियान

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मथुरा। शासन द्वारा प्रदेश भर में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध विशेष "अभियान 7.0" 24 नवंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ नगर क्षेत्रों में स्वच्छता को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में प्लास्टिक-मुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा इस अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सतत प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान पॉलीथिन रखने, बेचने या उपयोग करने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। प्रतिबंधित पॉलीथिन की जब्ती और वैकल्पिक पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। निर्देशों के अनुपालन में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान के द्वारा में सभी जोन में सफाई निरीक्षकों एवं ईटीएफ टीम से सघन निरीक्षण एवं विशेष अभियान चलवाया गया। टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक रखने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की। विभिन्न वार्डों में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, भंडारण एवं विक्रय करने वालों पर 16 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## मथुरा आगरा रेलखंड का मुख्यालय टीम ने किया सेफ्टी ऑडिट

मथुरा। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय प्रयागराज की टीम ने आगरा मथुरा और मथुरा अछनेरा रेलखंड का विस्तृत इन्टरनल सेफ्टी ऑडिट किया। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी जेसीएस बोरा के नेतृत्व हुई इस कार्रवाई में ट्रैक,प्वाइंट, क्रासिंग, ब्रिज, गेट और तकनीकी प्रतिष्ठानों की स्थिति गहराई से परखी गई। निरीक्षण के दौरान बिल्लोचपुरादुरुनकता के बीच एलएचएस-506, रुनकता स्टेशन के प्वाइंट नं. 105 बी, गैंग यूनिट, रिले रूम, कीठम फरह के बीच गेट नंबर 515 और ब्रिज 1372/1, मथुरा स्टेशन, रनिंग रूम, एसएसआई और अछनेरा स्टेशन व टीआरडी डिपो का परीक्षण किया गया। हालांकि जांच में टीम को कोई खामी नजर नहीं आई, लेकिन लगातार होने वाली दुर्घटनाओं ने सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं।

# एसटीएफ की बड़ी कार्यवाई चोरी के 04 ट्रैक्टर व 02 इंजन बरामद,चार आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। जनपद में चोरी के ट्रैक्टरों का एक बड़ा और संगठित काला कारोबार चल रहा है। जिसकी पोल अब सीधा सामने आ गई है। शहर पुलिस की एसटीएफ टीम ने एक कारगर कार्रवाई के तहत चोरी के 4 ट्रैक्टर और 2 इंजन के साथ 4 आरोपियों को दबोच लिया है। यह चोरी पिछले कुछ समय से पश्चिम बंगाल से किए जा रहे थे, जहां चोर ट्रैक्टर को चोरी कर कैंटर में लोड कर मुरादाबाद लेकर आ रहे थे। आरोपी चेसिस और इंजन नंबर तक बदलकर नकली कागज बनाते थे। ताकि इन ट्रैक्टरों को किसानों को बेचा जा सके। एसटीएफ की इस बड़ी कार्रवाई के बाद जिले की पुलिस की सक्रियता और जांच प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। यह मामला स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है, क्योंकि यह साफ कर रहा है कि चोरी के ट्रैक्टरों का काला बाजार बड़ रहा है और इसके लिए पूरे परिपक्व तंत्र काम कर रहा है।चोरी हुए ट्रैक्टरों को मुरादाबाद लाने के लिए पश्चिम बंगाल से कैंटर में छुपाकर लाया जाता था। जब ट्रैक्टर यहां पहुंचते, तो संदिग्ध नंबर प्लेट और इंजन नंबरों को बदलकर पूरी तरह से जाली कागजात तैयार किए जाते। इसके बाद, नकली कागज के साथ इन ट्रैक्टरों को किसानों को बेचने की योजना बनाई जाती। इस अवैध कारोबार के लिए कई लोग और गिरोह जुड़े हुए हैं जो वारदात को बड़े पैमाने पर अंजाम देते हैं।एसटीएफ टीम ने अपनी जांच के दौरान ये बड़े खुलासे किए हैं कि चोरी के ट्रैक्टरों का यह काला कारोबार कब से चल रहा था। इस दौरान, आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस प्रशासन की तरफ से उठाए गए कदमों की जानकारी भी सामने आई है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण सत्यापन कार्यों में सहयोग कर रहे समाजसेवी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मथुरा। राया कस्बे में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं सत्यापन अभियान के दौरान नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया को तेजी मिल रही है। बीएलओ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अब स्थानीय समाजसेवी भी इस कार्य में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं गुरुवार को मांट रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय में लगे विशेष शिविर में समाजसेवी भूपेश अग्रवाल,सभासद अमित अग्रवाल ने वर्ष 2003 की ,सभासद डालचंद कुशवाह ,सभासद उत्तम अग्रवाल ने मतदाता सूची और पुराने वोटर कार्ड के आधार पर सत्यापन कार्य में बीएलओ टीम की सहायता की।

# मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ

**प्रथम पहल फाउंडेशन एवं श्री रामलीला सभा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ मेगा निःशुल्क**

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मथुरा। प्रथम पहल फाउंडेशन एवं श्री रामलीला सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से जांच व परामर्श प्राप्त किया। शिविर में डॉ. अभिषेक कुमार ( हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ. गौरव अग्रवाल ( दंत रोग विशेषज्ञ ) एवं डॉ. अविनाश कुमार ( सामान्य रोग विशेषज्ञ ) ने अपनी चिकित्सीय सेवाएँ प्रदान कीं, जिन्हें मरीजों द्वारा अत्यधिक सराहा गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि निति निदेशक रवि कान्त गर्ग (पूर्व ऊर्जा मंत्री) एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों संस्थापक सीए अमित अग्रवाल, अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल, महामंत्री मूलचंद गर्ग, योगेश गोयल व कोषाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, सलाहकार रूपेश अग्रवाल, संरक्षक चौधरी भगवान सरन अग्रवाल, उपाध्यक्ष योगेश साराफ, मनीष शोरावाला, मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, प्रियेश अग्रवाल और जगदीश प्रसाद अग्रवाल इत्यादि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया संस्था द्वारा सभी अतिथियों एवं शिविर में पधारे डॉक्टरों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। सभी अतिथियों ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रथम पहल फाउंडेशन एवं श्री रामलीला सभा द्वारा किये गए यह सहयोगात्मक प्रयास को समाज की सच्ची सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मुख्य अतिथि रवि कान्त गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का कार्य क्षेत्र दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है और जिस समर्पण व निष्ठा के साथ टीम समाज की सेवा कर रही है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। संस्थापक सीए अमित अग्रवाल एवं अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्था इस कड़ी में जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क सेवाएं प्रदान करने का लगातार प्रयास कर रही है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



मुरादाबाद। गुरुवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर मुरादाबाद द्वारा एक ज्ञापन जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह मुरादाबाद के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश भोपाल के नाम सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से वर्मा आईएएस द्वारा ब्राह्मणों के लिए की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों का विरोध किया गया तथा यह मांग की गई कि वर्मा के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए जिससे कि इस प्रकार की अनर्गल बातें करने की किसी की हिम्मत ना हो ज्ञापन की प्रति गृहमंत्री भारत सरकार तथा राज्यपाल मध्य प्रदेश को भी प्रेषित की गई इस अवसर पर डॉ. प्रदीप शर्मा,अनिल कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, संजय स्वामी, अनिमेष शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, अमित शर्मा, राजू राघव शर्मा आदि उपस्थित रहे।


दैनिक नेशनल एक्सप्रेस

43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र

आवश्यकता है

नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जनहित में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते हैं।

7080333338 011-49065569

news.vpl@gmail.com

VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001

# उत्तर प्रदेश सरकार ने 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' के लिए दीर्घकालिक रणनीति बनाने हेतु अहम बैठक की

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश सरकार ने 'विकसित उत्तर प्रदेश—2047' का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक दीर्घकालिक रणनीति बनाने के उद्देश्य से बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों, रणनीतिकारों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई।



यह कार्यक्रम 'विकसित यूपी 2047' की कार्य योजना बनाने के लिए हितधारकों की बैठकों की एक श्रृंखला का हिस्सा था।

'उत्तर प्रदेश के औद्योगिक भविष्य को आकार देनाः विकसित भारत-2047 के लिए रणनीति' विषय पर आधारित इस सम्मेलन में नीति निर्धारक, औद्योगिक संगठन और विशेषज्ञ एक साथ आए और 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित, वैश्विक अग्रणी और नवोन्मेषी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने की कार्ययोजना पर चर्चा की।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने सत्र को संबोधित करते हुए राज्य की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति और स्थिरता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जहां अवस्थापना पर पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ रहा है और कार्यशील जनसंख्या में भी वृद्धि हो रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य एक अनुशासित और निवेशक-अनुकूल पारिस्थितिकी प्रदान करता है, जिसमें उद्यमियों के लिए स्पष्ट नीतियां और आवश्यक सहयोग उपलब्ध हैं। राज्य की नीतियां व्यापक, सुव्यवस्थित और देश में सर्वोत्तम में से हैं।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने औद्योगिक विकास-2047 पर विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें प्रमुख संरचनात्मक सुधार, अवस्थापना विस्तार और क्षेत्र-विशेष प्राथमिकताओं का विवरण प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने कहा कि तीव्र परिवर्तन हो रहे हैं और आने वाले 25 वर्ष और भी तेज गति से रूपांतरण लाएंगे।

नीति आयोग में अपर सचिव राजीव ठाकुर ने उत्तर प्रदेश में रेलवे क्षेत्र की विशाल संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि रणनीतिक योजना और लक्षित निवेशों के माध्यम से राज्य औद्योगिक वृद्धि, व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ करते हुए इस क्षमता का प्रभावी उपयोग कर सकता है।

उन्होंने सड़कों, रेल, वायुयान, रसद और सार्वजनिक परिवहन क्षेत्रों सहित अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक अवस्थापना विकास लक्ष्यों की आवश्यकता पर बल दिया।

योजना विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश-2047 की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि 'विजन डॉक्यूमेंट' को लगभग 97.7 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं।

## मोटरसाइकिल चालक को कार के बोनट पर 500 मीटर तक घुमाया : दो आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में रास्ता देने को लेकर कार सवार कुछ लोगों ने एक मोटरसाइकिल चालक से मारपीट की और उसे बोनट पर करीब 500 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

देहात थाना क्षेत्र के नागल-टपरी रोड पर हुई यह घटना सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद सामने आयी। घटना किस दिन हुई इसका पता नहीं लग सका है। उन्होंने बताया कि वीडियो में रियासत नाम का एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से नागल की ओर जाता हुआ दिखाई दे रहा है और पीछे से आ रही एक कार पर सवार लोग उसे रास्ते से हटने के लिए कहते हैं। उन्होंने बताया कि इसे लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और इस दौरान रियासत ने कथित तौर पर कार को 'टिन का डिब्बा' कहा, जिससे उसमें बैठे लोग नाराज हो गए और मोटरसाइकिल सवार से मारपीट की।

# युवा शक्ति में अनुशासन व राष्ट्रभक्ति का संचार करता है स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन : आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की मुख्य संरक्षिका आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय के राष्ट्रीय वयस्क पुरस्कार प्रदान समारोह में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को विशिष्ट बैज प्रदान किए।



राज्यपाल ने स्काउट्स एवं गाइड्स सदस्यों को 'सिल्वर एलिफेंट अवॉर्ड', 'बार टू सिल्वर स्टार अवॉर्ड', 'सिल्वर स्टार अवॉर्ड' तथा 'थैंक्स बैज' प्रदान किए। राजभवन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन देश की युवा शक्ति को अनुशासन, सेवा, नेतृत्व, सद्भाव, कर्तव्यपरायणता और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में स्काउट्स और गाइड्स का 'सेवा ही जीवन' का भाव देश को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। पुरस्कार प्राप्त सभी सदस्यों को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनका जीवन और कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। यह पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि भविष्य में और बेहतर कार्य करने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों और युवाओं को सही दिशा देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि जब युवा सही मार्ग पर आगे बढ़ेंगे, तभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''विकसित भारत'' का सपना साकार होगा। उन्होंने राजभवन द्वारा संचालित सामाजिक और शैक्षिक पहलों का उल्लेख करते हुए बताया कि राजभवन परिसर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय को स्मार्ट और मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है।

राज्यपाल ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से संबंधित बालिकाओं के लिए संचालित बाल गृहों को सुविधा-संपन्न बनाने के प्रयासों पर जानकारी देते हुए कहा, ''राजभवन, विश्वविद्यालयों के सहयोग से इन बाल गृहों को उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित कर रहा है। बालिकाओं की शिक्षा, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ सकें।''

कार्यक्रम में राज्यपाल ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के चीफ नेशनल कमिश्नर डॉ. के.के. खंडेलवाल द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन भी किया।

# सांसद कैसरगंज को हाईकोर्ट ने नहीं मिली राहत अवैध खनन पर लगा था 10 लाख का जुर्माना

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा।कैसरगंज से भाजपा सांसद करण भूषण सिंह को अवैध खनन मामले में लखनऊ हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है।उनकी फर्म मेसर्स नंदिनी इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगे जुर्माने और रॉयल्टी जमा करने के आदेश को उच्च न्यायालय ने रद्द नहीं किया है।हाईकोर्ट ने उन्हें राज्य प्राधिकरण में रिवीजन याचिका दाखिल करने की छूट दी है।न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ व मंजवी शुक्ला की खंडपीठ ने 21 नवंबर को सांसद की याचिका पर सुनवाई की थी।



● 4.88 करोड़ रॉयल्टी जमा करने का मामला

कोर्ट ने मेरिट के आधार पर याचिका खारिज करते हुए यह निर्देश दिया।बताते चलें कि सांसद करण भूषण सिंह ने अपनी याचिका में 10 लाख रुपए के जुर्माने और 4.88 करोड़ रुपये की रॉयल्टी को रद्द करने की मांग की थी।यह मामला वर्ष 2019 का है।19 व20 जनवरी 2019 को गोंडा के खनन निरीक्षक और भूतत्व व खनिकर्म कार्यालय अयोध्या के सर्वेयर ने गोंडा के खनन पट्टे का स्थलीय निरीक्षण किया था।इस निरीक्षण में स्वीकृत पट्टे से 1.72 लाख घनमीटर अधिक खनन पाया गया था। तत्कालीन जिलाधिकारी नितिन बंसल ने 15 जून 2019 को मैसर्स नंदिनी इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।इसके साथ ही बालु की रॉयल्टी और खनिज मुल की राशि के रुप में 4.88 करोंड़ रुपये 15 दिन के अंदर जमा करने का आदेश दिया था।गोंडा खनन विभाग ने इस संबंध में करण भूषण सिंह और उनकी फर्म को कई नोटिस जारी किया था।नोटिस मिलने के बाद जुर्माना और बालु की रॉयल्टी जमा नहीं की गई।जिसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा।भाजपा सांसद करण भूषण सिंह और उनकी फर्म को तरबगंज तहसील क्षेत्र के दुर्गागंज ग्राम पंचायत में बालु खनन के लिए पांच साल का पट्टा मिला था।

इस कार्यवाही के बाद से सांसद व उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने कोई नया बालु खनन पट्टा नहीं लिया है।सांसद करण भूषण सिंह ने कहा कि गलत तरीके से जुर्माना लगाया गया था।इसी जुर्माने व रॉयल्टी को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।हाईकोर्ट ने राज्य प्राधिकरण में रिवीजन प्रस्तुत करने को लेकर हुई देरी से छूट दी है।भाजपा सांसद द्वारा अपने फर्म के माध्यम से खनन निदेशक उत्तर प्रदेश,प्रमुख सचिव खनन विभाग,आयुक्त देवीपाटन मंडल व जिलाधिकारी गोंडा को इस पूरे मामले में पार्टी बनाया गया था।

## मध्याह्न भोजन योजना में 11 करोड़ रुपये की हेराफरी में 45 लोगों पर मुकदमा, पांच गिरफ्तार

बलरामपुर (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में मध्याह्न भोजन योजना में करीब 11 करोड़ रुपए के गबन का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर 45 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनमें से पांच को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला द्वारा नगर कोतवाली में 26 नवंबर को तहरीर दी गई थी कि मध्यान भोजन योजना में सरकारी दस्तावेजों में कूट रचना करते हुए करीब 11 करोड़ रूपये का घोटाला किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह घोटाला वर्ष 2021 से शुरु हुआ था। बेसिक शिक्षा विभाग के आई वी आर एस पोर्टल से विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या का पता लगाकर छात्रों की संख्या के सापेक्ष शासन द्वारा निर्धारित कन्वर्जन कास्ट के गुणांक में धनराशि की गणना कर एक्सेल शीट तैयार की जाती है।

# सम्मन देने गये दो पुलिस कर्मियों से मारपीट गाली गलौज दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो


गोंडा।जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सम्मन देने गये दो पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया गया।बताते चलें कि महराजगंज जनपद से आये दिव्यांग हेडकांसटेबल छोटे लाल यादव व नगर कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही अरुण कुमार गुप्ता के साथ इमामबाड़ा के चमरटोलिया गांव में मारपीट की गई। इस दौरान उनके मोबाइल भी पटक कर तोड़ दिये गये, जिससे उसकी स्क्रीन भी टूट गयी। मारपीट में हेड कांस्टेबल छोटे लाल यादव व सिपाही अरुण कुमार गुप्ता घायल हो गए। उनका गोंडा मेडिकल कॉलेज में इलाज करवाया गया।पुलिस के अनुसार,आरोपियों ने सम्मन लेने से इन्कार कर दिया और पुलिस कर्मियों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।नगर कोतवाली पुलिस ने हेडकांसटेबल छोटे लाल यादव की तहरीर पर शशि आनंद व राजन के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट व गाली गलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच उपनिरीक्षक मनीष कुमार को सौंपी गई है।पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



उक्त घटना का एक 53 सेकेण्ड का वीडियो भी सामने आया है, जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वीडियो में हैडकांस्टेबल छोटे लाल यादव वीडिओ रिकार्डिंग करते दिख रहे हैं, जबकि कांस्टेबल अरुण कुमार गुप्ता आरोपियों से सम्मन लेने के लिए कह रहे हैं।इस दौरान भी आरोपी पुलिसकर्मियों के मोबाइल छीनने और विवाद करने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं।हैडकांस्टेबल छोटे लाल यादव महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाने में तैनात हैं।वह न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेन्दा,महराजगंज द्वारा जारी नोटिस शशि आनंद, राजन व नीता को देने गोंडा आये थे। इन सभी को 27 नवंबर को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेन्दा, महराजगंज की अदालत में हाजिर होना था।जब सम्मन लेने से आरोपियों ने मना किया तो हैडकांस्टेबल ने दोबारा सम्मन लेने के लिए कहा तो नाराज होकर आरोपियों द्वारा मारपीट किया गया।आरोपी शशि गौतम उर्फ आनन्द गौतम ने अपने छोटे भाई की शादी महराजगंज जनपद के बृजमनगंज थाना क्षेत्र में एक लड़की से लगाई थी परन्तु कुछ लेन देन को लेकर राजन गौतम ने शादी से इन्कार कर दिया था। जिसका मुकदमा लड़की के पिता ने न्यायालय में दायर किया है।उसी का सम्मन न्यायालय से राजन गौतम और उसके बडे. भाई शशि आनंद उर्फ आनन्द गौतम व नीता के नाम पर जारी हुआ था।

नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि हेडकांसटेबल छोटे लाल यादव की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोनों लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा पूरे मामले की शुरू कर दी गयी है।दोनों आरोपियों ने हमारे थाना क्षेत्र के महराजगंज चौकी पर तैनात सिपाही के साथ मारपीट की है तथा साथ ही साथ महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाने पर तैनात हेडकांसटेबल छोटे लाल यादव के साथ भी मारपीट की है।

# अन्नदाता किसानों को अनुदान पर सोलर पंप उपलब्ध कराएगी डबल इंजन सरकार




लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 'अन्नदाता किसानों' को अनुदान पर 40521 सोलर पंप उपलब्ध कराएगी। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है।

बयान में कहा गया है कि इसका लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को 15 दिसंबर तक कृषि विभाग की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। इसमें कहा गया है कि अनुदान पर सोलर पंप उन्हीं किसानों को मिलेगा, जो विभाग की इस वेबसाइट पर पंजीकृत होंगे। बयान के मुताबिक किसानों का चयन ई-लॉटरी के जरिए किया जायेगा। किसानों को नौ प्रकार के सोलर पंप पर केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूप में बड़ी राशि की छूट मुहैया कराई जा रही है।

इसमें कहा गया है कि यह अनुदान उत्तर प्रदेश के किसानों की समृद्धि में सहायक हो रहा है। उप्र कृषि विभाग द्वारा किसानों को अलग-अलग सोलर पंपों पर अनुदान दिए जाएंगे। इसमें केंद्र व राज्य सरकार का अलग-अलग अंश भी होगा। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) के अंतर्गत योगी सरकार ने किसानों से 15 दिसंबर तक आवेदन करने की अपील की है।

# इस साल के अंत तक अयोध्या में 50 करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना: उत्तर प्रदेश सरकार

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश सरकार ने राम मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना के बाद पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि की संभावना जताते हुए बुधवार को कहा कि इस साल के अंत तक अयोध्या में 50 करोड़ पर्यटक आने की उम्मीद है।



राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, इस साल जनवरी से जून के बीच लगभग 23 करोड़ लोग अयोध्या आए, जो पहले की तुलना में चार से पांच गुना अधिक है।

इसमें कहा गया कि अब अमेरिका, यूरोप, रूस और कई अन्य एशियाई देशों से बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं और पर्यटकों की इस बढ़ोतरी ने अयोध्या को दुनिया के जाने-माने आध्यात्मिक नगरों में शामिल कर दिया है।

बयान के अनुसार, अयोध्या में पर्यटकों की बढ़ती संख्या ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है और इसका उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में लगभग डेढ़ प्रतिशत का योगदान है।

इसमें कहा कि आने वाले वर्षों में शहर का सालाना कारोबार चार लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

सरकार के मुताबिक, अयोध्या अब राज्य का सबसे अधिक देखा जाने वाला धार्मिक स्थल बन गया है और उम्मीद जताई कि वर्ष 2029 तक उत्तर प्रदेश एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में अयोध्या अहम भूमिका निभाएगा।

# अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में सपा प्रवक्ता पर मामला दर्ज

लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रवक्ता मनोज कुमार यादव पर एक टेलीविजन चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज किया है।



यह मामला हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय संयोजक राघवेंद्र सिंह राजू की शिकायत के बाद दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यादव ने मुख्यमंत्री, हिंदू संगठनों के नेताओं और सवर्ण समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत तथा भाजपा प्रवक्ताओं को धमकियां दीं।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर साझा की गई टिप्पणियों का मकसद "जाति-आधारित तनाव फैलाना, अशांति भड़काना और साजिश के जरिए राजनीतिक लोकप्रियता हासिल करना" था।

शिकायत में ''तालिबान या आतंकी संगठनों'' के साथ संभावित संबंधों का आरोप लगाते हुए पुलिस से सपा प्रवक्ता के फोन की भी जांच की मांग की गई है। शिकायत के आधार पर, हजरतगंज पुलिस ने बुधवार रात मामला दर्ज कर लिया। जांच चल रही है।

इस बीच, यादव ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, "मैंने कभी किसी के खिलाफ अपमानजनक बात नहीं कही। मैं छोटी सोच वाले लोगों के कहने पर दर्ज प्राथमिकी से नहीं डरता। अन्याय के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी, चाहे कुछ भी हो जाए।"

# योगी आदित्यनाथ ने दिये 'एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स' को और मजबूत करने के निर्देश





लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए राज्य की 'एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स' को स्थायी अधिकारियों–कर्मचारियों, बेहतर मूलभूत सुविधाओं और आधुनिक उपकरणों से और अधिक मजबूत बनाया जाए।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी छह एएनटीएफ थानों और आठ इकाइयों में निरीक्षक, उप-निरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर, कांस्टेबल और अन्य आवश्यक कर्मचारियों की स्थायी तैनाती जल्द पूरी की जानी चाहिए। साथ ही सभी को विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। टास्क फोर्स को आधुनिक उपकरणों, डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया जाए ताकि "तेज और अधिक सटीक कार्रवाई" सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी प्रस्तावित एएनटीएफ थानों के लिए अदालत आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि समय पर आवंटन से मुकदमों की त्वरित सुनवाई और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई में मदद मिलेगी।

# अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय को अपील के बाद मिला 'ए प्लस ग्रेड'

लखनऊ, (भाषा) डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) ने पुनर्मूल्यांकन के बाद 'ए प्लस ग्रेड' दिया है। विश्वविद्यालय ने इसे 'ऐतिहासिक उपलब्धि' करार दिया है।



विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, पहले एकेटीयू को 'ए ग्रेड' मिला था, लेकिन पुनर्मूल्यांकन के लिए अपील करने के बाद इसे 'ए प्लस ग्रेड' प्रदान किया गया।

बयान में कहा गया कि एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर जे.पी. पांडेय ने शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

एनएएसी ने एकेटीयू का स्थलीय और डिजिटल माध्यम से आकलन इस वर्ष 17 से 19 जून के बीच किया था।

अधिकारियों ने बताया कि प्रोफेसर पांडेय के कुलपति बनने के तुरंत बाद एनएएसी प्रत्यायन की तैयारी शुरू हो गई थी। सभी सात मानकों को पूरा करने के लिए समर्पित टीमें बनाई गई थीं।

एकेटीयू के अधिकारियों ने बताया कि 'ए प्लस ग्रेड' मिलने से विश्वविद्यालय को ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित करने, गुणवत्ता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बढ़ाने, और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से शोध अनुदान और परियोजनाओं जैसी केंद्रीय योजनाओं तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

एनएएसी के अनुसार, ग्रेड देने के लिए संस्थानों का मूल्यांकन सात मानकों पर किया जाता हैः पाठ्यक्रम, शिक्षण कार्य, शोध एवं अनुसंधान, आंतरिक शासन व्यवस्था, छात्र सहयोग, मूलभूत ढांचा और गुणवत्ता आश्वासन।

## कुर्सी-सोफे के कवर का रंग बदलने को लेकर हुई टेंट व्यवसायी की हत्या : तीन आरोपी गिरफ्तार

बलिया (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में कुर्सी और सोफे पर लगाये गये कवर के रंग को बदलने के विवाद में एक टेंट व्यवसायी की हत्या करके शव को छिपाने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हल्दी थाना क्षेत्र के परसिया गांव का निवासी टेंट व्यवसायी अजीत कुमार सिंह (45) गत 23 नवंबर को लापता हो गया था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट करायी गयी थी। उसके बाद 25 नवंबर को उसका शव हुकुम छपरा घाट पर गंगा नदी में उतराता पाया गया था। इस मामले में मृतक के भाई चन्दन की तहरीर पर पीयूष कुमार सिंह उर्फ मनोज, अनीश कुमार सिंह और अंकुर सिंह नामक युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मुकदमे में आरोप लगाया गया कि टेंट व्यवसाई अजीत कुमार सिंह ने गत 22 नवंबर को हल्दी थाना क्षेत्र के मझौवा गांव में आरोपी अनीश कुमार सिंह की बहन की शादी में टेंट लगाया था।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर किया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोण्डा।जनपद में विधानसभा निर्वाचन से संबंधित प्रमुख कार्यों के अंतर्गत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण SIR फार्म के 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 18 बीएलओ को आज कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने सभी बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मान जताया।



यह सम्मान उन सभी बीएलओ के उत्कृष्ट कार्य, समयबद्धता तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनके सहयोग और समर्पण को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस सम्मान समारोह में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण SIR फॉर्म का पूर्ण डिजिटाइजेशन निर्वाचन कार्यों को सुदृढ़, पारदर्शी एवं सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े सभी कार्यों में सटीकता, समयबद्धता और तकनीक के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता होती है।

समय से पूर्व 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करना न केवल विभागीय टीमवर्क का उदाहरण है, बल्कि यह प्रशासन की कार्यकुशलता को भी दर्शाता है।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी 18 बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि के लिए प्रत्येक बीएलओ की मेहनत, जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी प्रशंसनीय है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बीएलओ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में कार्य करने वाले कर्मचारी ही सफलता की मुख्य कड़ी होते हैं। समय पर कार्य पूर्ण कर बीएलओ ने जिले को प्रदेश स्तर पर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर किया है।इसके अतिरिक्त सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी समारोह में उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों ने बीएलओ की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।समारोह में जिलाधिकारी ने पुनः सभी बीएलओ को बधाई दी और कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि जनपद में निर्वाचन कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता और दक्षता के साथ संपादित किया जाए। SIR फॉर्म का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विधानसभा मेहनौन भोलेनाथ गुप्ता सहायक अध्यापक, दिनेश कुमार मिश्रा शिक्षामित्र, पूनम देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, उम्मतुल निशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आराधना शिक्षामित्र, राजेंद्र कुमार शिक्षामित्र, सुषमा तिवारी शिक्षामित्र, सिद्धार्थ कुमार मिश्र शिक्षामित्र, सुधा श्रीवास्तव शिक्षामित्र, सरोज कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिवकुमार यादव शिक्षामित्र, सुभागवती सिंह आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शशिबाला आंगनबाड़ी कार्यकत्री, गुड्डी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, श्रीमती रामेश्वरी पाण्डेय आंगनबाड़ी कार्यकत्री, काजी मंजूर अहमद सहायक अध्यापक, सौरभ सिंह सहायक अध्यापक, अनीता सहायक अध्यापक आदि बीएलओ को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

# विपक्षी को फंसाने के लिए अपहरण की दी झूठी सूचना, दो गिरफ्तार



### मकसद साफ था—पुरानी रंजिश में विपक्षियों को फंसाना

मक्खनपुर से सूचना मिलते ही दोनों अभियुक्त बेटी को अरांव थाने लेकर आए और अपहरण का झूठा षड्यंत्र रच दिया।परंतु पुलिस की सघन जांच, साक्ष्यों तथा बयान के मेल न खाने पर पूरा मामला उजागर हो गया। इसके बाद मुकदमे में धारा 232/61(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई और षड्यंत्र में शामिल दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। थाना अरांव पुलिस ने एक बड़ी साजिश का भंडाफोड़ करते हुए फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वाले दो अभियुक्तों—कुंवरपाल पुत्र भजनलाल एवं रमाकांत उर्फ रामू पुत्र निरोत्तम सिंह—को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के विशेष अभियान के तहत यह बड़ी सफलता हाथ लगी।

दिनांक 22 नवंबर 2025 को एक महिला ने थाना अरांव में रिपोर्ट लिखाई थी कि उसकी बेटी को केदार व अजय देव पुत्रगण राजपूत, निवासी नगला हरी, 17 नवंबर को स्कूल जाते समय बहाने से उठाकर ले गए और 22 नवंबर को मक्खनपुर में छोड़कर चले गए। इस आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। लेकिन विवेचना ने कहानी की असलियत खोलकर रख दी पुलिस जांच में सामने आया कि पीड़िता का अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि उसके पिता कुंवरपाल और साथी रमाकांत ने ही उसे अपनी बहन के घर खेरा गणेशपुर, थाना मटसैना, फिरोजाबाद छोड़ दिया था। दोनों ने अपनी बेटी को सिखा-पढ़ाकर मक्खनपुर थाने के पास छोड़ा और कहा कि जाकर झूठा बयान देना कि अजय उर्फ रश्मि और केदार ने अपहरण किया था।

# जिलाधिकारी व जिला जज ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

- महिला बंदियों को शॉल व बच्चों को खिलौने वितरित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग के साथ गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता का विस्तृत मूल्यांकन किया। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि बंदियों की चिकित्सा व्यवस्था में कोई कमी न रहे और सभी



सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। संयुक्त टीम ने जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की भी जांच की तथा बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश और जिलाधिकारी ने महिला बंदियों को शॉल तथा जेल में रह रहे छोटे बच्चों को खिलौने वितरित किए। इसके साथ ही जेल परिसर में स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण त्रैमासिक औचक निरीक्षण के अंतर्गत किया गया।

# पीएमश्री विद्यालय जसराना पर विकासखण्ड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।**

जसराना । राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र परिसर में स्थित पी0एम0श्री0 विद्यालय जसराना पर किया गया जिसका शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी जसराना भूपेन्द्र सिंह द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात प्रतियोगिता के प्रारम्भिक चरण में विकास खण्ड जसराना के समस्त परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं (प्रत्येक विद्यालय से तीन छात्र-छात्राओं )द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रारम्भिक चरण में बहुविकल्पीय प्रश्न उत्तर आधारित परीक्षा ली गयी। विकास खण्ड जसराना के 159 छात्र-छात्राओं ने उक्त परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिसमें 05 सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्राओं का जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुतीकरण हेतु चयन किया गया।



समस्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रतियोगिता का संचालन उमाकांत सिंह ए0आर0पी0 , मुकेश राजपूत शिक्षक संकुल, निर्देश सिंह, अजय पाल सिंह, हेमेन्द्र सिंह ,सुश्री सुमन राजपूत, के द्वारा किया गया। हृदेश कुमार, अभिषेक वर्मा, श्रीमती अनुराधा , विनीत कुमार, श्रीमती सुजाता श्रीमती इंजिला महविश , राहुल कुमार, रविकान्त सिंह , आशीष कुमार ,अवनीश कुमार , अंकित जैन , अनिल कुमार आदि का परीक्षा पूर्ण कराने में विशेष सहयोग रहा।

# खाद्य विभाग ने बालाजी मंदिर पर लगाया शिविर

- दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा और तेल के सही उपयोग की जानकारी दी

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद । नगर शिकोहाबाद में खाद्य विभाग ने बृहस्पतिवार को बालाजी मंदिर परिषद स्थित पार्क में एक जागरूकता शिवर का आयोजन किया मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिवर का उद्देश्य मंदिर के आसपास के दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करना था इस कार्यक्रम में बालाजी महंत मनीष भारद्वाज ट्रस्ट के अध्यक्ष दया शंकर गुप्ता राजेश गुप्ता एफएस यूनिवर्सिटी के कुलपति



डॉक्टर दिलीप यादव और चौहान सहित बड़ी संख्या में दुकानदार उपस्थित रहे प्रशिक्षक कुलभूषण भाटी ने दुकानदारों को खाद्य सामग्री तलने में इस्तेमाल होने वाले तेल के सही उपयोग के बारे में बताया उन्होंने सलाह दी की तेल का प्रयोग अधिकतम दो या तीन बार ही करना चाहिए इसके बाद बचे हुए तेल को एक डिब्बे में इकट्ठा कर कंपनियों को बेचा जा सकता है भाटी ने चेतावनी दी कि पुराने तेल में नया तेल मिलाने से वह जहरीला हो जाता है जिससे उसमें तली गई वस्तुओं के सेवन में बीमारियां फैल सकती हैं कुलभूषण भाटी ने दुकानदारों से प्लास्टिक के बर्तनों में खाद्य वस्तुएं न रखने का भी आग्रह किया उन्होंने विशेष रूप से बालाजी मंदिर में चढ़ाए जाने वाले प्रसाद को पॉलिथीन में न देने की बात कही उन्होंने मंदिर ट्रस्टयो से भी अपील की ऐसी घोषणा करें कि पॉलिथीन में लाया गया प्रसाद स्वीकार नहीं किया जाएगा जिससे मंदिर परिसर में पॉलिथीन मुक्त बनाया जा सके मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंदन पांडे ने भी दुकानदारों को खुले तेल और मसाले का प्रयोग न करने की सलाह दी क्योंकि इससे बीमारियां फैलने की संभावना अधिक होती है शिविर में उपस्थित सभी लोगों ने पॉलिथीन में सामग्री ना रखने और खुले मसाले का प्रयोग न करने का संकल्प लिया ।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री पहुंचे बाबा नीब करौरी महाराज जी की जन्मस्थली



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूण्डला। बाबा नीम करौरी महाराज के जन्मोत्सव पर गुरुवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उनकी जन्मस्थली ग्राम अकबरपुर पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा के चरणों में नमन करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने बाबा के परिजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम भी जानी। कार्यक्रम के दौरान ब्रजेश पाठक ने बाबा नीम करौरी महाराज के जीवन और संदेश पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी प्रार्थना है कि प्रदेश के सभी लोग बाबा के आशीर्वाद से सुख-समृद्धि प्राप्त करें और विकास के पथ पर अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि बाबा का ध्यान संकटों का हरण करता है और जनमानस को सही मार्ग दिखाता है। उनके वचन सनातन संस्कृति को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का कार्य कर रहे हैं, यही कारण है कि आज उनकी ख्याति देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में फैल चुकी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐप्पल के मालिक सहित दुनिया भर के लोग बाबा में आस्था रखते हैं और उनके आशीष से कष्टों से मुक्ति पाते हैं। बाबा के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का ध्वज विश्व पटल पर और ऊंचा हो रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और बाबा के दामाद जगदीश भटेरे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर । सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोथरा रोड पर नगला सेंधा के पास अपने घर जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। बाइक चालक रिंकू पुत्र जयवीर उम्र करीब 25 वर्ष निवासी चंदीकारा थाना बरनाहल जिला मैनपुरी बुधवार शाम 7 बजे के करीब अपाचे बाइक से अपने घर जा रहा था। वह सोथरा रोड पर नगला सेंधा के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और बाइक छतग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसागंज लेकर आई जहां डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फिरोजाबाद भेज दिया है। गुरुवार शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### मतदाता सूची शुद्धिकरण पर एसडीएम सख्त, बूथ एजेंटों को दिए अहम आदेश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । टूण्डला। तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्रांतर्गत सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने क्षेत्र में सामने आ रही विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर एजेंटों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता व शुचिता के लिए बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे डिजिटाइजेशन कार्य में सभी एजेंट पूरा सहयोग प्रदान करें। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीएलओ को सटीक जानकारी उपलब्ध कराना सभी का दायित्व है ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रह सके। एसडीएम अंकित वर्मा ने सभी राजनीतिक दलों के एजेंटों से अपील की कि एसआईआर में बीएलओ का पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें, जिससे वोटर आईडी कार्ड से संबंधित कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर सही, सटीक और त्रुटिरहित तरीके से पूरा किया जा सके।



### उदय प्रताप सिंह दोबारा बने बीजेपी जिलाध्यक्ष

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।फिरोजाबाद। संगठन पर्व के तहत भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश ने विभिन्न जिलों में नए जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इसी क्रम में फिरोजाबाद जिले में संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क की गहरी पकड़ के कारण पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर उदय प्रताप सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें जिला अध्यक्ष पद के लिए पुनर्निर्वाचित किया है। उदय प्रताप सिंह को दोबारा जिम्मेदारी मिलने की सूचना मिलते ही पूरे जिले में उल्लास का माहौल बन गया। बूथ से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकताओं ने विजयी खुशी व्यक्त करते हुए जगह-जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसी उत्साहपूर्ण माहौल में मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) सचिन जैन ने उनके आवास पर पहुंचकर फूलमाला, पुष्पगुच्छ और मिष्ठान भेंट कर उन्हें पुनर्निर्वाचन की हार्दिक बधाई दी। दोनों नेताओं ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल और संगठन की निरंतर प्रगति की कामना भी की।




# अतुल प्रताप सिंह के आदेश के बाद 25 वर्षों से चली आ रही तालाब की समस्या पर अधिकारियों का गया ध्यान



अतुल प्रताप सिंह



सेंगई तालाब पर पानी कार्य के लिए लगी पंप ।

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार**

फिरोजाबाद ।जनपद के विकासखंड फिरोजाबाद की ग्राम पंचायत सेंगई जो कि जिला मुख्यालय के करीब 10 किमी दूरी पर है ।जहां पर ग्रामीणों के लिए लगभग 25 वर्षों से गांव का तालाब मुसीबत बना हुआ है ।

बारिश के मौसम में यह इस तालाब का गन्दा पानी लोगों के घरों में भर जाता है जिससे लोगों को गंदे बदबूदार पानी में मजबूरी में जीवन कष्टमय व्यतीत करना पड़ता है लेकिन गांव के ही एक युवा संदीप कुमार पुत्र उमेश चन्द द्वारा लगातार तालाब की समस्या को लेकर अधिकारियों को शिकायत की गई लेकिन अधिकारियों ने सिर्फ खानापूर्ति कर मामले को पूरी तरह दबाने की कोशिश की गई तो जानकारी करने पर कार्यवाही का मात्र आश्वाशन दिया गया जिसके चलते संदीप कुमार ने बीती 22 नवंबर को पर्यटन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के पुत्र अतुल प्रताप सिंह ,अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक फिरोजाबाद को लिखित में समस्या को लेकर एक प्रार्थना पत्र दिया जिसपर तत्काल अध्यक्ष जी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद को मामले में कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा उनके निर्देश के बाद विभाग द्वारा गुरुवार को तालाब पर पानी कम करने के लिए पंप लगाकर पानी की निकासी का कार्य शुरू कराया गया । वहीं अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह के आदेश के बाद लोगों में उम्मीद की एक किरण फिर से जाग उठी और ग्रामीणों ने अतुल प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया।

# थाना लाइनपार पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल, आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

फि रोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस द्वारा महिला सोमवती के मामले में कथित रूप से गलत कार्रवाई किए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी फि रोजाबाद ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाध्यक्ष शीलेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में दिया गया। आरोप लगाया कि सुखलाल राठौर बनाम सोमवती (वाद संख्या 345/2023) का विवाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में विचाराधीन है। न्यायालय ने 8 अक्टूबर 2025 को दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिए थे और अगली तारीख 4 नवंबर निर्धारित की थी। इसके बावजूद थाना लाइन पार पुलिस ने आदेश की समरी को ही आदेश मानते हुए 25 अक्टूबर 2025 को विवादित प्लाट पर सुखलाल राठौर को कब्जा दिलाने की कार्रवाई कर दी। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने बताया कि पीड़िता सोमवती ने इसका विरोध किया और कहा कि न्यायालय का ऐसा कोई आदेश नहीं है, फिर भी पुलिस ने कार्रवाई जारी रखी। 8 नवंबर 2025 को दोबारा कब्जा दिलाने का प्रयास किया गया। आरोप है कि 9 नवंबर को पुलिस ने सुखलाल राठौर का सहयोग करते हुए उल्टा सोमवती पर ही कोर्ट आदेश का पालन रोकने का मुकदमा दर्ज कर दिया, जबकि न्यायालय से कोई कब्जा संबंधी आदेश जारी नहीं हुआ था। इस संबंध में न्यायालय से प्राप्त क्वेरी की



प्रति भी ज्ञापन के साथ संलग्न की गई।आम आदमी पार्टी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान अर्पित यादव, निर्मल कुमार, राजेश वर्मा, यदुवंश यादव, रत्नेश यादव, नदीम सिद्दीकी, एडवोकेट अमित गर्ग, धर्मेंद्र शर्मा, गोविंद झा, ब्रह्मदत्त, राकेश कुशवाह, धनपाल, सोमवती, बागी बाबा, यशपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल स्पर्धा प्रारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना । युवा कल्याण विभाग फिरोजाबाद के तत्वाधान में विधानसभा जसराना की माननीय विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ ए एस मॉडर्न पब्लिक स्कूल ककरारा विकास खण्ड हाथवंत में किया। यह खेल प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर ,सीनियर वर्ग में बालक और बालिकाओं की कराई जा रही है। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष हाथवंत अतुल शुक्ला द्वारा हरी झंडी एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर श्रीदेवी ग्रुप के चेयरमैन अश्वनी यादव कार्यक्रम प्रभारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार युवा कॉर्डिनेटर कृष्ण कुमार मेरा युवा भारत फिरोजाबाद एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे। प्रथम दिवस में होने वाली खेल विधाएं एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, जूडो, भभारोत्तलान द्वितीय दिवस 27 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाली खेल विधाएं कबड्डी ,कुश्ती, बैडमिंटन एवं फुटबॉल। प्रथम दिवस के विधाओं में कुछ मुख्य परिणाम किस प्रकार हैं । सब



जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नवनीत प्रथम प्रशांत द्वितीय, रोहित तृतीय स्थान पर रहे एवं 100मीटर बालिका वर्ग दौड़ में नंदिनी प्रथम, सोनम द्वितीय, प्रियंका तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग बालक में 200 मीटर दौड़ में गौरव प्रथम , प्रिंस द्वितीय, रॉबी तृतीय स्थान पर रहे ।

# तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। थाना टूण्डला में वर्ष 2022 में हुए जघन्य हत्याकांड में नामजद तीनों अभियुक्तों—पप्पु उर्फ पवन बघेल, राजवीर और राहुल—को अदालत ने आजीवन कारावास तथा एकझ्रएक लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। यह फैसला पुलिस की प्रभावी विवेचना, ठोस साक्ष्य संकलन और मजबूत पैरवी का परिणाम माना जा रहा है।

**ऐसा था पूरा मामला**

03 अप्रैल 2022 की रात करीब 9:30 बजे वादी का भाई बंटी मरघट के पास खाली पड़ी जगह पर गया था, जहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उस पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बंटी की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस घटना के आधार पर थाना टूण्डला में मुकदमा दर्ज किया गया, जिसे बाद में धारा 302 व एससी/एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं में परिवर्तित किया गया।

### ऑपरेशन कन्विक्शन का प्रभाव

डीजीपी उ0प्र0 के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत जिले की पुलिस ने इस केस को प्राथमिकता में रखते हुए लगातार मॉनिटरिंग की। अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी टुण्डला के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने मजबूत साक्ष्य जुटाए। अदालत ने 27 नवंबर 2025 को तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास और एकझ्रएक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### तेज तर्रार विवेचना और 90 दिन में चार्जशीट

मामले की विवेचना प्रारंभ में उ0नि0 विपिन कुमार द्वारा और बाद में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डे द्वारा की गई। एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)5 जोड़े जाने के बाद विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी टूण्डला हरिमोहन सिंह को सौंपी गई। सीओ टूण्डला ने सबूतों के आधार पर केवल 90 दिनों में चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी, जिसे पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना गया।

### गिरफ्तारी और पैरवी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के आदेश पर एसओजी/सर्विलांस की दो टीमों का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में प्रभावी पैरवी अभियोजक श्री नरेन्द्र सिंह सौलंकी, पुलिस मॉनिटरिंग सेल और पैरोकार का0 गोपीचंद द्वारा की गई, जिसके परिणामस्वरूप अभियुक्तों को कड़ी सजा दिलाई जा सकी।

# भाई ने एसआईआर के नाम पर बहन से कराई मकान- दुकान की रजिस्ट्री

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद । विधानसभा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण यानी रक्क्रके नाम पर एक बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जहां एक महिला को उसके ही सगे भाई ने फॉर्म भरने का भय दिखाकर उसके मकान और दुकान का बैनामा अपने नाम करा लिया। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है और रजिस्ट्री निरस्त कराने के लिए अदालत पहुंची है।

गुरुग्राम में रहकर सिलाई का काम करती सरताज खानम को अंदाजा भी नहीं था कि उसके अपने ही भाई आजाद की



नीयत इतनी खतरनाक हो सकती है। सरताज ने मेहनत की कमाई से रसूलपुर थाना क्षेत्र के नालबंद चौराहा स्थित एक मकान और दुकान खरीदी थी। लेकिन उसकी अनपढ़ता का फायदा उठाकर उसके भाई ने बड़ी चाल चल दी। आरोप है कि आरोपी भाई गुरुग्राम पहुंचा और सरताज को SIR यानी मतदाता सूची पुनरीक्षण का भय दिखाया। उसने कहा कि ह्लसरकार रक्क्रफॉर्म भरने वालों की जांच कर रही है, अगर फॉर्म नहीं भरा तो देश से बाहर भेज दिया जाएगाङ्ख देश से भी निकाला जा सकता है। यह सुनकर डर गई सरताज अपने भाई के साथ फिरोजाबाद आ गई। भाई उसे सीधे तहसील ले गया, जहां कागज अपडेट कराने के नाम पर उससे कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। तहसील में बस इतना पूछा गया कि क्या वह मकान और दुकान गिफ्ट कर रही है लेकिन सरताज गिफ्ट का मतलब नहीं समझ पाई और हस्ताक्षर कर दिए। उसके बाद जो हुआ वह हैरान कर देने वाला था – SIR फॉर्म नहीं, बल्कि मकान और दुकान की रजिस्ट्री भाई के नाम चढ़ चुकी थी।

पीड़िता के विरोध करने पर भाई ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद सरताज ने ररढ फिरोजाबाद को शिकायती पत्र भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं महिला ने विवादित रजिस्ट्री को निरस्त कराने के लिए न्यायालय में वाद दायर कर दिया है।सरताज खानम का कहना है कि उसने जीवनभर की कमाई से मकान और दुकान खरीदे थे, जिन्हें उसके अपने भाई ने ही छलपूर्वक छीन लिया। अब वह न्याय की गुहार लगा रही है। SIR के नाम पर हुई ये धोखाधड़ी न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं के दुरुपयोग पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि भरोसे के रिश्तों में छिपी क्रूर सच्चाई को भी उजागर करती है। फिलहाल पुलिस शिकायत की जांच कर रही है। सरताज खानम मुझे कहा SIR का फॉर्म भरना है, नहीं तो देश से बाहर निकाल देंगे मैं अनपढ़ हूं, कागज का मतलब नहीं समझ सकी। उसने धोखे से मेरा मकान-दुकान अपने नाम करा लिया।

### अपदस्थ राष्ट्रपति उमारो सिकोसो एम्बालो के करीबी थे

# गिनी बिसाऊ के सैनिकों ने जनरल होर्ता एनटा को देश का सैन्य शासक घोषित किया

**बिसाऊ (गिनी-बिसाऊ), (एपी)** गिनी-बिसाऊ के सैनिकों ने राष्ट्रपति चुनाव के बाद सत्ता पर अपने जबरन कब्जे को मजबूत करते हुए बृहस्पतिवार को देश के नए सैन्य शासक की घोषणा की। सरकारी टीवी पर दी गई जानकारी के अनुसार सेना के शीर्ष नेतृत्व ने जनरल होर्ता एनटा को सैन्य शासन का प्रमुख घोषित किया।



एनटा तख्तापलट के समय सेना प्रमुख थे और अपदस्थ राष्ट्रपति उमारो सिकोसो एम्बालो के करीबी थे। बृहस्पतिवार को एम्बालो के ठिकाने का कुछ पता नहीं चल पाया। उन्होंने फ्रांसीसी मीडिया को बुधवार को बताया था कि सैनिकों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान राष्ट्रपति भवन के निकट गोलियां चलने की आवाज भी सुनी गईं।

विपक्ष ने एम्बालो पर आरोप लगाया कि उन्होंने रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में करीबी मुकाबले में अपनी हार से बचने के लिए तख्तापलट की साजिश रची थी।

एम्बालो के प्रतिद्वंद्वी फर्नांडो डियास के अनुसार सैन्य तख्तापलट और एम्बालो की कथित गिरफ्तारी बृहस्पतिवार को अपेक्षित मतगणना को प्रभावित करने के लिए हुई है। एम्बालो की तरह डियास ने भी चुनाव में खुद की जीत का दावा किया है।

'एसोसिएटेड प्रेस सोशल रिन्यूअल पार्टी' के सदस्य डियास के दावों का स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सकता। इससे पहले, सैनिकों ने बुधवार को सरकारी टेलीविजन पर तख्तापलट की घोषणा की। बुधवार दोपहर राष्ट्रपति भवन के पास गोलियों की आवाजें भी सुनाई दी थीं। फ्रांस के समाचार प्रतिष्ठान 'जून अफ्रीका' ने एम्बालो के हवाले से बताया कि सेना प्रमुख ने तख्तापलट किया है और उन्हें (राष्ट्रपति) गिरफ्तार कर लिया गया है।

फ्रांसीसी टेलीविजन नेटवर्क 'फ्रांस 24' से उन्होंने कहा, ₹मुझे पद से हटा दिया गया है। राष्ट्रीय और सार्वजनिक व्यवस्था की बहाली के लिए गठित उच्च सैन्य कमान के प्रवक्ता दिनिस एन'चमा ने एक बयान में कहा, ''शीर्ष सैन्य कमान ने राष्ट्रीय और सार्वजनिक व्यवस्था की बहाली के लिए तुरंत राष्ट्रपति को पद से हटाने और गिनी-बिसाऊ गणराज्य की सभी संस्थाओं को अगले आदेश तक निलंबित करने का निर्णय लिया है।'' उन्होंने दावा किया कि चुनावी नतीजों में हेरफेर करके देश को अस्थिर करने की जारी गोपनीय साजिश के जवाब में यह कदम उठाया गया है।

एन'चमा ने आरोप लगाया कि इस ₹साजिश₹ में कुछ नेता, एक कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर और घरेलू तथा विदेशी नागरिक शामिल थे। राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव रविवार को हुए थे। मौजूदा राष्ट्रपति एम्बालो और विपक्षी उम्मीदवार फर्नांडो डायस दा कोस्टा, दोनों ने मंगलवार को अपनी-अपनी जीत का दावा किया था जबकि आधिकारिक अनंतिम परिणाम बृहस्पतिवार को आने की उम्मीद है।

## बहुमंजिला आवासीय परिसर में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हुई

**हांगकांग, (एपी)** हांगकांग के एक बहुमंजिला आवासीय परिसर में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हो गई है। अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। दमकलकर्मी दूसरे दिन भी बहुमंजिला आवासीय परिसर लगी आग को बुझाने में जुटे रहे। इस अग्निकांड को शहर के आधुनिक इतिहास की सबसे भयानक आग की घटनाओं में से एक बताया जा रहा है।

ताई पो जिले में हांगकांग की सीमा से सटे उत्तरी उपनगर में स्थित वांग फुक कोर्ट परिसर के कुछ फ्लैट से बृहस्पतिवार शाम तक घना धुआं उठता देखा गया। इमारतों के अंदर आग की लपटें भी दिखाई दे रही थीं। इस परिसर में कई बहुमंजिला इमारतें हैं जहां हजारों लोग रहते हैं।


हांगकांग के नेता जॉन ली ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह तक 279 लोगों के लापता होने की सूचना थी। कुछ इमारतों में बचाव कार्य जारी है, लेकिन बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि कितने लोग अभी भी लापता हैं या कितने अंदर फंसे हुए हैं।

दमकलकर्मी बुधवार दोपहर से ही आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। आग सबसे पहले बांस की मचान और निर्माण जालियों में लगी जिसके बाद परिसर की आठ में से सात इमारतों में तेजी से फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि चार इमारतों में आग लगभग बुझाई जा चुकी है और शेष तीन इमारतों की आग पर काबू पा लिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में एक दमकलकर्मी भी शामिल है और 70 लोग घायल हुए हैं। लगभग 900 लोगों को रात भर अस्थायी आश्रयों में रखा गया। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि हांगकांग पुलिस ने बहुमंजिला इमारतों वाले 'वांग फुक कोर्ट' परिसर में बुधवार को लगी आग के मामले में तीन पुरुषों को गिरफ्तार किया है।

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार रात घटनास्थल पर लगी इस भीषण आग पर शोक व्यक्त किया और अधिकारियों को आग बुझाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

## इमरान खान अदियाला जेल में पूरी तरह स्वस्थ हैं : जेल अधिकारी



लाहौर, (भाषा) पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदियाला जेल में ''पूरी तरह स्वस्थ'' हैं। जेल अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जेल अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर खान की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर जारी अफवाहों को खारिज किया।

अदियाला जेल प्रशासन ने आज जारी एक बयान में कहा, ''पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेतृत्व को इमरान खान के स्वास्थ्य के बारे में सूचित कर दिया गया है। पीटीआई प्रमुख को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।''

खान (73) अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में बंद हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई उपयोगकर्ताओं ने इमरान खान की मौत के अपुष्ट दावे साझा किए हैं, और कुछ विदेशी मीडिया ने भी उनके स्वास्थ्य को लेकर कथित अफवाहों पर खबरें प्रकाशित की हैं। बृहस्पतिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'इमरान खान कहां हैं?' ट्रेंड कर रहा था।

जेल अधिकारियों ने बयान में कहा कि सोशल मीडिया पर खान की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में किए जा रहे दावों में कोई सच्चाई नहीं है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब इमरान खान की तीन बहनों को पिछले छह हफ्तों से उनसे मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे वे पूर्व प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठा रही हैं। हाल में खान की बहनों ने अदियाला जेल के बाहर धरना भी दिया था।

अदियाला जेल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इमरान खान को अदियाला जेल से स्थानांतरित करने की खबरें पूरी तरह से निराधार हैं। जेल प्रशासन ने कहा, ''इमरान खान अदियाला जेल में हैं और स्वस्थ हैं। उनके स्थानांतरण के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित दावे निराधार हैं।''

## फ्रांस के राष्ट्रपति ने स्वयंसेवकों के लिए नयी स्वैच्छिक सैन्य सेवा की घोषणा की

**पेरिस, (एपी)** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने यूरोपीय देशों के लिए रूस की ओर से बढ़ते खतरे को देखते हुए 18-19 साल के स्वयंसेवकों के लिए नयी सैन्य सेवा की घोषणा की, जो अगले साल से शुरू होगी। मैक्रों ने फ्रैंच आल्प्स में स्थित वर्सेस सैन्य अड्डे पर अपने भाषण में कहा कि युवा स्वयंसेवक फ्रांस की मुख्यभूमि और विदेशी क्षेत्रों में 10 महीने के लिए सैन्य सेवाएं देंगे।

उन्होंने कहा, "एक नयी राष्ट्रीय सैन्य सेवा धीरे-धीरे शुरू होने जा रही है, यह अगली गर्मी से शुरू होगी। इस अनिश्चित दुनिया में, जहां सत्ता कानून पर हावी है और युद्ध एक सतत वास्तविकता है, हमारे राष्ट्र को डरने, घबराने या विभाजित होने की कोई जरूरत नहीं है।"

मैक्रों ने कहा कि गर्मी के दौरान तीन हजार युवाओं की भर्ती के साथ यह कार्यक्रम शुरू होगा और फिर 2030 तक हर साल बढ़ते हुए यह संख्या 10 हजार तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि फ्रांस का लक्ष्य इस संख्या को 2035 तक 50 हजार तक ले जाना है। इस साल की शुरुआत में मैक्रों ने फ्रांसीसी युवाओं को स्वेच्छा से सैन्य सेवा में शामिल होने का एक नया विकल्प देने की मंशा जाहिर की थी। उल्लेखनीय है कि फ्रांस 1996 में अनिवार्य सैन्य भर्ती को समाप्त कर चुका है।

मैक्रों ने कहा है कि यूक्रेन में रूस के युद्ध ने यूरोपीय महाद्वीप को बड़े जोखिम में डाल दिया है। उन्होंने मंगलवार को रेडियो आरटीएल से कहा, ''रूस को जिस दिन आपने कमजोरी का संकेत दिया, वह आगे बढ़ता चला जाएगा। राष्ट्रपति ने अगले दो वर्षों में सैन्य खर्च में 6.5 अरब यूरो की अतिरिक्त वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य 2027 तक वार्षिक रक्षा खर्च को बढ़ाकर 64 अरब यूरो करना है, जो 2017 के खर्च का दोगुना होगा।

### यह व्यवहार गिलहरियों से लेकर कौवों और भेड़ियों तक, सभी जानवरों में व्यापक रूप से पाया जाता है

# कुत्ते खाना क्या किसी आने वाली प्रलय की आशंका में छुपाते हैं?

**मेलबर्न, (द कन्वरसेशन)** क्या आपने कभी किसी कुत्ते को कंबल के नीचे, सोफे के पीछे, या घर के पिछले हिस्से में खोदे गए गड्ढे में अपना पसंदीदा खाना छुपाते हुए देखा है? आपको लग सकता है कि वे किसी ऐसे व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं, जो प्रलय आने की आशंका से डरा हुआ हो, लेकिन कुत्ते आसन्न आपदा की चिंता में अपना खाना जमा नहीं कर रहे हैं। वे यह बता रहे हैं कि कैसे उनका विकासवादी अतीत आज भी आधुनिक व्यवहारों को आकार दे रहा है। यह दूरदर्शी रणनीति हमें एक अनोखी झलक देती है कि हम उन्हें अच्छी तरह जीने में कैसे मदद कर सकते हैं। कुत्ते भोजन, सामान और खिलौने क्यों छिपाते हैं : आपने 'कैशिंग' के बारे में सुना होगा, जिसका वैज्ञानिक अर्थ है भोजन को बाद में इस्तेमाल के लिए गुप्त स्थानों पर संग्रहित करना। यह व्यवहार गिलहरियों से लेकर कौवों और भेड़ियों तक, सभी जानवरों में व्यापक रूप से पाया जाता है।



*वर्तमान जीवन में कुत्तों का यह व्यवहार एक सहज प्रक्रिया है। यह उनके पूर्वजों के प्रतिस्पर्धी आहार तौर-तरीके को दर्शाता है, जो शिकार करके अपना जीवन जीते थे, लेकिन उनके लिए यह तय नहीं होता था कि उन्हें भोजन प्राप्त होगा या नहीं। ऐसा प्रतीत होता है कि कुत्ते गंध और अवलोकन संबंधी स्मृति पर निर्भर करते हैं ताकि यह याद रख सकें कि उन्होंने विशेष वस्तुओं, जैसे भोजन, सामान और खिलौनों को कहां छिपाकर रखा है।*

'कैशिंग' व्यवहार सामान्यतः दो श्रेणियों में से आता है। इनमें से एक को 'लार्डर होर्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसे एक गिलहरी के उदाहरण से समझा जा सकता है, जो लंबी सर्दियों के दौरान एक या दो स्थानों पर मेवे जमा करके रखती है।

दूसरे को 'स्कैटर होर्डिंग' कहते हैं। इसमें जानवर कई अलग-अलग जगहों पर अतिरिक्त भोजन का छोटा-छोटा भंडार बनाते हैं, जिससे किसी प्रतिस्पर्धी के हाथों सब कुछ गंवाने या विपरीत मौसम में भूखे रहने की संभावना कम हो जाती है। यह ज्यादातर लोमड़ियों और भेड़ियों जैसे जंगली जानवरों में देखा जाता है।

वर्तमान जीवन में कुत्तों का यह व्यवहार एक सहज प्रक्रिया है। यह उनके पूर्वजों के प्रतिस्पर्धी आहार तौर-तरीके को दर्शाता है, जो शिकार करके अपना जीवन जीते थे, लेकिन उनके लिए यह तय नहीं होता था कि उन्हें भोजन प्राप्त होगा या नहीं। ऐसा प्रतीत होता है कि कुत्ते गंध और अवलोकन संबंधी स्मृति पर निर्भर करते हैं ताकि यह याद रख सकें कि उन्होंने विशेष वस्तुओं, जैसे भोजन, सामान और खिलौनों को कहां छिपाकर रखा है।

क्या मेरा कुत्ता इस बात को लेकर चिंतित है कि मैं उसे अगले सप्ताह खाना नहीं खिलाऊंगा : जब हम आजकल के घरेलू कुत्तों को अपने खिलौनों को छिपाने के लिए उन्हें शांत स्थानों पर ले जाते हुए, खाने को ढकने के लिए कंबलों को सूंघते हुए, या घर के पिछले हिस्से में हड्डी छिपाने के लिए गड्ढा खोदते हुए देखते हैं, तो वे इस बात से चिंतित नहीं होते कि उन्हें फिर से खाना नहीं मिलेगा।

यह व्यवहार वंशानुगत जीवित रहने की एक प्रक्रिया से प्रेरित है। इसे इस बात का प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए कि उन्हें भविष्य में भूख लगने पर खाना नहीं मिलने की आशंका है।

क्या यह व्यवहार एक समस्या है : अगर आपको लगता है कि आपके घर में 'कैशिंग' एक समस्याजनक व्यवहार है, तो इसके मूल कारण पर विचार करना जरूरी है। हमारे कुत्तों का व्यवहार ही उनके हमसे संवाद करने का तरीका है, और जिस व्यवहार को हम समस्यात्मक मानते हैं, जैसे भौंकना, मिट्टी खोदना और उछलना, वह अक्सर कुत्तों का सामान्य व्यवहार होता है जो कभी-कभी हमें पसंद नहीं आता। जब हम कुत्तों को अपने घर में पालने का फैसला करते हैं, तो हमें उनके स्वाभाविक व्यवहार के लिए उपयुक्त अवसर प्रदान करने चाहिए।

## खेल एक्सप्रेस

### दूसरे स्थान पर काबिज भारत खिताब का प्रबल दावेदार है

# एफआईएच जूनियर विश्व कप: नौ साल बाद घरेलू धरती पर खिताब जीतने उतरेगा भारत

**चेन्नई, (भाषा)** टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे सफल टीम मेजबान भारत शुक्रवार को यहां पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के अपने पहले पूल मैच में चिली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके नौ साल बाद घरेलू धरती पर खिताब हासिल करने के अपने अभियान का शानदार आगाज करने की कोशिश करेगा।




दो बार के चैंपियन भारत ने पिछली बार 2016 में लखनऊ में वर्तमान में सीनियर महिला टीम के कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह टूर्नामेंट जीता था। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत को पूल बी में रखा गया है और वह इस ग्रुप से आगे बढ़ने का प्रबल दावेदार है।

भारत और चिली के अलावा, ओमान और स्विट्जरलैंड पूल बी में शामिल अन्य टीमें हैं। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत का दौरा करने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसकी जगह पर ओमान को शामिल किया गया था।

भारत ने 2001 में होबार्ट में और 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था। 46 साल पहले 1979 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में जर्मनी सबसे सफल टीम है, जिसने सात खिताब जीते हैं। भारत के अलावा अर्जेंटीना ने भी दो बार 2005 और 2021 में जूनियर विश्व कप जीता था। पाकिस्तान ने 1979 में वर्सेल्स (फ्रांस) में खेला गया पहला विश्व कप अपने नाम किया था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 1997 में मिल्टन कीन्स में भारत को हराकर यह खिताब जीता था। भारत 2023 में कुआलालंपुर में खेले गए पिछले जूनियर विश्व कप में चौथे स्थान पर रहा था।

वह कांस्य पदक के मैच में स्पेन से 1-3 से हार गया था। जर्मनी तब चैंपियन बना था। इस बार विश्व कप चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा जिसमें रिकॉर्ड 24 टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को छह ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में चार टीमों को रखा गया है जो राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे का सामना करेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम तथा दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी।

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारत खिताब का प्रबल दावेदार है। जर्मनी अंडर-21 वर्ग में दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है।

यह टूर्नामेंट दो बार के ओलंपिक पदक विजेता गोलकीपर से कोच बने पीआर श्रीजेश के लिए सबसे बड़ी परीक्षा होगी, जो भविष्य में सीनियर टीम को मार्गदर्शन देने के लिए अपनी कोचिंग योग्यता साबित करने के लिए उत्सुक होंगे। मलेशिया में सुल्तान जोहोर कप में रजत पदक जीतने के बाद भारतीय टीम अच्छी लय में है और वह घरेलू मैदान पर खेलने का भी पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

## कोच टीम को तैयार कर सकता है, पर मैदान पर प्रदर्शन खिलाड़ियों को ही करना होता है: गावस्कर

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विवादों में घिरे गौतम गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि मुख्य कोच केवल टीम को तैयार कर सकता है लेकिन मैदान पर प्रदर्शन खिलाड़ियों को ही करना होता है।

गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका से मिली 408 रन की करारी हार के बाद गंभीर की कड़ी आलोचना हो रही है क्योंकि जिससे मेहमान टीम ने दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। गंभीर के कार्यकाल में भारत को तीसरी टेस्ट श्रृंखला में हार का मुंह देखना पड़ा है। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 16 महीनों में घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड से 0-3 से, ऑस्ट्रेलिया से उसकी सरजमीं पर 1-3 से और अब घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से श्रृंखला गंवाई है। गावस्कर ने 'इंडिया टुडे' से कहा, ''वह कोच हैं। कोच टीम को तैयार कर सकता है और वह अपने अनुभव से खिलाड़ियों को बता सकता है। लेकिन मैदान में जाकर प्रदर्शन करना खिलाड़ियों का ही काम है।

''पूर्व कप्तान ने यह भी कहा कि गंभीर वही कोच हैं जिन्होंने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में जीत दिलाई लेकिन अब एक घरेलू श्रृंखला हारने के बाद आलोचक उनके खिलाफ बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अब जो लोग उनसे जवाब तलब कर रहे हैं, मेरा उनसे एक सवाल है कि जब भारत ने उनके मार्गदर्शन में चैंपियंस ट्रॉफी जीती, जब भारत ने एशिया कप जीता, तब आपने क्या किया?''

गावस्कर ने पूछा, ''जो लोग आज उनकी बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं, क्या तब आपने कहा था कि उनका अनुबंध बढ़ा दिया जाए या उन्हें वनडे और टी20 के लिए आजीवन अनुबंध दे दिया जाए? आपने तब यह नहीं कहा था। यह सिर्फ तब होता है जब टीम अच्छा नहीं करती तो आप कोच पर उंगली उठाते हैं।

गावस्कर ने इंग्लैंड के सभी प्रारूपों के कोच ब्रैंडन मैकुलम का उदाहरण देते हुए कहा कि गंभीर के सभी प्रारूपों में कोच बने रहने में कोई बुराई नहीं है।



## आईएसएसएफ और बीडब्ल्यूएफ को भारत से है राष्ट्रमंडल खेलों में वापसी की उम्मीद

नयी दिल्ली, (भाषा) निशानेबाजी और बैडमिंटन की विश्व संचालन संस्था भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलने से काफी खुश हैं और उनका मानना है कि इससे इन दोनों खेलों के अब फिर से शामिल होने का मौका बढ़ गया है जिन्हें 2026 चरण से हटा दिया गया था।

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज खेल महासंघ (आईएसएसएफ) और बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को राष्ट्रमंडल खेल आमसभा द्वारा अहमदाबाद को 2030 खेलों की मेजबानी सौंपने के सर्वसम्मत फैसले का स्वागत किया।

इन 2030 राष्ट्रमंडल खेलों में 15 से 17 खेल शामिल होंगे जो काफी अधिक हैं क्योंकि ग्लासगो में आयोजित 2026 चरण में लागत कम करने के लिए इन्हें 10 खेलों तक सीमित कर दिया गया था जिनमें निशानेबाजी और बैडमिंटन को हटा दिया गया था।

आईएसएसएफ ने कहा, ''2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत के अहमदाबाद को मंजूरी मिलना खेल के कार्यक्रम में हमारी वापसी के लिए मजबूत आधार प्रदान करता है।''

बीडब्ल्यूएफ ने भी बयान जारी कर कहा, ''भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी किए जाने से राष्ट्रमंडल खेल को दुनिया के सबसे अधिक बैडमिंटन बाजार में से एक का लाभ उठाने का मौका मिलेगा।''2030 राष्ट्रमंडल खेलों में आठ खेलों एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, तैराकी और पैरा तैराकी, टेबल टेनिस और पैरा टेबल टेनिस, लॉन बॉल्स और पैरा बॉल्स, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, कलात्मक जिम्नास्टिक्स, नेटबॉल और मुक्केबाजी की पुष्टि हुई है।

वहीं विचाराधीन खेलों में तीरंदाजी, बैडमिंटन, 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल, बीच वॉलीबॉल, टी20 क्रिकेट, साइकिलिंग, गोताखोरी, हॉकी, जूडो, लयबद्ध जिम्नास्टिक्स, रग्बी सेवंस, निशानेबाजी, स्क्वाश, ट्रायथलॉन और पैरा ट्रायथलॉन तथा कुश्ती शामिल हैं। पर कार्यक्रम को अंतिम रूप अगले वर्ष दिया जाएगा और इसमें कम से कम सात और खेल जोड़े जाएंगे। आईएसएसएफ ने कहा, ''हमें भारत के निशानेबाजी खेल के प्रति जुनून से प्रोत्साहन मिलता है। 2024 राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में रिकॉर्ड 13,522 निशानेबाजों ने भाग लिया, जो इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।''

वहीं बीडबल्यूएफ ने बैडमिंटन के राष्ट्रमंडल खेलों से 'लंबे और गौरवशाली इतिहास' का हवाला देते हुए अपनी बात रखते हुए कहा, ''बैडमिंटन भारत का प्रमुख रैकेट खेल है और लोकप्रियता में (क्रिकेट और फुटबॉल के बाद) तीसरे स्थान पर है। भारत की 43 प्रतिशत जनसंख्या बैडमिंटन को समर्थन देती है और 32 प्रतिशत लोग सक्रिय रूप से इसमें भाग लेते हैं।''

पेरिस 2024 में बैडमिंटन भारत में सबसे अधिक देखा जाने वाला खेल था जिसने 21 प्रतिशत दर्शकों को आकर्षित किया। भारत पैरा बैडमिंटन में भी वैश्विक रूप से शीर्ष पर है जिससे बैडमिंटन और पैरा बैडमिंटन को खेल कार्यक्रम में शामिल करने का उपयुक्त अवसर मिलता है।''

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में दोनों मैच में करारी पराजय झेलने के बाद

# सीनियर खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में मिल सकती है जगह

**नयी दिल्ली, (भाषा)** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में दोनों मैच में करारी पराजय झेलने के बाद घरेलू स्तर के कुछ विशेषज्ञ खिलाड़ियों को भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिल सकती है क्योंकि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर जैसे महत्वपूर्ण स्थान के प्रति अपने रवैये में बदलाव करने के लिए तैयार है। पिछले तीन दशक में राहुल द्रविड़ और चेतेश्वर पुजारा जैसे बल्लेबाजों ने नंबर तीन पर अपनी भूमिका बखूबी निभाई थी लेकिन अब यह स्थान दांव पर लगा है।

करुण नायर इंग्लैंड में चार टेस्ट मैच खेलने के बावजूद प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे जबकि बी साई सुदर्शन ने 11 पारियों में 27 की औसत से यह दिखा दिया है कि वह अभी भी प्रगति की राह पर हैं।

सुदर्शन के साथ तकनीक से जुड़ी कुछ समस्याएं हैं विशेष कर उपमहाद्वीप की पिचों पर स्पिन गेंदबाजों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो गई है। उन्हें टेस्ट मैचों के लिए तैयार होने के लिए घरेलू क्रिकेट और भारत ए के साथ समय बिताने की जरूरत है।



टेस्ट क्रिकेट ऐसी जगह नहीं है जहां प्राथमिक स्तर की छोटी-छोटी गलतियों को सुधारा जाए और यह खिलाड़ी लगातार गलतियों को दोहरा रहे हैं जिसके कारण बदलाव जरूरी हो गया है।इस बात की प्रबल संभावना है कि चयन समिति अब बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए घरेलू स्तर के कुछ सीनियर खिलाड़ियों के नाम पर गंभीरता से विचार करेगी। सरफराज खान और अभिमन्यु ईश्वरन के लिए दरवाजे लगभग बंद हो चुके हैं, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अनुभवी तीन खिलाड़ी रुतुराज गायकवाड़, रजत पाटीदार और रिंकू सिंह टीम प्रबंधन का ध्यान अपनी तरफ खींच सकते हैं।

लाल गेंद के नए खिलाड़ियों में स्मरण रविचंद्रन (प्रथम श्रेणी औसत 78) और यश राठौड़ (पिछले रणजी सत्र में 960 रन) ने मध्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है।

पीटीआई ने इसके बारे में जानकारी रखने वाले एक पूर्व चयनकर्ता से जब इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, ''लोग अभिमन्यु और सरफराज को नहीं चुनने के लिए अजीत और उनकी समिति को दोषी ठहरा सकते हैं, लेकिन क्या मुख्य कोच (गौतम गंभीर) और नए कप्तान (शुभमन गिल) को उनकी क्षमता पर भरोसा है।

अगर नहीं, तो अकेले अजीत क्या करेंगे।'' लेकिन संभवतः अब समय आ गया है कि एक बार फिर से रणनीति बनाई जाए और ऑलराउंडरों के बजाय विशेषज्ञ खिलाड़ियों पर भरोसा किया जाए।

उन्होंने कहा, ''एक बात स्पष्ट कर दूं कि कपिल देव अंतिम विश्वस्तरीय ऑलराउंडर थे और टेस्ट स्तर पर अंतिम सक्षम ऑलराउंडर मनोज प्रभाकर थे जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में आगाज कर सकते थे। जहां तक हार्दिक पांड्या का सवाल है तो उनका शरीर उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खेलने की अनुमति नहीं दे रहा है।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन नितीश रेड्डी टुकड़ों में खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वह ज़्यादा से ज़्यादा टी20 खेल सकते हैं, वनडे नहीं और गौतम को यह बात समझने की ज़रूरत है।''

नई दिल्ली, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



विश्व मानवता ने इस महागाथा का श्रवण व प्रेरणा प्राप्त कर भविष्य को तय किया है। उन्होंने कहा कि भारत के अंदर आज भी पवित्र उपासना विधियां श्रद्धाभाव के साथ कार्य करते हुए इस व्यवस्था को बढ़ा रही हैं।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह लखनऊ के सेंट्रम होटल में "विकसित उत्तर प्रदेश @ 2027" विषय पर आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हुआ।




## असम विधानसभा ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित किया



**गुवाहाटी**, (भाषा) असम विधानसभा ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक बृहस्पतिवार को पारित किया, जिसके तहत इसे अपराध माना जाएगा और कुछ अपवादों को छोड़कर इसके लिए अधिकतम 10 वर्ष की कैद हो सकती है।

विधेयक में अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी के लोगों और छठी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को कानून के दायरे से बाहर रखा गया है।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अगर वह अगले साल विधानसभा चुनावों के बाद फिर से मुख्यमंत्री बनते हैं तो असम में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी।असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025 के पारित किए जाने के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि यह कानून ''धर्म से परे है और इस्लाम के खिलाफ नहीं है जैसा कि एक वर्ग द्वारा माना जा रहा है''। शर्मा के पास गृह और राजनीतिक विभागों का भी प्रभार है। उन्होंने कहा, ''हिंदू भी बहुविवाह से मुक्त नहीं हैं। यह हमारी भी जिम्मेदारी है। इस विधेयक के दायरे में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सभी अन्य समाजों के लोग आएंगे।''

मुख्यमंत्री द्वारा सभी विपक्षी सदस्यों से अपने-अपने संशोधन वापस लेने का अनुरोध किया गया ताकि सदन में यह संदेश जाए कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया है। शर्मा के अनुरोध के बावजूद ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने अपने संशोधन सुझाव आगे बढ़ाए, जिन्हें ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। माकपा विधायक मनोरंजन तालुकदार ने मांग की कि विधेयक को विधानसभा की प्रवर समिति को भेजा जाए ताकि इसके प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा हो सके। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में बात करते हुए शर्मा ने कहा कि अगर वह अगले साल असम विधानसभा चुनावों के बाद फिर से मुख्यमंत्री बनते हैं तो इसे असम में लागू किया जाएगा।

असम में विधानसभा चुनाव 2026 में मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। शर्मा ने कहा, ''मैं सदन को आश्वस्त करता हूं कि यदि मैं मुख्यमंत्री के रूप में वापस आता हूं तो नयी सरकार के पहले सत्र में यूसीसी विधेयक पेश किया जाएगा और उसे लागू किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि बहुविवाह पर प्रतिबंध यूसीसी के कार्यान्वयन की दिशा में एक कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''धोखाधड़ी से किये जाने वाले विवाह के खिलाफ फरवरी के अंत तक सत्र के दौरान एक विधेयक लाया जाएगा। इसलिए, हमने 'लव-जिहाद' के बारे में जो कुछ भी कहा है, हम उसे पूरा करेंगे।'' 'लव जिहाद' शब्द का प्रयोग दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा यह दावा करने के लिए किया जाता है कि मुस्लिम पुरुष अन्य धर्मों की महिलाओं को बहकाते हैं और उनसे विवाह कर उन्हें इस्लाम में परिवर्तित कर देते हैं उन्होंने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि सरकार 'लव जिहाद' पर प्रतिबंध लगाएगी और इसके खिलाफ एक विधेयक पेश करेगी।

विधेयक में 'बहुविवाह' को किसी अन्य व्यक्ति से विवाह करने या विवाहित होने के कृत्य के रूप में परिभाषित किया गया है, जबकि दोनों पक्षों में से किसी एक का पहले से ही विवाह हो चुका हो या उसका कोई जीवित जीवनसाथी हो, जिससे उसका कानूनी रूप से तलाक न हुआ हो, या उनका विवाह कानूनी रूप से रद्द या शून्य घोषित न हुआ हो। इसमें प्रस्ताव किया गया कि बहुविवाह करने वाले किसी भी व्यक्ति को कानून के अनुसार सात वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दंडनीय अपराध का दोषी माना जाएगा। इसमें कहा गया है कि जो कोई भी मौजूदा शादी को छिपाकर दूसरी शादी करता है, उसे 10 साल की जेल और जुर्माना भुगतना होगा। प्रस्तावित अधिनियम के तहत दोबारा अपराध करने वाले को हर बार अपराध करने पर निर्धारित सजा से दोगुनी सजा दी जाएगी, ऐसा विधेयक में प्रस्तावित है।

## दिल्ली में मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गिरोह का 'शूटर' गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने हिमांशु भाऊ गिरोह के 25 हजार रुपये के इनामी 'शूटर' को बृहस्पतिवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि शूटर की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी अंकित (25) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस दल सुबह करीब आठ बजकर पांच मिनट पर अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 पर साई बाबा मंदिर के पास अंकित को गिरफ्तार करने पहुंचा तो उसने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं।

द्वारका के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंकित सिंह ने बताया, ''जब पुलिस दल उसे पकड़ने के लिए आगे बढ़ा तो अंकित ने पुलिसकर्मियों पर तीन बार गोली चलाई। एक गोली हेड कांस्टेबल कुलदीप की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, और वे बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में कुलदीप ने दो और एक महिला हेड कांस्टेबल ने एक गोली चलाई। इनमें से एक गोली अंकित के दाहिने पैर में लगी।''

## वरिष्ठ साहित्यकार, उद्योगति बी एल गौड़ गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में हिंदी भाषा में कविता पाठ करेंगे

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**नईदिल्ली**। भारतीय साहित्य जगत के लिए गर्व का विषय है कि 90 वर्षीय वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक एवं समाजसेवी डॉ. बी.एल. गौड़ का चयन ऑल इंडिया रेडिया द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े सर्वभाषा कवि सम्मेलन 2026 के 70वें संस्करण में हिंदी भाषा के कवि के रूप में किया गया है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित होने वाला यह मंच साहित्य जगत में अत्यंत प्रतिष्ठित माना जाता है।

डॉ. गौड़, भारत सरकार के उत्तर रेलवे में इंजीनियरिंग विभाग में 31 वर्ष सेवा देने के बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर पूर्णतः साहित्य और समाजसेवा को समर्पित हैं। वे अब तक लगभग दो दर्जन पुस्तकों का लेखन कर चुके हैं तथा 20 देशों की साहित्यिक यात्रा कर चुके हैं। साहित्य और समाज के प्रति निरंतर सक्रिय भूमिका के कारण वे हिंदी अकादमी दिल्ली की कार्यकारिणी, संस्कृति मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति तथा शिक्षा मंत्रालय की केंद्रीय अनुदान समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि डॉ. गौड़ को अब तक साहित्य रत्न, साहित्य भूषण, विद्यासागर, डी. लिट., लाइफटाइम अचीवमेंट सहित अनेक राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2005 से वे 'द गॉड्स टाइम्स' नामक हिंदी/अंग्रेजी पाक्षिक पत्र का सफल प्रकाशन भी कर रहे हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति (अमेरिका) के न्यासी एवं समाजसेवी डॉ. इंद्रजीत शर्मा, धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख डॉ. सौरभ पांडे, साहित्यकार डॉ. प्रेम भारद्वाज 'ज्ञानभिक्षु', डॉ. वीणा मित्तल, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक पत्रकार, विचारक डॉ. शंभू पंवार, साहित्यकार एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत', कला भारती फाउंडेशन की प्रमुख ममता सोनी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा, शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. पुष्पा जोशी, कुमार सुबोध सहित अनेक साहित्यकारों, संस्थाओं और साहित्यप्रेमियों ने उन्हें हृदय से बधाइयां दी हैं

## झारखंड सरकार के एक साल पूरा होने पर आज 10,000 युवाओं को नौकरी मिलेगी: मुख्यमंत्री सोरेन



**रामगढ़**, (भाषा) झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 28 नवंबर को 10,000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

सोरेन ने पिछले साल 28 नवंबर को झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इससे पहले हुए विधानसभा चुनाव में सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 में से 56 सीट पर जीत हासिल की थी।

सोरेन ने रामगढ़ जिले के लुकैयाटांड़ मैदान में अपने दादा सोबरन सोरेन की 68वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''शुक्रवार को हमारी सरकार का एक वर्ष पूरा हो रहा है। इस मौके पर हम 10,000 से ज्यादा युवाओं को रोजगार देंगे।''

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में स्वरोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''सरकार 2050 तक झारखंड को समृद्ध तथा दिल्ली, मुंबई एवं गुजरात से भी बेहतर बनाने के विजन पर काम कर रही है।''

सोरेन ने लोगों से एकजुट होकर राज्य के समग्र विकास में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''मैं कहता रहा हूं कि हमारी सरकार रांची से नहीं, बल्कि गांवों से काम करती है। हमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है और किसानों को समृद्ध बनाना है।''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक होना चाहिए ताकि वे उनका लाभ उठा सकें। हमें बिचौलियों के लिए दरवाजे बंद करने होंगे और इसके लिए मुझे लोगों के समर्थन की जरूरत है।''

मुख्यमंत्री ने लुकैयाटांड़ स्थित शहीद स्थल का दौरा किया, जहां उनके दादा सोबरन सोरेन की तथाकथित साहूकारों ने हत्या कर दी थी और उन्होंने सोबरन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

सोरेन ने रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत अपने पैतृक गांव नेमरा में संवाददाताओं से कहा कि उनकी सरकार 2050 तक राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए रोडमैप तैयार कर रही है।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार 14वें दिन रही 'बेहद खराब', एक्यूआई बढ़कर 377 हुआ



**नयी दिल्ली**, (भाषा) दिल्ली की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को लगातार 14वें दिन 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 377 दर्ज किया गया और आने वाले सप्ताह में कोई राहत नहीं मिलने का अनुमान जताया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी में 24 घंटे का औसत एक्यूआई बृहस्पतिवार को 377 रहा, जबकि बुधवार को यह 327, मंगलवार को 352 और सोमवार को 382 था। इस तरह यह लगातार 14वें दिन 'बेहद खराब' श्रेणी में रहा। दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले सप्ताह में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रह सकती है।

इस बीच, दिल्ली के निगरानी केंद्रों से मिले प्रदूषण संबंधी आंकड़ों को प्रदर्शित करने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 'समीर' ऐप पर बुधवार की तरह बृहस्पतिवार शाम पांच बजे तक आंकड़ों की ताजा जानकारी नहीं दी गई।

सीपीसीबी मानकों के अनुसार 0 से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 'संतोषजनक', 100 से 200 'मध्यम', 201 से 300 'खराब', 301 से 400 'बहुत खराब' और 401 से 500 'गंभीर' माना जाता है।

पुणे में स्थित भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान ने अनुमान जताया है कि बृहस्पतिवार को दिल्ली के प्रदूषण में वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन का योगदान 19.5 प्रतिशत रहा, इसके बाद पड़ोसी गाजियाबाद में 8.2 प्रतिशत और बागपत में 7.3 प्रतिशत है। पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण का स्तर 0.7 प्रतिशत है।

शुक्रवार के लिए, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन का योगदान 18.7 प्रतिशत और पराली जलाने का योगदान 1.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 24 और नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है।

इस बीच, दिल्ली मेट्रो ने धूल से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए अपने निर्माण स्थलों पर 82 'एंटी-स्मॉग गन' तैनात की हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह इन मशीनों को तैनात करने वाली इस क्षेत्र की पहली प्रमुख निर्माण एजेंसियों में से एक है और अब नियम बना दिया है कि उनके सिविल ठेकेदारों के साथ होने वाले हर समझौतों में इन मशीनों का इस्तेमाल अनिवार्य होगा।

डीएमआरसी ने कहा, "दिल्ली-एनसीआर में 'एंटी-स्मॉग गन' के इस्तेमाल में अग्रणी, डीएमआरसी ने अनिवार्य किए जाने से पहले ही इन्हें तैनात कर दिया था।" इस सप्ताह की शुरुआत में, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने महरौली-बदरपुर रोड पर स्थित कार्यस्थलों पर अनिवार्य प्रदूषण-रोधी नियमों का पालन न करने पर डीएमआरसी के खिलाफ 3.8 लाख रुपये का चालान जारी किया था।

## भारत की परंपरा संतों, ऋषि-मुनियों व महापुरुषों के त्याग-बलिदान की महागाथा: योगी



**गाजियाबाद**, (भाषा) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की परंपरा संतों, ऋषि-मुनियों एवं महापुरुषों के त्याग-बलिदान की महागाथा है। युगों-युगों से यह महागाथा विश्व मानवता के लिए प्रेरणा रही है।

योगी ने कहा कि विश्व मानवता ने इस महागाथा का श्रवण व प्रेरणा प्राप्त कर भविष्य को तय किया है। उन्होंने कहा कि भारत के अंदर आज भी पवित्र उपासना विधियां श्रद्धाभाव के साथ कार्य करते हुए इस व्यवस्था को बढ़ा रही हैं।

एक बयान के मुताबिक योगी बृहस्पतिवार को मुरादनगर स्थित तरुण सागरम तीर्थ पहुंचे।

उन्होंने यहां पंचकल्याणक महामहोत्सव के अंतर्गत 100 दिन में निर्मित गुफा मंदिर का उद्घाटन किया। योगी आदित्यनाथ ने भगवान पार्श्वनाथ जी व संत तरुण सागर जी महाराज का स्मरण किया।

## अनगिनत यादें रह गईं: धर्मेंद्र के निधन के बाद हेमा मालिनी की पहली पोस्ट



**मुंबई**, (भाषा) प्रसिद्ध अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने बृहस्पतिवार को अपने दिवंगत पति धर्मेंद्र को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र उनके लिए 'सब कुछ' थे- एक साथी, मार्गदर्शक और मित्र, जिनके निधन से कभी नहीं भर पाने वाला शून्य पैदा हो गया है।

सोमवार को धर्मेंद्र (89) के निधन के बाद अपनी पहली पोस्ट में हेमा मालिनी (77) ने उन्हें एक प्यार करने वाले पति, अपनी बेटियों ईशा और अहाना के स्नेही पिता और एक ऐसे गर्मजोशी भरे व्यक्ति के रूप में याद किया, जो पूरे परिवार को प्रिय थे। पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''धर्म जी मेरे लिए बहुत कुछ थे। प्यार करने वाले पति, हमारी दो बेटियों- ईशा और अहाना के स्नेही पिता, मित्र, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि, जरूरत के समय मेरी मदद करने वाले- वास्तव में, वह मेरे लिए सब कुछ थे! वह अच्छे और बुरे समय में हमेशा मेरे साथ रहे।'' हेमा मालिनी ने लिखा, ''उन्होंने अपने सहज, मिलनसार व्यवहार से मेरे परिवार के सभी सदस्यों का स्नेह जीता और हमेशा उन सबमें अपनापन और रुचि दिखाई।''

धर्मेंद्र के साथ 'शोले', 'सीता और गीता' तथा 'प्रतिज्ञा' जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री ने कहा, ''मेरे निजी नुकसान को बयां नहीं किया जा सकता और उनके जाने से पैदा हुआ शून्य जीवनभर बना रहेगा।' उन्होंने कहा, ''वर्षों तक साथ रहने के बाद, मेरे पास कई खास पलों को फिर से जीने के लिए उनकी अनगिनत यादें रह गई हैं...''। हेमा मालिनी ने कहा कि अपार लोकप्रियता के बावजूद उनकी प्रतिभा और विनम्रता ने उन्हें ''महान हस्तियों के बीच एक अद्वितीय प्रतीक'' के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा, ''फिल्म उद्योग में उनकी चिरस्थायी प्रसिद्धि और उपलब्धियां हमेशा कायम रहेंगी।''धर्मेंद्र यदि जीवित होते तो आगामी आठ दिसंबर को 90 वर्ष के हो जाते। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। परिवार ने उनके निधन के बारे में अंत तक चुप्पी साधे रखी और मुंबई के विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## हरियाणा में बास्केटबॉल कोर्ट में हुए हादसों में दो किशोरों की मौत, विपक्ष ने सरकार को घेरा




**चंडीगढ़**, (भाषा) हरियाणा के रोहतक और बहादुरगढ़ में बास्केटबॉल कोर्ट में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में बास्केटबॉल 'हूप' का लोहे का खंभा गिरने से राष्ट्रीय स्तर के एक खिलाड़ी और एक अन्य किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

विपक्षी दलों ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा और राज्य में खेल ढांचा चरमराने का आरोप लगाया। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संवाददाताओं से कहा कि वह पहले मामलों से जुड़ी सभी जानकारियां लेंगे, तब कोई टिप्पणी करेंगे।

रोहतक में राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी (16) की कोर्ट में अभ्यास के दौरान छाती पर बॉस्केटबॉल हूप का लोहे का खंभा गिर जाने से मौत हो गई, वहीं पड़ोसी झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में 15 साल का अमन ऐसी ही एक घटना में घायल हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। ुलिस ने बताया कि मंगलवार को रोहतक में घटी यह दुखद घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस फुटेज में सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग ले चुके हार्दिक को हूप तक पहुंचने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है। हूप से लटकने के ऐसे ही एक प्रयास में उसके ऊपर खंभा गिर गया।

लखन माजरा गांव में कोर्ट के पास खेल रहे अन्य खिलाड़ियों ने हार्दिक को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मृत्यु हो गई। स्थानीय थाना प्रभारी समरजीत सिंह ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लोहे के खंभे के गिरने से जुड़ी परिस्थितियों और उपकरणों की स्थिति की जांच की जा रही है।

बहादुरगढ़ की घटना रविवार की है, जब अमन एक सरकारी विद्यालय के परिसर में बास्केटबॉल कोर्ट में अभ्यास के लिए गया था। थाना प्रभारी (शहर) दिनकर यादव ने बताया कि उसके ऊपर लोहे का खंभा गिरने से वह बुरी तरह घायल हो गया और सोमवार रात उपचार के दौरान पीजीआईएमएस रोहतक में उसकी मृत्यु हो गई।

हार्दिक के रिश्ते के भाई खड़क सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि न केवल परिवार ने, बल्कि देश ने अधिकारियों की लापरवाही की वजह से एक उभरते बास्केटबॉल खिलाड़ी को खो दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि लोहे के खंभे की हालत के बारे में कई बार अधिकारियों को बताया गया था जिस पर जंग लगी थी, लेकिन उसे सही करने के लिए कुछ नहीं किया गया।

अपने भाई की मौत के लिए खेल विभाग और सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए खड़क सिंह ने कहा कि हार्दिक ने कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं छोड़ी और उसका सपना एक दिन भारतीय बास्केटबॉल की टीम का नेतृत्व करना था। उन्होंने कहा, ''हार्दिक दिन में दो बार प्रशिक्षण लेता था। मंगलवार सुबह उसने जैसे ही हूप छूने की कोशिश की, खंभा उखड़ गया और उसकी छाती पर गिर गया।''

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा, ''हरियाणा ओलंपिक संघ खेल और शिक्षा विभागों को खेल उपकरणों, बुनियादी ढांचे का निरीक्षण करने और क्षतिग्रस्त उपकरणों को तुरंत बदलने के लिए पत्र लिखेगा।'' हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने अंबाला में पत्रकारों को बताया कि इस दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना की उच्च-स्तरीय जांच की जाएगी और जो भी ज़िम्मेदार पाया जाएगा, उसके ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाएगी।

हार्दिक की मौत के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''हमने ज़िला खेल अधिकारी को निलंबित कर दिया है।''

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569 । प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।